डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

मंगलवार

04 जून 2024

आपकी आवाज




मतगणना स्थल पर सक्रिय रहें कार्यकर्ता, सुनिश्चित करें कि जनता का मत सुरक्षित रहे: लालू

2



# ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी भीषण आग, बाल-बाल बची यात्रियों की जान

- दिल्ली के ओखला-तुगलकाबाद ब्लॉक सेक्शन के बीच ट्रेन में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई अपनी जान
- नई दिल्ली से झांसी की ओर जा रही थी ट्रेन, 10 दमकल गाड़ियां ने आग पर पाया काबू

**एजेंसी/नई दिल्ली**

नई दिल्ली के ओखला रेलवे स्टेशन के पास ताज एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि 12280 ताज एक्सप्रेस ट्रेन ओखला-तुगलकाबाद ब्लॉक सेक्शन पहुंची तभी तीन डिब्बों में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर ट्रेन के बाकी हिस्सों को लगेज कम्पार्टमेंट से अलग कर दिया गया। डीआरएम दिल्ली और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार आग फैलने से पहले ही कोच में सवार यात्री कूद गए। कुछ ही मिनट में ट्रेन के तीन कोच में आग फैल गई। इससे दो कोच पूरी तरह से जल गए, जबकि तीसरे कोच का 10 फीसदी हिस्सा जला। घटना की सूचना के तुरंत बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा की तरफ से 10 दमकल की गाड़ियां से आग पर काबू किया गया।

वहीं रेलवे के डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) सुखविंदर सिंह समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कुर्सीयान के कोच नंबर डी 3, डी 4, डी 2 में आग लगी। आग से कोच नंबर डी 3 और डी 4 पूरी तरह से जल गए जबकि डी 2 का 10 फीसदी हिस्सा जला है।

### शाम 4 बजकर 24 मिनट पर आग लगने की मिली सूचना



### दो कोच पूरी तरह जले, तीसरे का 10 फीसदी हिस्सा जला



### झांसी रेल मंडल ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

जानकारी के अनुसार ट्रेन अपने प्रस्थान के समय से 8 घंटे 40 मिनट से अधिक देरी से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से झांसी के लिए चली थी। यह ट्रेन सुबह 6:55 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से झांसी के लिए चलनी थी लेकिन ट्रेन समय से नहीं पहुंची। इस वजह से इस ट्रेन का संचालन वापसी में दोपहर 3:28 बजे शुरू हुआ। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि आग किस वजह से लगी इसकी जांच शुरू कर दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार कुछ कहा जा सकता है। झांसी रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर हेल्प डेस्क लगाई गई है। झांसी स्टेशन का हेल्पलाइन नंबर 0510-244078, 0510-2440790 है। वहीं, दतिया स्टेशन का हेल्पडेस्क नंबर 9752448940 और डबरा का 9752417783 जारी किया गया है।

## बिहार में अपराधी बेलगाम, लूट की घटनाओं से सरकार को दी चुनौती

# बिहटा के उत्कर्ष बैंक में 14 लाख, छपरा के सेंट्रल बैंक में 10 लाख रुपए की लूट

- नकाबपोश हथियार बंद अपराधियों ने बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया लूट की घटना को अंजाम
- चुनाव खत्म होते ही बिहार के दो जिलों में हुई लूट की दो बड़ी घटनाओं ने प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े किये सवाल

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के गोखुलपुर के समीप उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में सोमवार को 14 लाख रुपये की लूट हो गई। दिनदहाड़े पांच की संख्या में आए नकाबपोश हथियार बंद अपराधियों ने बैंक में घुसकर कर्मी और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया और फिर लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद सभी लुटेरे आराम से फरार हो गए। लूट की सूचना मिलने के बाद मौके पर पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बताया जाता है कि हर दिन की तरह सोमवार की सुबह में भी बैंक खुल गया था। सामान्य तरीके से काम चल रहा था। इसी दौरान करीब पोने 11 बजे आधा दर्जन अपराधियों ने बैंक में घुसकर सबसे पहले बैंक के गार्ड को हथियार का भय दिखाया। उसके बाद बैंक में मौजूद सभी लोगों को बाथरूम में हथियार का भय दिखाकर बंद कर दिया। स्टाफ से लॉकर रूम की चाबी छीन ली और घटना को अंजाम दिया। बैंक मैनेजर राजेश कुमार ने बताया कि रोज की तरह करीब 7 बजे बैंक खुल गया था। बैंक के निजी काम से वो बाहर निकल गए थे। करीब साढ़े ग्यारह बजे फोन से सूचना मिली की बैंक में लूट हो गई है। बताया गया कि करीब आधा दर्जन की संख्या में हथियार बंद अपराधी मुंह पर गमछा और मास्क लगाए हुए अचानक बैंक में घुस आए। इसके साथ ही पहले गार्ड को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। जब तक अन्य कर्मी कुछ समझ पाते तभी सभी अपराधियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए सभी स्टाफ और कई महिला समेत अन्य ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। चाबी छीनकर करीब 10 मिनट में बैंक की तिजोरी से 14 लाख रुपये से अधिक लेकर फरार हो गए।

### बिहटा थाना क्षेत्र के गोखुलपुर के समीप हुई घटना



### करीब एक माह पहले ही गोखुलपुर के पास शिफ्ट हुआ था बैंक

घटना की सूचना मिलने के बाद दानापुर डीएसपी पंकज मिश्रा मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। बताया जाता है कि करीब एक माह पूर्व दूसरे जगह से गोखुलपुर के पास शिफ्ट किया गया था। कुछ निर्माण कार्य भी चल रहा था। बैंक के बाहर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाया था। जानकारी के अनुसार इस बैंक में बिहटा समेत अन्य दूसरी जगहों से लोग पैसा जमा और निकासी करने पहुंचते हैं। शनिवार और रविवार होने कारण कलेक्शन का सारा पैसा तिजोरी में रखा गया था। घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी पंकज कुमार ने बताया कि बैंक में लगभग 14 लाख की लूट हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधियों की पहचान करने में जुटे हैं। डीएसपी ने कहा कि आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छपरा में 10 हथियारबंद अपराधियों ने बैंक के कैशियर को कब्जे में लेकर की लूटपाट

**छपरा।** पटना में बैंक में 14 लाख की लूट की घटना के बाद अब सारण जिले में भी बैंक में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। यहां अमनौर थाना क्षेत्र के अपहर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में सोमवार को 10 हथियारबंद अपराधियों द्वारा लूटपाट की गई है। इस दौरान अपराधियों ने बैंक के कैशियर को अपने कब्जे में कर इस घटना को अंजाम दिया। उसके बाद सभी अपराधी आराम से कैश लूट करके चलते बने। लोगों ने बताया कि 10-12 की संख्या में अपराधी चार पांच बाइक से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपहर शाखा में पहुंचे। अपराधियों के द्वारा ग्राहकों को हथियार के बल पर एक साइड किया इसके साथ ही बैंक के कैशियर को अपने कब्जे में लेकर रुपयों की लूट की और सभी आराम से वहां से निकल गए। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर भेलदी, अमनौर और अन्य निकटवर्ती थानों की पुलिस और मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान भी घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की सूचना प्रकार बैंक के वरीय अधिकारी तथा पुलिस और प्रशासन के बढ़िया अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। बैंक कर्मियों के बयान के आधार पर अपराधियों के हुलिया के अनुसार उनकी गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है।

## लोकसभा चुनाव: किसके सिर पर सजेगा ताज, किसकी होगी हार, फैसला आज

- चुनाव आयोग सुबह 8 बजे से करेगा वोटों की गिनती सबसे पहले पोस्टल बैलेट की होगी गिनती, फिर गिने जाएंगे ईवीएम के वोट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 अंजाम तक पहुंचने वाला है। मंगलवार को वोटों की गिनती से पहले तैयारियां पूरी हो गई हैं। 80 दिन की प्रक्रिया के बाद 51 पार्टियों के 8360 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। 7 चरणों में 543 सीटों पर हुए मतदान के बाद लोकसभा चुनाव के नतीजे आ रहे हैं। इसके साथ ही साफ हो जाएगा कि देश के सिंहासन पर कौन काबिज होगा। एक तरफ एनडीए है तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन, हालांकि एग्जिट पोल्स ने एक बार फिर मोदी सरकार की वापसी का अनुमान है। चुनाव आयोग सुबह 8 बजे वोटों की गिनती शुरू करेगा। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी और उसके बाद ईवीएम के वोट गिने जाएंगे। लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव के नतीजे भी घोषित होंगे।

एग्जिट पोल्स के मुताबिक- एक बार फिर से मोदी सरकार आ रही है, लेकिन एनडीए 400 पार जाती नहीं दिख रही है। लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं और बहुमत के लिए 272 सीटें जरूरी हैं।



### आज उत्तर प्रदेश के 81 स्थानों पर होगी मतगणना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीट और 4 विधानसभा सीट के उप चुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह 8 बजे से 7 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जनपदों में कुल 81 स्थानों पर होगी। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्?देनजर मतगणना स्थल पर 93 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीएपीएफ और पीएसी की कंपनियों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों, अफवाहों के खण्डन एवं सत्यता की जानकारी कर कार्रवाई के लिए हर कमिश्नरेट/जनपद में सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये जानकारी लोकभवन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के डायरेक्टर शिशिर सिंह भी मौजूद रहे।

### सीसीटीवी से लैस किये गये मतगणना स्थल

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में बने मतगणना स्थलों की सीसीटीवी के जरिये निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर मीडिया गैलरी का भी निर्माण किया गया है। इसके प्रभारी सूचना अधिकारी होंगे, जो समय-समय पर पत्रकारों को मतगणना हाल का भ्रमण कराएंगे। डीजीपी ने बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 81 स्थानों पर 160 उपायुक्त/अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त/पुलिस उपाधीक्षक, 2248 निरीक्षक, 12883 उपनिरीक्षक, 20876 महिला आरक्षी, 50697 आरक्षी और 6149 होमगार्ड्स को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीएपीएफ की 145 और पीएसी की 102 कंपनियां तैनात की गयी हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से मतगणना केन्द्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

## ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रा. लि. के पूर्व अभियंता को उम्रकैद की सजा


**एजेंसी/नागपुर**

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत के आदेश के मुताबिक अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एमवी देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।

## 7755 करोड़ के 2000 के नोट वापस नहीं आए

**केटी न्यूज/पटना**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 2000 रुपये के नोट पिछले साल ही बंद कर दिए थे। इसके बावजूद लगभग 7755 करोड़ रुपये के 2000 रुपये के नोट उसके पास वापस नहीं आए हैं। आरबीआई के मुताबिक, 97.82 फीसदी 2000 रुपये के नोट उसके पास आ चुके हैं। बाकी के नोट अभी भी जनता के पास ही हैं। किसी ने उन्हें वापस नहीं किया है। आरबीआई ने सोमवार को बताया कि 2000 रुपये के नोट को



बंद करने का फैसला 19 मई, 2023 को लिया गया था। यह फैसला लेते वक्त लगभग 3.65 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 2000 रुपये के नोट प्रचलन में थे। लोगों को यह नोट बैंकों में जमा करने का काफी वक्त दिया गया था। इसके बावजूद 97.82 फीसदी नोट ही वापस आ पाए हैं। लगभग 7755 करोड़ रुपये के नोट वापस ही नहीं आए हैं। आरबीआई का नया आंकड़ा 31 मई, 2024 तक का है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि 2000 रुपये के नोट को बदलने या जमा करने का मौका 7 अक्टूबर, 2023 तक लोगों के पास था। वह किसी भी बैंक की ब्रांच में जाकर यह काम कर सकते थे। इसके अलावा इन नोटों को बदलने के लिए लोग रिजर्व बैंक के 19 ऑफिस में भी जा सकते थे। 9 अक्टूबर, 2023 से आरबीआई के इश्यू ऑफिस भी 2000 के नोट स्वीकार रहे हैं।

## बिहार के सीएम नीतीश कुमार के केंद्र की राजनीति में आने की चल रही अटकलें

# दिल्ली में पीएम मोदी से मिले नीतीश, बिहार में सियासत तेज

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच क्या बात हुई, इस बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा है। माना जा रहा है कि बिहार में जद (यू) की लोकप्रियता में हाल के वर्षों में कुछ गिरावट आई है। इसके बावजूद नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली ये पार्टी एक प्रमुख राजनीतिक ताकत है।



लोकसभा चुनाव के 4 जून को आने वाले नतीजे से पहले दिल्ली में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर दोनों नेताओं के बीच करीब 35 मिनट से ज्यादा देर तक बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को राज्य में हुए लोकसभा चुनाव के संभावित नतीजों के बारे में जानकारी दी है। नीतीश कुमार की पीएम मोदी से हुई इस मुलाकात को 2019 में लोकसभा चुनाव के बाद घटे घटनाक्रम के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि नीतीश कुमार स्वयं इस बार 2019 का इतिहास दोहराना नहीं चाहते। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन का हिस्सा होने और बड़ी जीत मिलने के बावजूद नीतीश कुमार केंद्र में मंत्रिमंडल के गठन को लेकर नाराज हो गए थे। भाजपा और जेडीयू दोनों ही इस बार 2019 के प्रकरण को दोहराने से बचना चाहते हैं। इसलिए यह माना जा रहा है कि शीर्ष स्तर पर हुई इस मुलाकात के दौरान बिहार और देश के राजनीतिक हालात, एग्जिट पोल के अनुमान और मंगलवार को आने वाले चुनावी नतीजों के साथ-साथ एनडीए गठबंधन में भविष्य में नीतीश कुमार की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई है। नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ भी मुलाकात होनी थी। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि व्यस्तताओं की वजह से दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की।






CMYK

# इस सप्ताह बिहार पहुंचेगा मानसून, 19 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी

♦ लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना बढ़ी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के लोगों को जल्दी भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से चला मानसून दो-तीन दिनों के अंदर बिहार पहुंच सकता है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तर बिहार के कई जिलों में हल्की से मध्य स्तर की वर्षा दर्ज की गई। इधर, सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे पटना के खगौल, फुलवारी शरीफ और नौबतपुर इलाके हल्की बूंदाबांदी हुई। ठंडी हवाओं चलने से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं दक्षिण बिहार का मौसम आमतौर पर शुष्क बना रहा। बिहार में सर्वाधिक अधिकतम तापमान औरंगाबाद में 44.7 दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान पश्चिम चंपारण के बाल्मीकि नगर में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।



**इन जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी:** मौसम विभाग ने बिहार के उत्तर पश्चिम सीवान, सारण, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, उत्तर मध्य सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, उत्तर पूर्व सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार में हल्की से मध्य स्तर की वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। इसके अलावा दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य, दक्षिण पूर्व भाग में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**इन इलाकों 24.2 एमएम तक हुई बारिश:** विगत 24 घंटे के दौरान राज्य के उत्तरी भाग में एक-दो जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज हुई है, जबकि शेष बिहार मे मौसम शुष्क बना रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य के पूर्णिया में 21.6एमएम, बाल्मीकि नगर में 15 एमएम, दरभंगा में 24.2 एमएम सुपौल में 15.2 एमएम, फारबिसगंज में 8.2 एमएम तथा अररिया 17.0 एमएम बारिश दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो बिहार के दक्षिण पश्चिम भाग में 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर एवं शेष बिहार में 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे तापमान दर्ज हुई है। दक्षिण पश्चिम मानसून तय समय से थोड़ा पहले 30 मई केरल के मुख्य भूमि पर पहुंचा था। मानसून केरल के साथ पूर्वोत्तर भारत में एक ही समय पर आया है, जो कि केरल पहुंचने के लगभग 5 दिन बाद आता है।

**अगले दो से तीन दिनों में आयेगा मानसून:** मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2 से 3 दिनों के दौरान बंगाल की खाड़ी में मानसून को आगे बढ़ाने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई है। रविवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम बांग्लादेश तक झारखंड होते हुए टर्फ रेखा जा रही थी। वह कमजोर हो गया है। आज के नवीनतम न्यूमेरिकल मॉडल के अनुसार समुद्र तल से 3.1 से 5.8 किलोमीटर ऊपर बंगाल की खाड़ी के पूर्व मध्य भाग पर चक्रवर्ती परिसंचरण बना हुआ है। इसका झुकाव ऊंचाई के साथ दक्षिण पश्चिम की ओर है। बिहार के उत्तर एवं पूर्वी इलाकों में गरज-चमक के साथ मौसमी गतिविधि होने का पूर्वानुमान है। बाकी क्षेत्रों में शुष्क मौसम रहेंगे। बादल बन सकते हैं।

## नालंदा में जेडीयू के पोलिंग एजेंट की जमीनी विवाद में पीट-पीटकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

जेडीयू के एजेंट की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने आज सुबह इस घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि चुनावी रंजिश और जमीन विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, नालंदा में जेडीयू के पोलिंग एजेंट की आज सुबह पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से इसे इतना पीटा कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान ब्रह्मदेव प्रसाद के (60) वर्षीय पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई है। चुनावी रंजिश और भूमि विवाद के चलते हत्या की इस घटना को अंजाम दिया गया है। यह मामला परबलपुर थानाक्षेत्र के माउआ गांव का बताया जा रहा है। वहीं, इस घटना को लेकर मृतक अनिल कुमार की पुत्री ने बताया कि आज सुबह उसके पिता खेत की ओर गए थे। जहां पर घात लगाए गांव के ही आधा दर्जन बदमाशों ने उन पर भाला लेकर हमला कर दिया और शरीर में जगह-जगह पर भाला भोंककर उनकी निर्मम हत्या कर दी।

### राजद सुप्रीमो ने किया दावा... सारे मनोवैज्ञानिक प्रोपेगेंडा धरे के धरे रह जाएंगे, इंडिया गठबंधन जीतेगी

# मतगणना स्थल पर सक्रिय रहें कार्यकर्ता, सुनिश्चित करें कि जनता का एक-एक मत सुरक्षित रहे: लालू

♦ लालू प्रसाद ने काउंटिंग में गड़बड़ी की आशंका जताई
♦ बोले- कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में संविधान आरक्षण बचाने के लिए दिन रात एक किया

**केटी न्यूज/पटना**



चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने वाले हैं। एक तरफ जहां एनडीए सरकार बनाने की तैयारी में है तो वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन ने भी सरकार बनाने का दावा कर रहा है। मतगणना से पहले आरजेडी चीफ लालू प्रसाद ने काउंटिंग में गड़बड़ी की आशंका जताई है और काउंटिंग को लेकर कार्यकताओं को बड़ा टास्क दे दिया है। लालू प्रसाद का कहना है कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में आपने जिस तरह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान किया इसके लिए मैं आप सभी का ह्रदय से आभारी हूं। मैं आभारी हूं इंडिया गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक कार्यकर्ता का जिसने चुनाव के दौरान भीषण गर्मी की परवाह किए बिना पूर्ण मनोयोग के साथ संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया। उन्होंने आगे लिखा, साथियों, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो मुहीम हमने शुरू की थी उसको अभी मंजिल पर पहुंचाना बाकी है, जनता ने अपना मत इंडिया गठबंधन की विजय के तौर पर दे दिया है लेकिन इस जनमत को सुरक्षित परिणाम तक पहुंचाना हमारा दायित्व है, इसलिए बिना रुके, बिना थके मतगणना स्थल पर जोश, उमंग और उत्साह के साथ सक्रिय रहें और सुनिश्चित करें कि बिहार की जनता का दिया एक-एक मत सुरक्षित रहे जिससे कि हमारा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण भी सुरक्षित रह पाए।

आरजेडी चीफ ने लिखा कि राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता होने के नाते हम सभी का यह दायित्व है कि हम जनता के मत की रक्षा कर सकें और झूठ के खिलाफ सत्य की इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचा सके। तो साथियों होशियार रहना है , चौकन्ना रहना है, एक-एक वोट की गिनती सजगता के साथ करानी है, बिहार में और देश में फिर से जनता की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चौंकाने वाले रिजल्ट देकर जा रहा है। सारे मनोवैज्ञानिक प्रोपेगेंडा धरे के धरे रह जाएंगे, जनता के साथ मिलकर हम जनता की सरकार बनाएंगे। बीजेपी ने जीत हासिल करने के लिए समाज के कई तरह की झूठ फैलाये। बीजेपी के किसी भी नेता ने विकास के मुद्दे पर बात नहीं की। बल्कि जनता को दूसरी बातों में उलझाकर रखा। एनडीए गठबंधन ने बेरोजगारी दूर करने की बात नहीं की। इससे उनकी मंशा झलक रही है।

## एग्जिट के मनोवैज्ञानिक ट्रिक में नहीं फंसेंगी जनता : मनोज झा

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को मतगणना की जाएगी। इससे पहले तमाम मीडिया एजेंसियों की तरफ से एग्जिट पोल के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। इन नतीजों के अनुसार बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से एनडीए को 30 से 35 सीटों पर आगे दिखाया जा रहा है। इसके बाद अब इस मामले में राजद की तरफ से पहली बार बड़ा दावा किया गया है। पार्टी के राज्यसभा सांसद और मुख्य प्रवक्ता मनोज झा ने दावा किया है कि बिहार में हमलोग 25 से अधिक सीटों पर जीत हासिल कर रहे हैं। राजद नेता ने कहा कि एग्जिट पोल में जिसने करोड़ो कमाये हैं, उन्हें कमाने दिजिए। मुझे इस बारे में कुछ नहीं बोलना है। उसके बाद 4 जून को सबकुछ साफ हो जाएगा। हर चरण की मतगणना के बाद जबतक सारे कंडीडेट खुद को संतुष्ट न मान लें और जबतक सबकी सहमति न मिल जाय, तबतक हमें दूसरे चरण में नहीं जाना है। इसके अलावा ईवीएम में धांधली को लेकर मनोज झा ने कहा कि इस बार किसी का कुछ नहीं चलने वाला है। इस बार किसी भी धोखाधड़ी या किसी भी बड़े लोगों का फोन ही क्यों न आया हो, कुछ भी पलटने वाला नहीं है। इस बार जनता सबकुछ पलट देगी। एक्जिट पोल के मनोवैज्ञानिक ट्रिक में जनता फंसने वाली नही है। इस बार हमलोग कम से कम 25 प्लस सीटों पर जीत दर्ज करने जा रहे हैं। यह सभी बातें 4 जून को सामने आ जाएंगी। एक्जिट पोल के आंकड़ों को एडजस्ट करने में लगे हैं। इस बीच जिसको जितना कमाना था, उसने कमा लिया है।

## बोले सम्राट....एग्जिट पोल बदलेगा एग्जैक्ट पोल में, विपक्ष बस थोड़ा इंतजार कर ले

♦ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी द्वारा एग्जिट पोल को मोदी पोल बताने पर किया पलटवार

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा चुनाव के सातवें चरण की वोटिंग खत्म होने के बाद एग्जिट पोल में एनडीए को मिली बढ़त के बाद इसको लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ जहां एनडीए सरकार बनाने की तैयारी कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ विपक्ष एग्जिट पोल के आंकड़ों को फर्जी बता रहा है और दावा कर रहा है कि देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी द्वारा एग्जिट पोल को मोदी पोल बताने पर पलटवार करते हुए कहा कि अब तो एग्जिट पोल की जगह एग्जैक्ट पोल आ रहा है, इसमें कहां कोई दिक्कत है। राहुल गांधी को और 24 घंटा इंतजार करना चाहिए। जनता ने जो आशीर्वाद दिया है वह बिहार और देश के विकास के लिए दिया है। विकसित भारत का सपना अगर किसी ने देखा तो वह नरेंद्र मोदी ने देखा। तेजस्वी यादव के यह कहने पर कि नतीजे चौंकाने वाले होंगे, इसपर सम्राट ने कहा कि नतीजे चौंकाने वाले होंगे यह स्वभावितक है, जो पार्टी 23 सीट पर चुनाव लड़ रही है वह 295 सीट कैसे जीतेगी। कौन जीतेगा और कौन नहीं जीतेगा, जनता ने वोट दे दिया है और वह ईवीएम के अंदर बंद हो गया है। एग्जिट पोल कल एग्जैक्ट पोल में बदलने वाला है, तो ये लोग थोड़ा और इंतजार कर लें। सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले बार के लोकसभा चुनाव में एक सीट छूट गया था लेकिन इस बार बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत हो रही है। चुनाव के बाद तेजस्वी की भूमिका पर सम्राट ने कहा कि लालू प्रसाद डायरेक्टर हैं और ये सब एक्टर हैं।

## शर्मनाक: संपत्ति की खातिर कलयुगी बेटे ने मां को अवैध हथियार से मारी गोली, मौके पर मौत

**केटी न्यूज/पटना**



नवादा से रिश्ते को शर्मशार करने घटना हुई है। यहां एक कलियुगी पुत्र ने अपनी ही मां की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हत्या के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। गोली की आवाज सुनते ही अगल-बगल के लोगों में तरह -तरह की चर्चा शुरू हो गई है। उसके बाद इस मामले की सूचना नजदीकी थाने को दे दी गई। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात नगर थानाक्षेत्र के पुरानी जेल रोड स्थित एक मकान में गोली मारकर एक महिला की हत्या कर दी गई है। हत्या की घटना के बाद पुलिस ने हत्या करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महिला की पहचान पुरानी जेल रोड निवासी राजकुमार डोम की पत्नी दीपा देवी के रूप में की गयी है। मृतक दीपा देवी के मंझले बेटे राज डोम ने ही अपनी मां की गोली मारकर हत्या कर दी है। वहीं, इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि घर मे संपत्ति को लेकर कई माह से विवाद चल रहा था। आरोपी बेटा अपने घर को बेचकर पैसे मांग रहा था। इसी बात को लेकर वह घर में परिजनों के साथ मारपीट करता था। घरवाले उस घर को बेचना नही चाहते थे, मगर वह उसे बेचने का दवाब बनाता था। उधर, रविवार की रात अवैध हथियार से उसने अपनी मां को ही गोली मार दी। जिसके बाद महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचकर नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने हत्या करने वाले आरोपित को उसी के घर से गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। हत्या के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। मृतक महिला को पेट में गोली मारी गई है। बहू रिंकी देवी ने कहा कि उनके देवर लगातार जमीन बेचकर रुपया मांग रहा था। जमीन का बंटवारा करने के लिए मेरी सास पर दबाव भी बना रहा था लेकिन सास जमीन नहीं बेच रही थी और जमीन के बंटवारे को लेकर भी लगातार विवाद हो रहा था। नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या के कारण का पता नहीं चला है।

## नाबालिग बच्चे का पेड़ से लटका मिला शव

**पटना।** मुजफ्फरपुर में सोमवार की सुबह एक नाबालिग बच्चे का शव पेड़ से लटका मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक किशोर पर गांव के एक घर से पांच सौ रुपए चुराने का आरोप लगा था। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के रामकृष्ण दुबियाही के नया टोला की है। मृतक की पहचान गांव के हीं मकेश्वर महतो के 12 साल के बेटे विवेक कुमार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले विवेक ने गांव के एक व्यक्ति के घर से पांच सौ रुपए चुरा लिए थे। जिसको लेकर गांव में पंचायती हुई थी। पंचायत में विवेक ने पैसा चोरी करने की बात स्वीकार की थी। जिसके बाद विवेक के पिता ने पैसा लौटाने की बात कही थी और बेटे को पीटते हुए घर ले गए थे। इस घटना के बाद विवेक घर से भाग गया था अगले दिन बगीचा में पेड़ से लटका शव मिला। विवेक का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### केके पाठक का असर नहीं हो रहा कम, शिक्षा विभाग ने जारी किया निर्देश

# अब हेडमास्टर को भी स्कूल में लेनी होगी क्लास

**केटी न्यूज/पटना**




बिहार के अंदर शिक्षा विभाग में केके पाठक के जाने के बाद भी काम में कोई असर न दिखें इसको लेकर तमाम तरह के निर्देश जारी कर रहे हैं। ऐसे में अब अब प्रधानाध्यापकों के लिए भी नया निर्देश आ गया है। स्कूल खुलने के बाद उन्हें शिक्षक के साथ मिलकर खुद भी एक काम करना होगा। इसके बाद शिक्षा विभाग को भी इस विषय में रिपोर्ट देनी होगी।

दरअसल, आठ जून को छुट्टी समाप्त होने के बाद सभी सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को प्रतिदिन कक्षाएं लेनी होगी और इसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को देनी होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रायः देखा जा रहा है कि प्रधानाध्यापक स्कूल के कागजी काम में ही फंसे रह जाते हैं, वे अध्यापन नहीं कर पाते। अब प्रधानाध्यापक अपने कार्यों का बंटवारा शिक्षकों के बीच करेंगे। इसके साथ ही स्कूलों का निरीक्षण कर्मी भी कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन का स्तर देखेंगे। निरीक्षण कर्मी बच्चों से संबंधित विषय पर प्रश्न भी कर सकते हैं। इससे उन्हें समय मिल सकेगा और कक्षाएं ले पाएंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानाध्यापक जब कक्षाएं लेंगे तो अन्य शिक्षकों में भी पढ़ाने के प्रति उत्साह जगेगा। स्कूल में प्रधानाध्यापक की अलग छवि रहती है। प्रधानाध्यापकों को प्रत्येक कक्षा के निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया है। ताकि शिक्षकों की अध्यापन शैली एवं बच्चों की विषयवार समझ की परख कर सकें। उन्हें यह भी देखना होगा कि बच्चों को दिए गए एफएलएन किट का प्रयोग पढ़ाने में हो रहा या नहीं। उधर, स्कूलों का निरीक्षण कर्मी भी कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन का स्तर देखेंगे। निरीक्षण कर्मी बच्चों से संबंधित विषय पर प्रश्न भी कर सकते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण कर्मियों को भी पाठ्य पुस्तकों का अध्ययन करने के लिए कहा गया है। ताकि वे बच्चों की विषयवार योग्यता परख सकें। विदित हो कि जब से केके पाठक के हाथों में शिक्षा विभाग की कमान मिली है। हर दिन नये-नये प्रयोग हुए है। इसमें काफी हद तक सफलता भी मिली है। पहले जहां शिक्षक विद्यालय जाने के नाम पर गुणा-गणित करते थे। स्कूल नहीं जाना पड़े इसके लिए जुगाड़ लगाते थे। परंतु केके पाठक के कार्यकाल में इस व्यवस्था में परिवर्तन आया है। अब शिक्षकों को प्रतिदिन विद्यालय जाना पड़ रहा है तथा बच्चों को शिक्षा देनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों का कहना है कि केके पाठक के नये-नये तकनीकी से परेशानी उठानी पड़ रही है।



**तैयारी पूरी : कड़ी सुरक्षा के बीच बाजार समिति में लोस चुनाव की मतगणना आज, अर्द्धसैनिक बल के जवान होंगे तैनात**

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी मतगणना

## मतगणना स्थल के 100 मीटर की परिधि नो व्हीकल जोन घोषित

## ई-पोस्टल बैलेट घोषणा पत्र सहित लिफाफों पर क्यूआर कोड अंकित रहेगा

## एक साथ सभी विधानसभा के 14 ईवीएम मशीन की होगी गिनती

## पोस्टल वैलेट से शुरू होगी मतों की गिनती, 22 राउंड चलेगी मतगणना

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक जून को संपन्न हुए बक्सर संसदीय क्षेत्र के चुनाव की मतगणना मंगलवार को की जाएगी। मतगणना बाजार समिति परिसर स्थित गोदाम में की जाएगी। पूर्व संध्या पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने निवार्ची पदाधिकारी के हवाले से मतगणना की तैयारी पूरी होने की जानकारी दी है। मतगणना के दौरान पूरे बाजार समिति परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील किया जाएगा।

इसके अलावे सुरक्षा व पारदर्शिता के लिहाज से सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल बनाए गए हैं। इसके अलावे पोस्टल बैलेट की गिनती भी इसी के साथ शुरू कर दी जाएगी। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगी। इसके पहले मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों, प्रत्याशियों तथा उनके चुनाव अभिकताओं को सुबह छह बजे तक मतगणना कक्ष में प्रवेश करना है। किसी भी कर्मी, प्रत्याशी या अभिकर्ता के पास मोबाइल तथा किसी अन्य तरह के इलेक्ट्रानिक डिवाइस नहीं होगा। निवार्ची पदाधिकारी ने मतगणना कक्ष में मोबाईल नहीं ले जाने का सख्त निर्देश जारी किया है। इसके अलावे भी सुरक्षा व ट्रैफिक कंट्रोल के लिहाज से कई आवश्यक तैयारियां की गई है।

**मतदान के बाद स्ट्रांग रूम को किया गया था सील :** बता दें कि मतदान समाप्ति के बाद विधान सभावार सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी बक्सर, सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं सभी पार्टी के उम्मीदवारों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को सील किया गया था। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की ओर से युद्ध स्तर पर तैयारियां की गई है। 33-बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी छह विधान सभाओं के पोलेड ईवीएम एवं वीवीपैट को बाजार समिति प्रांगण स्थित वज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है। मतगणना की सुरक्षा थ्री लेयर में होगी। मतगणना परिसर में मोबाइल का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा।



### अंबेडकर चौक से मठिया मोड तक बंद रहेगा वाहनों का परिचालन

**बक्सर।** मतगणना कार्य में किसी तरह की बाधा नहीं पहुंचे इसके लिए यातायात व्यवस्था में कई परिवर्तन किए गए है। यातायात व्यवस्था संधारण के लिए सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी मंगलवार की सुबह छह बजे से स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेगी।

इसके अनुसार अम्बेडकर चौक से बाजार समिति होते हुए मठिया मोड़ तक सभी तरह के गाड़ियों का परिचालन बंद रहेगा। केवल मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं प्रत्याशियों की गाड़ियों का आवागमन इस रोड पर हो सकेगा। जबकि मतगणना में आए प्रत्याशियों की गाड़ियों को होमगार्ड मैदान में पार्क किया जा सकेगा। वही मतगणना में आए प्रत्याशियों के समर्थकों की गाड़ियों किला मैदान एवं आईटीआई मैदान में पार्क किया जा सकेगा। जिससे बाजार समिति रोड तथा शहर में जाम की नौबत न आए। बड़े कमर्शियल वाहन जैसे ट्रक, बस, इत्यादि का परिचालन एवं बक्सर शहर में प्रवेश इस अवधि में बन्द रहेगा। जबकि प्रशासन ने मतगणना के दौरान आम जनों से सिर्फ अति आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकलने का अनुरोध किया है।



### अर्द्धसैनिक बलों के जिम्मे मतगणना स्थल की सुरक्षा

बाजार समिति प्रांगण में बने स्ट्रांग रूम में रखे गए ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से लगातार रखी जा रही है। स्ट्रांग रूम खोलने की भी वीडियोग्राफी प्रत्येक विधान सभावार की जायेगी। इसके अतिरिक्त ईवीएम के मतगणना प्रारंभ होने तक निगरानी की व्यवस्था की जायेगी। सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट एवं इसके बाद ईवीएम के मतों की गणना शुरू की जायेगी।

### विधानसभा वार बनाए गए हैं मतगणना कक्ष

मतगणना के लिए विधानसभा वार अलग अलग कक्ष बनाए गए है। सभी कक्षों में 14 टेबल भी बनाए गए है। एक साथ सभी विधानसभा के 14 ईवीएम मशीन की गिनती होगी। करीब 22 राउंड तक मतगणना चलेगी। इसकी शुरूआत पोस्टल बैलेट से की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो पहले दो घंटे में पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी कर ली जाएगी। वहीं, राउंड वार मतगणना का रिजल्ट घोषित करने के लिए ध्वनिविस्तारक यंत्र लगाए गए हैं।

### मतगणना कक्ष में ईवीएम ले जाने के लिए रहेंगे 14-14 मजदूर

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोकसभा चुनाव को लेकर बाजार समिति में बने प्रत्येक मतगणना कक्ष तक वज्रगृह से इवीएम ले जाने के लिये 14-14 की संख्या में मजदूरों की तैनाती की गई ह। यानी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 28 मजदूर रखे गए है। जो वज्र गृह से ईवीएम को मतगणना टेबल पर पहुंचाएंगे। जिनमें से सात मजदूर प्रत्येक विधान सभा के संबंधित वज्रगृह से निर्धारित वाहन पर चक्रवार रहेंगे एवं शेष सात मजदूर मतगणना कक्ष के पास मौजूद रहेंगे जो ईवीएम को वाहन से उतारकर मतगणना कक्ष में रखेंगे। उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर सभी मतगणना कक्ष, वजगृह एवं निवार्ची पदाधिकारी के लिए एक-एक विडियोग्राफर की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे एवं वज्रगृह से वाहन पर मतगणना कक्ष तक मतगणना के लिये इवीएम को वाहन पर ले आने तथा ले जाने की संपूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी कराया जायेगा। वही वज्रगृह से मतगणना हॉल तक के रास्ते में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। ताकि संपूर्ण प्रक्रिया पर नजर बनाया जा सके।



### मतगणना टेबल पर रहेंगे अभ्यार्थियों के अभिकर्ता

**बक्सर।** सभी मतगणना कक्ष के प्रत्येक मतगणना टेबल के सामने अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता के बैठने के लिये पर्याप्त संख्या में बेंच की व्यवस्था जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में विधानसभावार एवं टेबलवार रैंडमाइजेशन के आधार पर मतगणना पर्यवेक्षकों, सहायकों एवं अतिरिक्त स्टाफ की नियुक्ति की जानी है।

### 10 बजे से मिलेगा रूझान

**बक्सर।** मतगणना की शुरूआत बैलेट पेपर की गिनती से होगी। सुबह दस बजे तक बैलेट पेपर की गिनती पूरी कर ली जाएगी। इसके साथ ही रूझान आने भी शुरू हो जाएंगे। वहीं, ईवीएम मशीन से प्रत्येक राउंड की गिनती के बाद घोषणा की जाएगी कि किस प्रत्याशी को कितने मत मिले। इस दौरान वह निर्वाचन कोषांग के कर्मियों के साथ ही प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ता प्रत्येक घंटे की घोषणा को नोट करेंगे। हालांकि शुरूआती रूझानों से तस्वीर साफ नहीं होगी। दोपहर बाद ही इस बात का अंदाजा लगेगा कि कौन प्रत्याशी इस चुनावी समर में भारी पड़ रहा है।

### मतगणना कक्ष का डीएम ने किया निरीक्षण



**बक्सर।** बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्वच्छ निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतगणना कार्य के सफल आयोजन के लिए पूर्व संध्या पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा बाजार समिति परिसर में मतगणना हॉल का निरीक्षण किया गया एवं सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने बताया कि मतगणना हाल में सर्वप्रथम सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट एवं 8.30 बजे से ईवीएम के माध्यम से मतगणना की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना के लिए कुल 14 टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो प्रेक्षक को निर्देशित किया गया कि ससमय अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने बताया कि मतगणना के बाद ईवीएम की सीलिंग करते हुए ईवीएम वेयर हाउस में रखा जाएगा। सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप मतगणना कार्य को संपादित करने का निर्देश दिया गया।

## बारात में नाच के दौरान कट्टा लहरा रहा युवक गिरफ्तार

- सिकरौल थाना क्षेत्र के भदार गांव की है घटना, देशी कट्टा के साथ खोखा बरामद

**केटी न्यूज/नावानगर**

सिकरौल पुलिस ने भदार गांव से देशी कट्टा एवं एक खोखा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक से पुछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक उक्त गांव के रितेश कुमार बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार भदार गांव में एक बारात आई हुई थी। उसी बारात में युवक कट्टा लेकर नाच प्रोग्राम देखने पहुंचा था। इसकी जानकारी गांव के ही किसी युवक ने पुलिस को सूचना दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिन्हित युवक को पकड़ उसी तलाशी लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से 315 बोर का एक देशी कट्टा एवं एक खोखा पुलिस के हाथ लगी। जिसके बाद पुलिस ने देशी कट्टा एवं खोखा के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में सिकरौल थानाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दी गई गुप्त सूचना पर उक्त गांव में छापेमारी कर देशी कट्टा एवं खोखा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक के अपराधिक रिकार्ड को खंगाला जा रहा है। हलांकि, फिलहाल पुलिस के हाथ उसका अपराधिक रिकार्ड नहीं लगा है।



## चौकीदार को चकमा देकर गिरफ्तार शराब तस्कर हुआ फरार

**नावानगर।** सिकरौल थाना के एक चौकीदार को चकमा देकर गिरफ्तार शराब तस्कर के फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। फरार हुआ शराब तस्कर रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के चतरा निवासी चंदन कुमार बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने बीते दिन बेलहरी मोड़ से 24 पीस अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार दोनों तस्कर की देखरेख एक चौकीदार द्वारा की जा रही थी। इसी दौरान गिरफ्तार तस्कर चंदन ने शौच के बहाने चौकीदार को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने चौकीदार अभिरक्षा से भाग निकले तस्कर की तलाश खूब किया, पर 24 घंटे बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं लगा है। इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि इस तरह की मामला उन्हें अभी तक जानकारी नहीं है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चौकीदार अभिरक्षा से फरार शराब तस्कर की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ईवीएम संग्रहण केन्द्र की कुव्यवस्था पर भड़के डीएम उप निर्वाचन पदाधिकारी से शो कॉज, नाजिर निलंबित

**टेंट में नहीं थे पंखें, सीसीटीवी भी नहीं था व्यवस्थित**

- निर्देश व राशि जमा निर्गत करने के बावजूद नहीं हुई थी पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक जून को मतदान के बाद ईवीएम संग्रहण केन्द्र बनाए गए बाजार समिति में ईवीएम लेकर जमा करने गए कर्मियों को भारी फजीहत झेलनी पड़ी थी। कर्मियों को पीने के पानी तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। वही उन्हें इस भीषण गर्मी में टेंट में बिना पंखे के ईवीएम व वीवीपैट मशीन को जमा करने के लिए खड़ा रहना पड़ा।

हालांकि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा 11 और 17 मई की बैठक में यह निर्देश दिया गया था कि चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम व वीवीपैट मशीन जमा करने करीब 14 से 15 हजार से अधिक कर्मियों के आने की संभावना है। इसे देखते हुए 700-80 पानी के जार रखने का निर्देश दिया गया था। वहीं, ईवीएम संग्रहण कक्ष पर बक्सा तथा कंप्यूटर व प्रिंटर तक की ठीक से व्यवस्था नहीं की गई थी। डीएम ने इसे गंभीर मामला मानते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी अलमा मुख्तार से जहां स्पष्टीकरण पूछते हुए कहा कि क्यों न आप पर प्रपत्र क गठित करते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए निर्वाचन विभाग को भेजा जाए। वही नाजिर राजेश राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय केसठ कर दिया गया हैं। स्पष्टीकरण का सही जबाव नहीं मिलने तक उनके वेतन भी बंद कर दिए गए है। डीएम के इस कार्रवाई से चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि संग्रहण केन्द्र पर कुव्यवस्था के कारण ईवीएम तथा वीवीपैट जमा करने वाले कर्मियों को भारी फजीहत झेलनी पड़ी थी।

### टेंट में व्यवस्था के लिए दिए थे 5.32 लाख रुपए

टेंट में पंखा लगाने, सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा गया था। इसके लिए नाजिर को एडवांस में 5.32 लाख रूपए भी दिए गए थे। लेकिन उस दिन सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने संग्रहण केन्द्र पर कुव्यवस्था की शिकायत की तथा डीएम के निरीक्षण में यह बात सामने आई थी कि वहां मात्र 100-150 पानी के जार रखे गए थे, टेंट में पंखा नहीं लगाया गया था तथा सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को भी ठीक पोजीशन में नहीं लगाया गया था तथा कई कैमरे बंद थे। जिससे प्रेक्षक तथा राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को भी पारदर्शिता पर संशय बन सकता है।


### एक नजर

## महदह के बैंक ऑफ इंडिया में चोरों ने की चोरी की नाकाम कोशिश, छानबीन में जुटी पुलिस

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह स्थित बैंक आफ इंडिया में रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की कोशिश की गई। चोर खिड़की के सहारे प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की गई। सोमवार को प्रबंधक को इस घटना की जानकारी होने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहा, पुलिस पहुंच मामले की जांच की गई, पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों का पता लगाने और मामले के उद्वेदन में सफल होगी। हालांकि, बताया जा रहा है किस सेफ है। अन्य कागजात व आलमीरा टूटे होने पर चोरी की आशंका बनी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि जैसे ही घटना की जानकारी मिली, पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। बताया जा रहा है इस मामले में बैंक की तरफ से कोई आवेदन दिया नही गया है। लेकिन प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सेफ आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। यह भी माना जा रहा है कि यह कोई संगठित चोर गिरोह नहीं था। बल्कि स्थानीय लड़के इस घटना में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज तथा घटना के समय आसपास एक्टिव मोबाइल फोन आदि की जांच कर रही है।

## स्कूल जा रही शिक्षिका से हथियार के बल पर चेन व लॉकेट की लूट, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** लोकसभा चुनाव बीतते ही अपराधियों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करानी शुरू कर दी है। सोमवार की सुबह स्कूल जा रही एक शिक्षिका से हथियार के बल पर सोने के लॉकेट तथा चेन की लूट कर अपराधियों ने अपनी सक्रियता का प्रमाण दे दिया है। घटना मुरार थाना क्षेत्र के चौगाईं केसठ मार्ग पर गिरिधर बरांव मोड़ के पास सुबह छह बजे की है। इस संबंध में पीड़ित शिक्षिका ने स्थानीय थाने में अज्ञात लूटेरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज कर पुलिस लूटेरों की शिनाख्त वह धरपकड़ में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार नावानगर थाना क्षेत्र के दसियांव गांव के रमेन्द्र प्रसाद द्विवेदी की पत्नी विजय लक्ष्मी देवी चौगाईं प्रखंड के मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर में शिक्षिका हैं। वह सोमवार को सुबह अपने पुत्र के साथ केसठ चौगाईं मार्ग से स्कूल आ रही थी। जैसे ही उनकी बाइक गिरिधर बरांव मोड़ के पास पहुंची कि पीछे ओवरटेक करते एक बाइक पर सवार दो की संख्या में लूटेरों ने उनकी बाइक रूकवाया। अभी शिक्षिका कुछ समझ पाती इसके पहले ही एक लूटेरे ने उनका लॉकेट तथा दूसरे ने चेन छिन लिया। इस दौरान अपराधी कट्टा भी लहरा रहे थे तथा लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद तेजी से केसठ की तरफ भाग निकले। इस घटना के बाद से शिक्षिका काफी डरी सहमी है। शिक्षिका ने बताया कि लूट के दौरान अपराधियों का एक चप्पल तथा एक गमछा घटना स्थल पर छूट गया है। पुलिस चप्पल तथा गमछा को बरामद कर उसके आधार पर उनकी शिनाख्त का प्रयास कर रही है। मुरार थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दौरान लगातार पुलिस गश्त तथा वाहन चेकिंग अभियान से अपराधी तथा लूटेरे भूमिगत हो गए थे। लेकिन, चुनाव बीतते ही अपराधी एक बार फिर से सक्रिय हो गए है।



**एनीमिया मुक्त भारत : चुनाव बाद अपने अपने क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों को चिह्नित करेंगी आशा कार्यकर्ताएं**

# एनीमिया से बचाव के लिए बच्चों को दी जाएगी आयरन की गोलियां

- आशा कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराया जा चुकी है आईएफए की गोलियां व बोतल

**केटी न्यूज/बक्सर**

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम का सपना तभी संभव हो सकेगा, जब जिले को एनीमिया को मुक्त किया जा सके। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर कवायद शुरू कर दी गई है। जिसके तहत जिले की सभी आशा कार्यकताओं को अपने अपने क्षेत्रों में कुपोषित व एनीमिया के लक्षण वाले बच्चों को चिह्नित करना है। साथ ही, उम्र और वर्ग के अनुसार सभी बच्चों के बीच आयरन फॉलिक एसिड की गोलियां व सिरप का वितरण करने का निर्देश दिया गया है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होते ही इस अभियान को गति दी जाएगी। ताकि, छह माह से लेकर 19 साल तक के बच्चों और किशोरियों को एनीमिया की चपेट में आने से बचाया जा सके।

सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि एनीमिया खून की कमी से होने वाली बीमारी है। जो किसी भी उम्र में व्यक्ति को अपनी चपेट में ले सकता है। लेकिन, इसकी चपेट में बच्चे, किशोरियां व गर्भवती महिलाएं ही सबसे ज्यादा आते हैं। ऐसे में उनको एनीमिया से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस विभाग तत्पर है। जिसके तहत इस वित्तीय वर्ष में भी एनीमिया से बचाव के लिए जिले के पात्र लाभुकों के बीच आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियां व सिरप का वितरण किया जाता है।

**स्कूली बच्चों को भी खिलाई जाएगी गुलाबी गोलियां :** सदर प्रखंड के प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि आईएफए की गोलियों और सिरप के वितरण को लेकर आशा कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया जा चुका है। जिसमें उन्हें बताया गया है कि 6 से 59 माह के बच्चों को ऑटो डिस्पेंसर के द्वारा आईएफए सिरप के अनुपूरण भी कराना है। इसके लिए आशा कार्यकताओं द्वारा सप्ताह में दो बार बुधवार व शनिवार को लाभुक माताओं को छह माह के लिए एक बोतल बांटेंगी। साथ ही, ये भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बुधवार व गुरुवार को विद्यालय के माध्यम से गुलाबी गोली का अनुपूरण कराया जाये। वहीं, गृह भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता सप्ताह में एक बार (बुधवार) को 5 से 9 वर्ष के विद्यालय ना जाने वाले बच्चों को गुलाबी गोली का अनुपूरण करवाना सुनिश्चित करेंगी। साथ ही, 10 से 19 साल तक के किशोर-किशोरियों को हर हफ्ते आईएफए की एक नीली गोली देना सुनिश्चित करेंगी।



### पांच से नौ वर्ष तक के बच्चों के लिए आईएफए की गुलाबी गोलियां

जिला सामुदायिक उत्प्रेरक हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2023-24 में बक्सर जिले में छह से 59 माह के बच्चों के बीच आयरन सिरप, पांच से नौ वर्ष तक के बच्चों के बीच आईएफए की गुलाबी गोलियां और 10 से 19 वर्ष तक के बच्चों के बीच आईएफए की नीली गोलियों का वितरण किया गया है। इसके लिए 2011 के जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या का 11.3 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित कर छह से 59 माह के 120854 बच्चों के बीच सिरप का वितरण किया गया। वहीं, जनसंख्या के 14.4 प्रतिशत लक्ष्य के अनुसार 311630 बच्चों का लक्ष्य रखा गया, जिसमें 49300 बच्चों को आईएफए की गुलाबी गोलियां खिलाई गई। इसके अलावा 10 से 19 वर्ष तक के बच्चों के लिए 478405 बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिनमें स्कूलों के माध्यम से 128246 व आशा कार्यकताओं के माध्यम से 164538 बच्चों को आईएफए की नीली गोलियां खिलाई गई।

# छह जून को मनाया जायेगा वट सावित्री व्रत, महिलाओं ने शुरू की तैयारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे पवित्र व्रत वट सावित्री मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। अखंड सौभाग्य का पर्व माने जाने वाले वट सावित्री व्रत इस बार 6 जून गुरुवार को मनाया जाएगा। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को निर्जला व्रत रखने की परंपरा है। मान्यता है कि जो सुहागिन महिलाएं इस व्रत को विधि-विधान से करतीं हैं, उन्हें अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है। महिलाएं वट सावित्री पूजा के दिन व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा करेंगी। इस व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं में उत्साह नजर आ रहा है। पूजा से संबंधित सामान की खरीदारी भी शुरू हो गई है। ब्यूटी पार्लरों में भी भीड़ गयी है। महिला सोलह श्रृंगार कर सुहाग की लंबी उम्र के लिए पूजा करेंगी। पंडित आचार्य अनिल शास्त्री ने बताया कि वट सावित्री की पूजा से सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद मिलता है। प्रत्येक सुहागन महिलाओं को यह व्रत अवश्य करनी चाहिए।

♦ व्रती महिलाएं पूरे दिन उपवास रखकर वट वृक्ष की पूजा करेंगी



पंचांग के अनुसार, इस साल ज्येष्ठ अमावस्या तिथि 5 जून शाम 7 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगी। जिसका समापन 6 जून शाम 6 बजकर 7 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार इस बार वट सावित्री व्रत गुरुवार को रखा जाएगा। पूजा के लिए शुभ मुहूर्त प्रात 11 बजकर 52 मिनट से दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक है। पूजा करने की विधि को लेकर उन्होंने बताया कि सबसे पहले पूजा के दिन टोकरी में रेत भरकर ब्रह्मा की मूर्ति स्थापित करें तथा वाम पार्श्व में सावित्री की मूर्ति स्थापित करनी चाहिए। दूसरी टोकरी में सत्यवान सावित्री की मूर्ति स्थापित करें। दोनों टोकरियों को वट वृक्ष के नीचे रखें। सबसे पहले ब्रह्मा-सावित्री की पूजा करें फिर सत्यवान और सावित्री की पूजा करें। इसके बाद वट वृक्ष को पानी दें। जल, फूल, मोली, रोली, कच्चा सूत, चना, गुड़ तथा धूप-दीप से पूजा करें। जल चढ़ाकर वृक्ष के चारों ओर कच्चा धागा लपेट कर परिक्रमा करें। वट के पत्तों की माला पहन कर कथा का श्रवण करें।

## एक नजर

### पीएचसी में रात्रि सेवा बहाल करने की उठी मांग



**डुमरांव।** प्रखंड कार्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पीएचसी में कभी रात्रि सेवा भी मिलती थी। लगभग एक दशक से यह सेवा बंद कर दिया गया है। केवल ओपीडी सेवा ही सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक मरीजों को मिलती है। ऐसे में मरीजों को भारी परेशानियों को सामना करना पड़ता है। सोमवार को दो बजे के बाद कई मरीज पीएचसी में इलाज के लिए पहुंचे थेए लेकिन ताल लटका देख निजी क्लीनिक में जाने पर मजबूर हो गए। यही सेवा ओपीडी के बाद भी मिलती रहती तो मरीजों को परेशानी नहीं होती। इस परेशानी से लोगों को उबारने के लिए नगर के बुद्धिजीवी से लेकर नगर परिषद सक्रीय होने लगे हैं। मालूम हो कि शहर से अनुमंडलीय अस्पताल लगभग 3 किलोमीटर दूर है। वहां पहुंचने के लिए बगैर रिजर्व वाहन का नहीं पहुंचा जा सकता, क्योंकि वहां तक रेगुलर वाहनों को आना.जाना नहीं रहता है। पीएचसी मुख्य सड़क स्टेशन रोड के किनारे प्रखंड कैम्पस में मौजूद है। लिहाजा काई भी बीमार पड़ता है तो यहां पहुंचना आसान है। इस भीषण गर्मी में लोग बीमार पड़ते रहे और अस्पताल में भर्ती होते रहेए लेकिन पीएचसी दो बजे के बाद बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बावजूद स्वास्थ्य विभाग अपनी मनमानी कर ओपीडी के बाद इसको बंद कर देता है। इसके लिए समाजिक मंच के प्रदीप शरणए पार्षद अमर पासवानए उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर सहित अन्य का कहना है की चुनाव बाद ओपीडी सेवा के बाद भी पीएचसी में सेवा मिले इस पर कार्य किया जाएगा।

### अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों की उमड़ी भीड़

**डुमरांव।** लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी सेवा बाधित हो गई थी। दो दिनों तक अस्पताल विरान रहा। सोमवार को अस्पताल खुलते ही रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की भीड़ लग गई। लगभग 320 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इसमें गर्मी से बीमार बच्चों की संख्या ज्यादा थी। संयोग से बच्चा के डाक्टर ओपीडी सेवा में मौजूद रहने से मरीजों को परेशानी नहीं हुई। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों के रोग के अनुसार चिकित्सक के पास पुर्जा में इंट्री कर भेजा जा रहा था। विदित हो कि पिछले शनिवार को लोकसभा का चुनाव को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी सेवा प्रभावित थी। फिर दूसरे दिन रविवार को लेकर ओपीडी सेवा बंद रही। ऐसे में मरीजों को अस्पताल की ओपीडी सेवा से वंचित होना पड़ा था। सोमवार को ओपीडी सेवा शुरू हुई तो मरीजों का रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कतार लग गई। रोस्टर के अनुसार डाक्टर भी मौजूद थेए जिससे मरीज परेशानी से बच गए। वहीं सोमवार को अल्ट्रासाउंड का दिन होने से मरीज इसके लिए भी पहुंचे हुए थे। हालांकि अल्ट्रासाउं के करने वाले मरीज 11 बजे पहुंचेए जिससे मरीजों को काफी समय इंतजार करना पड़ा। नशबंदी के लिए भी महिलाएं आयी हुई थी। सभी काम होने से मरीजों को काफी सहुलियत मिली।

### छह पीस अंग्रेजी शराब के तस्कर धराया, जेल

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने शहर के ठठेरी बाजार मोहल्ले में छापेमारी कर शराब बेचते एक तस्कर को पकड़ने में सफलता पायी है। तस्कर के ठिकाने से पुलिस ने छह पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी उसी मोहल्ले के रहने वाला शिवजी प्रसाद के पुत्र प्रेम कुमार बताया जाता है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीषा राणा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पकड़ा गया आरोपी शराब बेचने का काम कर रहा है। पुलिस की टीम ने उक्त मोहल्ले में छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा तथा उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## महरौरा में 15 दिनों से पेयजल संकट

**डुमरांव।** महरौरा गांव आजादी के बाद से ही उपेक्षा का दंश झेल रहा है। यह गांव डुमरांव शहर से सटे होने के बाद भी इसे नप में शामिल नहीं किया गया था। इतना ही नहीं यह गांव पंचायत में भी नहीं शामिल था। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि महरौरा गांव का क्यों विकास नहीं हुआ। एक साल हुआ इसे गांव को नगर के विस्तारित क्षेत्र में शामिल कर लिया गया। लिहाजा उन्हें वार्ड का दर्जा मिल गया। बावजूद इस गांव की स्थिति नहीं बदल पायी है। गांव की बोरिंग 15 दिनों से खराब हैए लेकिन इसके बनने का इंतजार ग्रामीण कर रहे हैं। बता दें की इस गांव के चार हजार की आबादी में महादलित और पिछड़ा वर्ग के ही लोग निवास करते हैं। बावजूद बस्ती के लोग नाली-गली की समस्या से तो जूझ ही रहे थेए अब उन्हें पेयजल के लिए भी भटकना पड़ रहा है। गांव के महेन्द्र राम, टेंगारी, विमलेशए कमलेश सहित अन्य का कहना है कि गांव का बोरिंग पंद्रह दिनों से खराब है। जिससे जलापूर्ति बाधित है। बावजूद इसे देखने वाला कोई नहीं है। इसकी जानकारी नप से लेकर अधिकारी तक की गई है, लेकिन पंद्रह दिनों से खराब बोरिंग को देखने तक भी कोई नहीं आया।

चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया की पहले भी बोरिंग खराब हुई थी, जिसे बनवा दिया गया था। फिर खराब होने की जानकारी नहीं है। खराब है तो शीघ्र उसे बनवा दिया जाएगा। बहरहाल आगे क्या होता है आने वाला समय बताएगा।

## जीत का जश्न मनाने को लेकर प्रत्यशियों के समर्थक उत्साहित

# मतगणना आजः एक साथ मनेगा होली और दीपावाली जैसा जश्न

**केटी न्यूज/डुमरांव**

चार जून लोगों के लिए एक खास पल होगा। उस दिन होली और दीवाली जैसा जश्न एक साथ देखने को मिलेगा। मंगलवार का दिन किसी के लिए मंगलकारी तो किसी के लिए अमंगल साबित होगा। लोकसभा चुनाव के मतगणना के परिणाम जानने को लेकर प्रत्यशियों के समर्थकों के साथ सभी वर्गों के लोगों के बीच उत्साह बना है। इसको लेकर शहर के कारोबारियों में भी खुशी बन गयी है। कारोबारी एक तरफ अबीर-गुलाल तो दूसरी तरफ पटाखा भी बेचते दिख रहे है तो मिठाई के कारोबारी भी जीत का लड्डू बनाने में जुटे है। कारोबारी इस बाद बेहतर कारोबार की उम्मीद जता रहे है। अबीर-गुलाल के कारोबारी विनोद साह, लखन चौरसिया ने बताया कि इस बार होली पर्व में कारोबार कुछ खास नहीं रहा।

लोगों के उत्साह को देखकर उन्हें उम्मीद है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में उनके कारोबार में चार चांद लगेगा। इसकी बिक्री भी तेजी से शुरू हुई है। वहीं पटाखा कारोबारी शमीम और रोहित का कहना है कि इस बार कई उम्मीदवारों के समर्थकों ने पटाखों का एडवांस बुकिंग करवाया है। जिस कारण उनके कारोबार में तेजी आने की उम्मीद हैं। वहीं मिठाई कारोबारी रमेश प्रसाद, झुन्नू गुप्ता आदि ने बताया कि एनडीए व महागठबंधन उम्मीदवारों के कार्यकताओं द्वारा लड्डू बनाने का आर्डर मिला है।



♦ कारोबारी इस बार बेहतर कारोबार की जता रहे है उम्मीद, कहा - कारोबार की भरपाई करेगा लोकतंत्र का महापर्व

**सट्टाबाजों की रहेगी चांदी, लगेंगे दांवः** बक्सर लोकसभा सीट पर कौन बाजी मारेगा को लेकर स्थानीय शहर में सट्टाबाजों की चांदी रहेंगी। अभी से ही दांव लगने शुरू हो गये है। जानकार सूत्रों की माने तो मतदाताओं की खामोशी से हार-जीत का आंकलन की जानकारी नही होने से कई दलों के समर्थकों और अन्य लोगों ने सट्टा बाजार में हजारों रुपयों का दांव लगाया है।

### शहर में रहेगी पुलिस की गश्ती

चुनाव परिणाम को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पैनी नजर रखेगी डुमरांव शहर में पुलिस की गश्ती बढ़ायी जायेगी। भीड़-भाड़ वाले इलाके में शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया गया है। - **अनीषा राणा, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष डुमरांव।**

## जीत के प्रति आश्वस्त नहीं दिखा कोई भी राजनीतिक दल

**बक्सर।** बक्सर संसदीय क्षेत्र में इस बार कांटे की लड़ाई है। यह लड़ाई इतनी करीबी है कि भाजापाए राजदए बसपा तथा निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व आईपीएस आनंद मिश्र अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे है। भले ही सभी प्रत्याशी अपनी जीत के दावे कर रहे है, लेकिन वे अपने जीत के प्रति आश्वस्त नहीं दिखे। यही कारण है कि पूर्व संध्या तक किसी भी राजनीतिक दलों द्वारा मिठाई, फूल माला तथा आतिशबाजी के अलावे अबीर गुलाल के आर्डर नहीं दिए गए थे। हालांकि, प्रमुख राजनीतिक दलों के कार्यालयों में पूरे दिन कार्यकताओं की आवाजाही तथा बैठकों का दौर चलता रहा। इस दौरान विधानसभा वार मतों की समीक्षा तथा घात प्रतिघात पर चर्चा होते रही। सभी प्रमुख दलों को भीतरघात की चिंता सता रही थी, यही कारण है कि खुद को लड़ाई में मानने के बावजूद वे अपने जीत के प्रति आश्वत नहीं दिखें।

## यही रात अंतिम, यही रात भारी

**बक्सर।** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए सोमवार की रात महत्वपूर्ण हो गई है। उनके लिए सोवार की रात रामायण सीरियल से चर्चित हुए यही रात अंतिमए यही रात भारी वाली गीत को चरितार्थ कर रही थी। यही कारण है कि प्रत्याशियों में बेचैनी थी। बता दें कि लोकसभा चुनाव में कुल 14 प्रत्याशी मैदान में थे। जिनके भाग्य का फैसला मंगलवार को होना है। मंगलवार के दिन कही जीत के गुलाल उड़ेंगे तो कही हार का मलाल भी देखने को मिलेगा। सोमवार को पूरे दिन संभावित लड़ाई में रहने वाले प्रत्याशी अपने हार जीत के आंकड़े मिलाते रहे। वही उनकी रात भी मुश्किल से कटने वाली है। प्रत्याशियों के अंदर उहापोह की स्थिति बनी हुई है।

# बाइक व सिकड़ी के लिए विवाहिता की हत्या, पति समेत पांच नामजद

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाना के करहसी गांव में रविवार की देर शाम एक विवाहिता की संदेहास्पद हत्या करने का मामला प्रकाश में आया। जहा मृतका के मायके वालों ने पोस्टमार्टम हाउस में मुफस्सिल थाना के पुलिस पर गलत आवेदन लिख मामले की लीपापोती करने के विरोध में पोस्टमार्टम न करने देने व एसपी-डीएसपी को बुलाने की मांग की। जहा पहुंचे डीएसपी के समक्ष अपनी बातें रखी। जहा आश्वासन के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। वही, बाद में पति, सास, ससुर, देवर व ननद पर दहेज को लेकर हत्या का आरोप लगा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जहा पुलिस कार्रवाई करते हुए पति को गिरफ्तार कर लिया है।



बताया जाता है कि मृतका की मा फूलकुमारी ने बताया कि मृतका राजपुर के इस्माइलपुर निवासी शर्मा यादव की पुत्री मनीषा कुमारी की वर्ष 2021 में मुफस्सिल थाने के करंहसी निवासी श्रीमन्नारायण यादव का पुत्र ब्रजेश यादव उर्फ बुधिराम यादव के साथ धूमधाम की गई थी। हालांकि, कुछ दिनों से सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। बाद में मनीषा के ससुराल वालों द्वारा दहेज में बाइक व सोने की सिकड़ी को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। जिसको लेकर रविवार की देर शाम मेरी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। जबकि, इस घटना की सूचना दी गई उसने फांसी लगा ली है। जब हमलोग पहुंचे तो देखा कि शव को जमीन पर लिटाया गया है। वही, थाना द्वारा बेटी के ससुराल वालों से गलत बयान की रिपोर्ट भी लिख ली गई थी। बताया जाता है कि लड़के का चाचा चौकीदार है उसी को लेकर मामले को रफा-दफा करने के लिहाज से मामले की लीपापोती की जा रही है। जहा सोमवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे परिजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम नही करने देने पर अड़ गए, वे डीएसपी-एसपी को बुलाने की मांग करने लगे। इसकी सूचना पर डीएसपी धीरज कुमार पहुंचे और उन्होंने मृतका के परिजनों से शिकायत दर्ज करने का आश्वासन दिलाया गया। तब पोस्टमार्टम करने दिया गया।

वहीं, डीएसपी धीरज कुमार को मृतका की मां फूल कुमारी देवी द्वारा दामाद ब्रजेश यादव उर्फ बुधिराम यादव, उनके पिता श्रीमन्नारायण यादव, देवर चुनमुन कुमार व सास तथा ननद को हत्या का नामजद बनाया। परिजनों ने कहा हमें बताया गया उसने फांसी लगा ली है। लेकिन, जब हम लोग वहां पहुंचे तो देखा शव को जमीन पर लिटाया गया था।




## मौसम की मार : अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

# बदलता मौसम बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए है खतरनाक

**केटी न्यूज/केसठ**

एक ओर प्रखंड समेत पूरे जिले में मौसम के प्रचंड रूख अख्तियार करने तथा भीषण गर्मी के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। हालांकि प्री-मानसून के कारण जून माह की शुरूआत होते ही मौसम में उमस बढ़ गई है। बारिश नहीं होने व तेज गर्मी से उल्टी, दस्त सहित अन्य मौसमी रोगों के मरीज आ रहे हैं। बच्चें इस मौसम में ज्यादा बीमार हो रहे हैं। अस्पताल में रोजाना 20 से 25 से मरीज आ रहे हैं। इनमें ज्यादातर वायरल बुखार और उल्टी-दस्त के मरीज हैं।

इस संबंध में चिकित्सा पदाधकिारी डॉ. शनि कुमार ने कहा कि इन दिनों लगातार मौसम में परिवर्तन हो रहा है। प्री मॉनसून में बारिश नहीं हुई है। अभी के हालात की बात की जाए तो गर्मी बहुत बढ़ी है। इस वजह से अस्पताल सहित स्थानीय निजी चिकित्सालयों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। सर्दी-जुकाम, खांसी और डायरिया जैसी बीमारी के मरीज ज्यादा आ रहे हैं।



♦ ज्यादातर वायरल बुखार व उल्टी-दस्त के मरीजों का हो रहा इलाज


**गर्भवती महिलाएं व बच्चें ज्यादा हो रहे बीमार :** डॉ. शनि ने बताया कि बदलता मौसम बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए खतरनाक है। ऐसे में वो ज्यादा संख्या में बीमार होकर अस्पताल आ रहे हैं। इन बीमारियों से बचना जरूरी है। गर्मी को देखते हुए आमतौर पर लोग कोल्ड ड्रिंक और ठंडी वस्तुओं का सेवन करते हैं। लेकिन, इसके सेवन से तुरंत जुकाम हो जाता है। गर्मी और उमस में ठंडी चीजों का सेवन करना उचित नहीं होता।

**खान-पान में बरतें सावधानी :** उन्होंने बताया कि इस मौसम में खान-पान में सावधानी बरतना काफी जरूरी है। जितना संभव हो घर में बना भोजन ही करें। स्ट्रीट फूड के सेवन से बचें। दही, छाछ और दूध से बनी चीजों का सेवन कर सकते हैं। साधारण खान-पान, फल व हरी सब्जियों से भी आप स्वस्थ रह सकते हैं। संक्रमण से जितना बचेंगे उतना ही आप स्वस्थ रहेंगे।

## बाजार में नहीं है पार्किंग की व्यवस्था, लगता है जाम

**केसठ।** केसठ गांव का नया बाजार जाम की समस्या से हर दिन जूझता है। आए दिन नया बाजार के मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसका मुख्य वजह बाजार में वाहनों के पार्किंग नहीं बनाया जाना है। जिस कारण लोग सड़क किनारे ही वाहन खड़ा करने को मजबूर होते है। जिस वजह से मुश्किल बढ़ जाती है। दुकान के सामने वाहन खड़ा करने से मना करने पर लोग दुकानदारों से भी उलझ रहे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकान के आगे दूसरे लोग वाहन खड़ा कर बाजार करने निकल जाते हैं। इससे उनके ग्राहकों को बाइक खड़ा करने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वह किसी दूसरे दुकान पर चले जाते हैं इस कारण व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बता दें कि नया बाजार केसठ में प्रखंड क्षेत्र के लगभग दर्जोनो गांव के लोग हर दिनर खरीदारी करने आते है। गांव से दूर बाजार होने के कारण लोग अपने वाहन से बाजार आते है। लोग इधर उधर सड़क के किनारे अपने वाहन को पार्क कर देते है। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है।



# कड़ी सुरक्षा के बीच एसएस कॉलेज परिसर में होगी जहानाबाद लोकसभा के मतों की गिनती

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

लोक सभा को लेकर 4 जून को होने वाली मतगणना से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मतगणना कार्य प्रातः 08:00 बजे से एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद में प्रारंभ किया जाएगा। मतगणना परिसर में किसी भी परिस्थिति में कोई भी पदाधिकारी, कर्मी अथवा अभ्यर्थी/मतगणना अभिकर्ता का प्रवेश पत्र के बिना प्रवेश वर्जित है। मतगणना परिसर में किसी भी परिस्थिति में कोई भी पदाधिकारी, कर्मी अथवा अभ्यर्थी/मतगणना अभिकत्र्ता को मोबाईल, कैलकूलेटर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित है। 36 जहानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 214-अरवल, 215-कुर्था, 216-जहानाबाद, 217-घोषी, 218-मखदुमपुर तथा 233-अतरी विधान सभा क्षेत्र में मतदान समाप्ति के उपरांत एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद में पोल्ड ई.वी.एम. स्थापित बज्रगृह में सुरक्षित रखे जा चुके है। मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए चाय, पानी एवं नास्ता तथा खान-पान की व्यवस्था निर्धारित समय से नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कल्याण कोषांग द्वारा किया जा रहा है। पेयजल की व्यवस्था में सहयोग हेतु विधान सभा वार मजदूर की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि प्रत्येक मतगणना हॉल में पानी पीने के लिए पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े। इस कार्य के सतत पर्यवेक्षण हेतु कार्यपालक अभियंता, पी.एच.ई.डी. को वरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति की गई है, इनका दायित्व होगा कि मतगणना में लगे पदाधिकारी एवं कर्मियों को ससमय भोजन उपलब्ध कराया जा सके। साथ हीं मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं बल के नाश्ता/भोजन की संख्या का आकंलन कर आपूर्ति/उपलब्ध हेतु तैयारी कर ली गयी है।

मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों तथा अन्य को प्रवेश पास कार्मिक कोषांग द्वारा निर्गत किया जाएगा। एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद के मुख्य गेट के समीप पास वितरण की व्यवस्था की जाएगी।

## इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित



## पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल तैनात

मतगणना कार्य को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति जिला गोपनीय शाखा से की गई है। सुरक्षा के दृष्टी से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे। असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों एवं कर्मियों प्राथमिक उपचार हेतु चिकित्सा दल के साथ आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं एवं एम्बुलेंस के साथ प्रतिनियुक्ति करेंगे।

## मतों की गिनती के लिए विधानसभा वार स्थल निर्धारित

214-अरवल मतगणना स्थल एस.एस. कॉलेज परिसर में अवस्थित सभा कक्ष भूतल में किया गया है। 215-कुर्था का मतगणना स्थल एस.एस. कॉलेज परिसर में अवस्थित मुख्य भवन के प्रथम तल पर हॉल नंबर 07 में, 216-जहानाबाद का मतगणना स्थल अर्थशास्त्र भवन भूतल हॉल के बाये तरफ, 217-घोषी का मतगणना स्थल मुख्य भवन के द्वितीय तल के हॉल नंबर 11 में, 218-मखदुमपुर का मतगणना स्थल मुख्य भवन के द्वितीय तल के हॉल नंबर 10 में तथा 233-अतरी मुख्य भवन के प्रथम तल के हॉल नंबर 06 में मतगणना होगी।

## जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हिनगंज बाजार के समीप हुई घटना

# ड्यूटी जा रहे जगदीशपुर रजिस्ट्री ऑफिस के क्लर्क की सड़क हादसे में मौत, मातम

- अज्ञात वाहन की ठोकर से डिवाइडर से टकराई बाइक और चोट लगने से चली गयी जान
- इलाज के लिए दुलौर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के दौरान मौत

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-मोहनियां हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हिनगंज बाजार के समीप सोमवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार रजिस्टार ऑफिस के एक क्लर्क की मौत हो गई। इलाज के लिए दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार मोहल्ला निवासी स्व.ददन लाल का 32 वर्षीय पुत्री रवि शंकर कुमार थे। वह जगदीशपुर रजिस्टार ऑफिस में क्लर्क थे। उनकी इसी साल मार्च माह में शादी हुई थी।? उनके चचेरे ससुर लल्लू कुमार ने बताया कि रविशंकर रोज की तरह सोमवार को बाइक से जगदीशपुर स्थित अपने ऑफिस जा रहे थे। उसी दौरान दुल्हिनगंज बाजार के समीप किसी वाहन ने उनकी बाइक के पीछे से जोरदार ठोकर मार दी।उससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर टकरा गई और वह गिर पड़े।उसमें वह गंभीर रुप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए उन्हें दुलार स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन पहुंचे, तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उधर, सूचना मिलने के बाद महागठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी सह तरारी विधायक सुदामा प्रसाद भी पहुंचे अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलकर ढांढ़स बंधाया। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया। उनके साथ भाकपा-माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## आरा-मोहनियां हाइवे पर सोमवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना



## शादी के तीन माह बाद ही उजड़ गया स्नेहा का सुहाग



रवि शंकर कुमार की सड़क हादसे में मौत से उनके घर में कोहराम मचा है। घर में रोना-धोना और चीत्कार मचा है। सबसे बुरा हाल पत्नी स्नेहा कुमारी का है। शादी के तीन माह बाद ही उसका सुहाग उजड़ गया। रविशंकर दो भाई और दो बहनों दूसरे स्थान पर था। उनकी शादी इसी साल मार्च में स्नेहा से हुई थी। ऐसे में स्नेहा के हाथों की मेंहदी भी नहीं छुटी थी कि उसका सिंदूर उजड़ गया। मां रंजना और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बालू लेने भोजपुर आये वैशाली निवासी ट्रक के खलासी की हादसे में मौत

**आरा।** चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव स्थित बालू घाट सोमवार की सुबह लकड़ी के गुल्ले से चोट लगने से वैशाली निवासी ट्रक के एक खलासी की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक वैशाली जिला के कटहरा ओपी क्षेत्र के दुलहपुर गांव निवासी बिंदेश्वर राय का 19 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार था। उसके साथ रहे ड्राइवर ने बताया कि दोनों ट्रक लेकर अपने गांव दुलहपुर से बहियारा स्थित घाट 6 बी पर बालू लोड करने आए थे। प्रिंस वह अपने ट्रक पर बालू लोड कर रहा था। उसके पीछे एक ट्रक लगा था। उसके टायर के नीचे लकड़ी का गुल्ला लगा था। ट्रक आगे बढ़ा, तो गुल्ला छटक कर उसके सीने पर जा लगा। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे अन्य ट्रक चालकों के सहयोग से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों की ओर से उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि प्रिंस अदो भाई में बड़ा था। उसके परिवार में मां संजू देवी और भाई आयुष कुमार है।

## 10 लीटर शराब जब्त धंधेबाज फरार

**दिनारा।** पुलिस ने 10 लीटर देसी शराब बरामद किया है। हालांकि कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के मिल्की मनिहारी गांव में धड़ल्ले से शराब बिक्री की जा रही है । मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए थानाध्यक्ष श्री कुमार के निर्देशन में स्थानीय थाना के सअनि नंदकिशोर प्रसाद पुलिस बल के साथ चिन्हित स्थल पहुंच छापेमारी शुरू कर दी । छापेमारी के दौरान उक्त स्थल से पुलिस ने 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर लिया । लेकिन पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भाग निकला । थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना के सअनि श्री प्रसाद द्वारा मिल्की मनिहारी निवासी अजीत चौधरी नामक कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कराया गया है । उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही मामले में संलिप्त फरार कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 15 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**दिनारा।** पुलिस ने देसी शराब के साथ एक कारोबारी को घर दबोचा । भानस ओपीध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के रूप्पी गांव में छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान पुलिस ने 15 लीटर देसी महुआ शराब के साथ उसी गांव के रहने वाले उमाशंकर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एक नजर

### दिनारा प्रखंड क्षेत्र में लगेंगे बिजली के स्मार्ट प्रीपेड मीटर, तैयारियां पूरी

**दिनारा।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा के कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि प्रखंड दिनारा के सभी उपभोक्ताओं के परिसर में मंगलवार से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगेंगे। वैसे उपभोक्ता जो मीटर लगाने का विरोध करेंगे उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिहार इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड में प्रावधान है कि उपभोक्ता द्वारा यदि बिजली के काम में बाधा पहुंचायी जाती है तो उनका बिजली कनेक्शन काटा जा सकता है। बिजली कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है। बिजली कंपनी को नए मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं से सहमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। जो कंपनी अपने अनुसार हर घर में स्मार्ट मीटर लगा सकती है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है, इसमें तीन स्पष्ट आदेश है जिसके तहत स्मार्ट मीटर हर घर में लगाना अनिवार्य किया गया है। उसके लिए बिजली कंपनी को किसी की सहमति की जरूरत नहीं होगी । स्मार्ट मीटर प्रीपेड में पैसा समाप्त होने पर स्वतः बिजली कट जाएगी। उपभोक्ताओं को इसके लिए बिजली कंपनी को नोटिस देने की भी आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं को इसके लिए स्वयं जागरूक होना होगा कि मीटर का पैसा समाप्त नहीं हो। बिजली कंपनी को पुराने मीटर बदलने के लिए भी उपभोक्ताओं से सहमति लेने की आवश्यकता नहीं है । पुराने मीटर बदलने के लिए सहमति की आवश्यकता नहीं ,केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने जारी किया आदेश। आपको बता दें कि विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा में 33 हजार 146 उपभोक्ता हैं। इन सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अधिष्ठापित की जाएगी। स्मार्ट मीटर लगाने के पीछे बिजली चोरी को रोकना और राजस्व घाटे से निजात पाना उद्देश्य है।

### बालू लदे ओवर लोड़ तीन ट्रैक्टर जब्त, केस दर्ज

**नसरीगंज।** नसरीगंज पुलिस ने ओवरलोडेड बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। ट्रैक्टर चालक व मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोन नदी से ओवरलोडेड बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल से ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने कहा कि उक्त मामले में तीनों ट्रैक्टर के चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज किया गया है। जिसकी सूचना संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। जो जब्त तीनों ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस की निगरानी में रखा गया है।

### बाइक सवार चाट में गिरकर हुआ जख्मी

कराकाट। कराकाट थाना क्षेत्र के अमरथा नान्हों मोड़ समीप ट्रैक्टर से बाइक साइड लेने पर बाइक चाट में पलट गया जिसमें बाइक सवार जख्मी हो गया। बाइक सवार अमरथा गांव निवासी एसबीआई सीएसपी संचालक 45 वर्षीय शिवानंद मधुकर बताया जाता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि सीएसपी संचालक शिवानंद मधुकर अमरथा गांव से बेलवाई बाजार में सीएसपी खोलने जा रहे थे । तभी अमरथा व नान्हों गांव के मोड़ के पास लोहे का सरिया लदा ट्रैक्टर सामने से आ रहा था अपने बचाव में साइड लेने के उपरांत बाइक सहित चाट में पलट गया।

## दुकान पर बैठे युवक को बदमाशों ने सरेराह मार दी गोली, घायल

- चांदी और संदेश थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित प्रतापपुर की घटना
- गोली मारे जाने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं, छानबीन में जुटी पुलिस
- निजी अस्पताल में युवक का कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

चांदी और संदेश थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके प्रतापपुर स्थित एक मार्केट में सोमवार की दोपहर बदमाशों ने दुकान पर बैठे एक युवक को गोली मार दी। गोली उसके सीने को छुते हुए निकल गई है। इससे वह जख्मी हो गया, जिसका इलाज आरा के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक प्रतापपुर गांव निवासी 22 वर्षीय अभिराज सिंह है। इधर, दिनदहाड़े गोली मारे जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। गोली मारे जाने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि सूत्रों के अनुसार आपसी विवाद में गोली मारे जाने की चर्चा है। सूचना मिलने पर चांदी एवं संदेश थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर युवक प्रतापपुर गांव स्थित एक मार्केट में अपने दोस्त की दुकान पर बैठा हुआ था। तभी एक बदमाश पहुंचा और उसे गोली मार दी। उसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए शहर स्थित निजी अस्पताल लाया गया। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## जहानाबाद लोकसभा सीट से एनडीए व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने किया जीत का दावा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जहानाबाद लोकसभा सीट पर मतदान संपन्न होने के बाद जीत-हार की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। आगामी चार जून को जहानाबाद जिला मुख्यालय के पास स्थित कॉलेज में मतगणना होनी है। मतगणना में ही साफ होगा कि किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा। हालांकि इस बीच एनडीए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। एक ओर जहां एनडीए से जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी का कहना है कि जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर हर जाति-धर्म के लोगों ने मुझे वोट किया है। मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए विकास कार्यों के आधार पर वोट मिला है। ऐसी स्थिति में मेरी जीत सुनिश्चित है। वहीं, दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद यादव का कहना है कि इस बार मुझे लोगों का अपार समर्थन मिला। साथ ही हर जगह से मुझे बहुत भारी वोट भी प्राप्त हुआ है। इसलिए मेरी जीत तय है। मेरी लड़ाई किसी से नहीं है। जितना वोट पोल हुआ है उसमें आधा मेरे पक्ष में है और शेष आधा में बाकी



अन्य प्रत्याशियों का है।

इसके साथ ही सुरेंद्र यादव ने एग्जिट पोल में एनडीए को दिखाई गई 400 सीट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र के लोग भूखे और प्यासे हैं। ऐसी स्थिति में 405 एग्जिट पोल में दिखाना हास्यापद है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि प्रशासन के लोग सत्ता पक्ष के प्रत्याशियों के जिताने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। यही कारण है कि मतदान के 20 घंटे बीत जाने के बाद भी मुझे अब तक वोट पोलिंग पर्सेंट की लिस्ट नहीं दी गई है। जबकि इसके लिए मैंने निर्वाचन पदाधिकारी समेत कई अधिकारियों को लिखित आवेदन भी दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार चाहे कुछ भी हो, हम छोड़ने वाले नहीं है। इसके लिए कुछ भी करना पड़े।

## ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि यानि 6 जून को सुहागिनें रखेंगी सावित्री व्रत

# पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनें करेंगी वट वृक्ष पूजन

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 6 जून को वट सावित्री व्रत रखा जायेगा । इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने जीवनसाथी की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं । इस वर्ष वट सावित्री व्रत के दिन रोहिणी नक्षत्र और धृति योग बन रहा है । इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष, देवी सावित्री और सत्यवान की पूजा करती हैं।



इस संदर्भ में ज्योतिषाचार्य दिनेश पांडेय, ज्योतिषाचार्य जनार्दन पाठक,आचार्य हरिशरण दुबे,आचार्य अक्षयवर पांडेय ने बताया कि इस वर्ष पंचांग के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 05 जून को संध्या काल 07 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी और यह तिथि 06 जून को संध्या 06 बजकर 07 मिनट पर खत्म होगी । सभी ने बताया कि शास्त्र के अनुसार उदयातिथि के दिन ही कोई भी व्रत करने की मान्यता दी गई है। उसी आधार पर वट सावित्री व्रत 6 जून दिन गुरुवार को रखा जाएगा। सभी ने कहा कि वट सावित्री व्रत वाले दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:02 बजे से 4:42 तक है। वहीं शुभ मुहूर्त या अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:52 बजे से 12:48 बजे दोपहर तक है। व्रत वाले दिन धृति योग प्रातःकाल से लेकर रात 10 बजकर 09 मिनट तक है। उसके बाद शूल योग प्रारंभ होगा। वहीं रोहिणी नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर रात 08:16 बजे शाम तक है, उसके बाद से मृगशिरा नक्षत्र रहेगा। उनलोगों ने बताया कि देवी सावित्री और सत्यवान की मूर्ति या तस्वीर, वट सावित्री व्रत कथा और पूजा विधि की पुस्तक, रक्षा सूत्र, कच्चा सूत, बरगद का फल, बांस का बना पंखा, कुमकुम, सिंदूर, फल, फूल, रोली, चंदन, अक्षत, दीपक, गंध, इत्र, धूप, सुहाग सामग्री, सवा मीटर कपड़ा, बताशा, पान, सुपारी, पूड़ी, गुड़, भींगा चना, मूंगफली, घर पर बनाए पकवान, पाली का कलश, मखाना, नारियल, मिठाई खास तौर से रखे । साथ ही साथ उस मास में होने वाले ऋतुफल को अवश्य रखें।

पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी दिन देवी सावित्री ने अपने पति सत्यवान के जीवन की रक्षा के लिए यमराज के पीछे चल दीं । वह तब तक उनके पीछे रहीं, जब तक यमराज ने उनको पुनर्जीवन नहीं दे दिया। यह घटना ज्येष्ठ अमावस्या के दिन हुई थी, इस वजह से इस तिथि को वट सावित्री व्रत का नाम रखा गया और तब से इस व्रत को रखा जाने लगा । तब से इस घटना से देवी सावित्री अमर हो गईं । उन्होंने कहा कि सत्यवान को वट वृक्ष के नीचे ही जीवनदान मिला था, इसलिए इस व्रत में वट सावित्री, सत्यवान के साथ उसकी भी पूजा होती है । जो महिलाएं वट सावित्री व्रत रखती हैं, उनके जीवनसाथी की आयु लंबी होती है। जिससे दांपत्य जीवन खुशहाल होता है और घर में सुख-समृद्धि आती है।



# मतगणना आज... जिला प्रशासन ने तैयारी की पूरी, 14 टेबल पर होगी विधानसभावार मतगणना

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने नवीन मंडी में बने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**केटी न्यूज / बलिया**

चार जून यानी आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने सोमवार को तीखमपुर स्थित नवीन मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में स्थापित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण कर बैरीकेडिंग आदि के संबंध में जायजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बता दें कि शहर के तिखमपुर नवीन मंडी में चार जून यानी मंगलवार को होने वाली मतगणना के लिए विधान सभावार टेबल लगाए गए है। आपको बता दे कि मतगणना के लिए कुल 14 टेबल लगाए गए है। मतगणना सुबह आठ बजे से आरम्भ हो जाएगी। वही सभी पार्टियों के एजेंट की मौजूदगी और फोर्स की देखरेख में ईवीएम मशीन मतगणना टेबल ले जाए जाएंगे। जिसकी तैयारी जिला प्रशासन ने पूरी कर लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंडी सचिव को मतगणना के दिन बेहतर साफ सफाई, पीने के पानी एवं शौचालय आदि की प्रॉपर व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## पैरा मिलिट्री की दो कंपनी व एक प्लाटून तैनात रहेंगे मतगणना टेबल के पास

**बलिया।** तीखमपुर स्थित नवीन मंडी में चार जून को मतगणना के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से तीन लेयर बनाए गए हैं। वहीं सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। कुल मिलाकर सुरक्षा के ऐसे इंतजाम किए गए हैं, जिससे परिंदे भी पर न मार सकें। तीन लेयर की सुरक्षा की बात करें तो अंदर यानी स्टॉग रूम व विधानसभावार मतगणना टेबल के पास पैरा मिलिट्री की दो कंपनी व एक प्लाटून तैनात रहेंगे। जबकि बीच में यानी मंडी परिसर में पीएसी की एक कंपनी व दो प्लाटून मुस्तैद रहेंगे। इसके अलावा नवीन मंडी गेट के बाहर एएसपी दो, सीओ छह, एसएचओ एसओ 22, इंस्पेक्टर 15, एसआई 110, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल 820 व महिला आरक्षी 60 तैनात रहेंगे। इसके अलावा फायर सर्विस के दो वाहन जिसमें से एक नवीन मंडी परिसर में तथा दूसरा नवीन मंडी परिसर के गेट के बाहर खड़े रहेंगे।

## मतगणना के मद्देनजर होगा रूट डायवर्जन

**बलिया।** सिविल लाइन स्थित कार्यालय में एसपी देवरंजन वर्मा ने सोमवार की शाम बताया कि तीखमपुर स्थित मंडी में सकुशल मतगणना संपन्न कराने के लिए चार जून को रूट डायवर्जन किया गया है। शंकरपुर तिराहे से एनसीसी तिराहे तक प्रातः 5 बजे से मतगणना की समाप्ति तक निजी वाहनों का संचालन प्रतिबन्धित रहेगा। मतगणना में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी का भी वाहन संचालित नहीं होगा। बांसडीहरोड की तरफ से शहर में आने वाले समस्त निजी वाहन शंकरपुर तिराहे से डायवर्ट होकर सुखपुरा होते हुए अपने गंतव्य स्थान को जायेंगे। बलिया शहर से बांसडीहरोड की तरफ जाने वाले समस्त निजी वाहन टीडी कालेज चौराहा, कुंवर सिंह चौराहा से हनुमानगंज होते हुए अपने गंतव्य स्थान की तरफ जायेंगे। प्रातः समय 05.00 बजे से एनसीसी तिराहे से लेकर मण्डी गेट तिखमपुर, टकरसन व शंकरपुर तिराहे तक कोई भी निजी वाहन संचालित नहीं होगा केवल लोकसभा प्रत्याशीगण, मतगणना कर्मी, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण तथा मतगणना एजेन्ट के वाहनों को एनसीसी तिराहे से प्रवेश दिया जायेगा, जो सेन्ट्रल वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में बने पार्किंग स्थल में पार्क होंगी।

## खबरें फटाफट

### मतगणना के लिए पुलिस ने किया रूट डायवर्जन

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए रूट डायवर्जन चार जून को किया गया है। उन्होंने बताया कि हाई–वे तिराहा अरसदपुर– जंगीपुर से कोई भी वाहन नवीन मंडी जंगीपुर की तरफ नहीं जाएगा। बता दें कि यादव मोड़ जंगीपुर से कोई भी वाहन नवीन मंडी जंगीपुर की तरफ नहीं जाएगा। तारनपुर मोड़ जंगीपुर से कोई भी वाहन नवीन मंडी जंगीपुर की तरफ नहीं जाएगा। देवकठिया पुल के नीचे जंगीपुर के तरफ से कोई भी वाहन मंडी जंगीपुर की तरफ नहीं जाएगा। देवकठिया एफसीआई गोदाम जंगीपुर से कोई भी वाहन नवीन मंडी जंगीपुर की तरफ नहीं जाएगा। बिचैलिया तिराहा कोतवाली से कोई भी वाहन नवीन मंडी जंगीपुर की तरफ नहीं जाएगा। अंधऊ चेक पोस्ट कोतवाली से कोई भी वाहन नवीन मंडी जंगीपुर की तरफ से नही जाएगा।

### अफजाल अंसारी के मामले में उच्च न्यायालय में दो जुलाई को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में मिली सजा बढ़ाने की मांग में दाखिल सरकार की अपील पर सोमवार को अफजाल अंसारी के वकील ने आपत्ति दाखिल की। कोर्ट अब इस मामले में दो जुलाई को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह के समक्ष अफजाल अंसारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल चतुर्वेदी एवं डीएस मिश्र व एडवोकेट उपेंद्र उपाध्याय और राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव ने बहस की।
बता दें कि अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए ने चार साल कैद की सजा सुनाई है। इसके खिलाफ अफजाल अंसारी ने अपील दाखिल की है। अपील में सजा को रद्द करने की मांग की गई है। विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड के आधार पर मुख्तार अंसारी, अफजाल अंसारी और एजाजुल हक पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा कायम किया गया था।

### मऊ के पिपरिडीह गांव के पास स्थित रेलवे लाइन पर हुई घटना

# दो किशोरियों का रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला शव, हिरासत में युवक

- परिजन बोले - आठ बजे के लगभग दोनों किशोरियां घर के बगल में शौच के लिए गई थीं
- रोशनी निवासी कोयलाघाट कोतवाली जिला आजमगढ़ 4 दिन पूर्व नखतपुर उनके घर आयी थी ननिहाल



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

गाजीपुर के मरदह थाना के नखतपुर गांव निवासी शालू (15) और रोशनी (15) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बीते रविवार की देर रात्रि में मऊ के पिपरिडीह गांव के पास स्थित रेलवे लाइन की पटरी पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। जिससे गांव में कोहराम मच गया। शालू और रोशनी की रिश्ते में सगी मौसी है। परिवार के लोगों ने बताया कि रात्रि में 8 बजे के लगभग दोनों किशोरियां घर के बगल में शौच के लिए गई थी। देर तक घर वापस न आने पर घर परिवार के लोग गांव के सिवान में दोनों को ढूढ़ते रहे लेकिन दोनों का पता नहीं लग सका। रात्रि में दो बजे के लगभग पिपरिडीह के पास दो लड़कियों का शव ट्रेन की पटरी पर पड़े मिलने की सूचना पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। तब उन्होंने दोनों की शिनाख्त रोशनी, शालू निवासी नखतपुर थाना मरदह के रूप में की। नखतपुर निवासी शालू के पिता लालमणी राम किसान हैं। उनकी 6 पुत्रियां है। जिसमें शालू सबसे छोटी थी।

### गांव में फैली सनसनी

बड़ी पुत्री प्रियंका की पुत्री रोशनी निवासी कोयलाघाट कोतवाली जिला आजमगढ़ 4 दिन पूर्व नखतपुर उनके घर ननिहाल में आयी थी। शालू कक्षा 9 की, रोशनी कक्षा 8 की छात्रा थी। दोनों के ट्रेन से कटकर मरने की सूचना पर गांव में सनसनी फैल गई। थाना सरायलखंसी की पुलिस ने दोनों किशोरियों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों ने बताया की किशोरियों के घर से जाने के मामले में गांव के ही एक युवक की भूमिका संदिग्ध है। वह युवक रात्रि में दोनों किशोरियों के घर से गायब होने के बाद लोगों के साथ ढूंढने में साथ–साथ घूम रहा था।

### गांव में तरह–तरह की चर्चा

किशोरियों के शव मिलने के बाद परिवार वालों की शिकायत पर मरदह पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है। रात्रि घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं की जा रही है। किशोरियां घर से 6 किमी दूर किन परिस्थितियों में स्वयं अपनी मर्जी से गयी या कोई बहकाकर लेकर गया। रेलवे पटरी पार करते वक्त ट्रेन के चपेट में आ गई या किसी व्यक्ति ने उन्हें ट्रेन के सामने धक्का दे दिया। इसको लेकर तरह – तरह की चर्चाएं की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## अर्धनग्न अवस्था में मिला विवाहिता का शव, प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

गाजीपुर के सादात थाना अंतर्गत एक गांव स्थित घर से सोमवार की सुबह में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने विवाहिता के घर से भाग रहे उसके प्रेमी को दौड़ाकर पकड़ लिया और जमकर पीटा। मृत विवाहिता के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने पकड़े गए उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि सोमवार की भोर में सैदपुर के सादात थाना अंतर्गत एक गांव स्थित घर से पुलिस ने एक 36 वर्षीय विवाहित महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में बरामद किया। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए उसके प्रेमी को भी हिरासत में ले लिया।

मृतक महिला के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक विवाहित महिला के पुत्र ने बताया कि बीते रविवार की शाम मेरे ननिहाल नंदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव के रहने वाला एक आदमी मेरे घर आया। जो अक्सर पिताजी के नहीं रहने पर घर आता- जाता था। सुबह 4 बजे आवाज आने पर हम लोगों की नींद खुली और जब हम लोग मां के कमरे में गए, तो देखा कि दोनों नंगे बदन थे, ननिहाल का वह आदमी मेरी मां का गला दबा रहा था। इस पर हम लोगों ने शोर मचाया, तो वह कपड़े पहन कर घर से भागने लगा। जिसे आस-पड़ोस के लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। जब हम लोग मां के पास पहुंचे, तो उनका शरीर सुन्न पड़ चुका था। वह कोई जवाब नहीं दे रही थी।

सदात थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि विवाहिता के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उसके पुत्र की तहरीर पर उसके घर से भागते समय ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए एक आरोपी के ऊपर हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

**मऊ।** अपर प्रधान न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाकर शमीम रिजवी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्वावधान में दिनाक 13 जुलाई 2024 दिन शनिवार को सुबह 10:00 बजे से 5:00 बजे तक दीवानी न्यायालय मऊ के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश, मऊ के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विहित विषय वस्तुओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ-साथ मध्यस्था मामलों हेतु आरबिट्रेशन विशेष लोक अदालत एवं आवश्यकता अनुरुप सभी आपसी सुलह योग्य अपराधिक वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें,धारा 138 पराकम्य लिखित अधिनियम, पारिवारिक / वैवाहिक मामले, दीवानी वाद, मेड़बन्दी, एवं दाखिल खारिज, पंजीयन / स्टाम्प वाद चकबन्दी वाद, धारा 446 दं०प्र०सं० से सम्बन्धित मामले, पब्लिक प्रीमाइसेज एक्ट सम्बन्धी मामले, उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रकरण, स्थानीय विधियों के अंतर्गत शमनीय वाद, भूमि आध्याप्ति वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत चालान, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मनोरंजन कर अधिनियम के अन्तर्गत चालान, बाट तथा माप (प्रचालन) अधिनियम के यूपी दुकानें और वाणिज्य अधिनियम चालान, मोशन पिक्चर्स अधिनियम के तहत चालान अन्तर्गत चालान, आबकारी अधिनियम संबंधी वाद, गैम्बलिंग एक्ट, नगर निगम / नगर पालिका के अन्तर्गत चालान, विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चालान, अंतिम आख्या मोबाईल एवं केबल नेटवर्क संबंधित प्रकरण, प्रीलिटिगेशन प्रकरण, आर०टी०ओ० चालान, व अन्य, वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा।

### अपने ही विक्रेताओं व पियक्कड़ों के विरुद्ध ताड़ी ठेकेदार ने दी तहरीर

**बलिया।** दुबहड़ थाना क्षेत्र के एक ताड़ी व्यवसायी ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित सुभाष चंद्र पासी ने दुबहड़ थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि 'वह आबकारी विभाग से लाइसेंस धारी ताड़ी व्यवसायी है। ग्राम सभा नगवा में मेरे नाम से ताड़ी का ठेका है। मैं अपने सुविधानुसार ताड़ी बेचने के लिए कुछ लोगों को अलग-अलग दिया हूं। लेकिन ये लोग अब ताड़ी का पैसा नहीं दे रहे हैं। इसके वजह से मुझे आबकारी विभाग का टैक्स जमा करने में परेशानी हो रही है।' ठेकेदार का आरोप है कि जब मैं अपने विक्रेताओं से पैसा मांगने जाता हूं तो वे वहां के स्थानीय दबंग पियक्कड़ों से धमकी दिलवाते है। बिना कारण हमें परेशान भी करते हैं। ताड़ी व्यवसायी ने विक्रेताओं व स्थानीय दबग पियक्कड़ के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर पैसा दिलवाने की गुहार लगाई है।

## एक किलो चांदी व आभूषण के साथ बदमाश गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर थाने की पुलिस ने बीते रविवार को गांव स्थित भगवती माता मंदिर गेट के पास से एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक किलो चांदी, करीब 70 हजार के आभूषण, सिक्के, एक की-पैड, मोबाइल आदि बरामद किया गया। पकड़ा गया शातिर बदमाश रितेश राय उर्फ बमभोला निवासी रेवतीपुर पट्टी बहोरिक राय को दबोच लिया। पुलिस ने पकडे गए बदमाश को चोरी के आभूषण के साथ पकडकर थाने लाई और कड़ी पूछताछ की। इसके बाद सोमवार की दोपहर उसका संबंधित धाराओं में चालान करने के साथ ही मेडिकल मुआयना कराने के बाद बरामद चांदी के आभूषण आदि के साथ उसे सक्षम न्यायालय में पेश किया गया। उसके ऊपर लगाए गए आरोपों की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया।

पकडे गए बदमाश के पास से पुलिस ने चांदी के एक अदद करधनी, छह अदद सिक्का, दो जोड़ी पायल, एक लाकेट , एक चैन, एक जोड़ी बिच्छिया, एक तावीज और एक सैमसंग कंपनी का की-पैड मोबाइल बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वह अपने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि उन्हें सूचना मिली कि एक संदिग्ध मंदिर के पास चोरी के आभूषण के साथ खड़ा है। वह कहीं सामान लेकर भागने की फिराक में है। उन्होंने बताया कि पकडा गया बदमाश शातिर किस्म का है। उसके खिलाफ रेवतीपुर थाने में छह विभिन्न मुकदमें संगीन धाराओं में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस पकडे गए बदमाश की पिछले एक साल से तलाश में जुटी हुई थी।

मगर वह हर बार पुलिस को चकमा दे फरार हो जाता था। थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि चोरी के चांदी के आभूषण व मोबाइल के साथ पकडे गए बदमाश का चालान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाश को पकडने में उनके साथ उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र राय, राजेश यादव, सम्पूर्णानन्द, संगम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## बिजली मिस्त्री ने फांसी लगाकर दी जान

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रसादपुर छावनी लाइन में अज्ञात कारणों से बिजली मिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बता दें कि सुनील पुत्र लालजी कुशवाहा निवासी प्रसादपुर छावनी लाइन जो बिजली का काम करता था। आज सुबह जब उसकी पत्नी बाहर बर्तन धो रही थी। तभी सुनील ने कमरे में छत से लगे हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गयी। शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। गोराबाजार चौकी इंचार्ज ने बताया कि बिजली मिस्त्री सुनील ने क्यों आत्महत्या की है इसका कारण पता लगाया जा रहा है।

## लाठी डंडे से मार कर दामाद को किया घायल

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के कुछमन गांव में पत्नी का विदाई कराने गए पति से नाराज ससुराल पक्ष के लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप घायल कर दिया। सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के खड़ेहरा गांव निवासी दाऊ राम की शादी कुछमन गांव निवासी संजय राम की पुत्री बिन्दी से शादी हुई है इन दिनों बिन्दी ससुराल से नाराज होकर मायके आयी हुई है। पत्नी की विदाई करने रविवार की देर शाम पति दाऊ पहुंचा तो इससे नाराज ससुर संजय राम, साला सूरज,सास सीमा,साहित ससुर का भाई अनिल आग बबूला हो गए और लाठी डंडा से हमला कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी मतों की गणना करेंगे 376 कर्मी

# नवीन मंडी में आठ बजे शुरू हो जाएगा मतगणना

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सोमवार को नवीन मंडी में मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी व कार्मिकों को आयोग की गाइड लाइन से अवगत कराया। कहा कि आयोग के नियमों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। बताया कि मतगणना कार्य सुबह आठ बजे नवीन मंडी परिसर में शुरू हो जाएगा। इसलिए मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियों पहले ही पूर्ण कर ली जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी कार्मिक एवं एजेंट को मतदान कक्ष में मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मोबाइल जमा करने हेतु क्लॉक रूम की व्यवस्था की गई है। 304 कार्मिक ईवीएम काउंटिंग एवं 72 कार्मिक पोस्टल बैलेट की गिनती में लगाए गए है। सभी कार्मिक प्रत्येक दशा में प्रातः 6 बजे नवीन मंडी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मतगणना स्थल की सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। बताया कि नवीन मंडी में विधानसभा वार अलग अलग कक्ष बनाए गए हैं। विधानसभा वार 14-14 टेबल पर मतगणना का कार्य किया जाएगा। चकिया और मुगलसराय विधानसभा की गणना 30 राउंड, सकलडीहा और सैयदराजा विधानसभा की गणना 26-26 राउंड में की जाएगी। पोस्टल बैलेट एवं डाक मतपत्र ई टीपीबीएस (सर्विस वोटर्स) की गिनती आरओ हॉल में होगी, जिसके लिए 14 टेबल डाक मतपत्र एवं 20 टेबल ईटीपीबीएस स्कैन करने के लिए लगाए गए हैं।

कहा कि पोस्टल बैलेट की गणना हेतु होम वोटिंग एवं वोटर फैसिलिटेशन सेंटर पर प्राप्त पोस्टल बैलेट तथा सर्विस वोटर से प्राप्त ईटीपीबीएस की स्कैनिंग भी प्रातः 8 बजे से की जाएगी। स्कैनिंग के उपरांत ईटीपीबीएस मतों की गणना की जाएगी। जितने भी टेबल लगाए गए हैं सभी प्रत्याशी उस पर अपना एजेंट नियुक्त कर सकते हैं। मतगणना के रुझान व परिणाम के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी लोग निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर मतगणना के रुझान एवं परिणाम जान सकते हैं।

कहा कि हीट वेव एवं गर्मी से बचाव हेतु मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। शीतल जल, मट्ठा एवं कूलर की समुचित व्यवस्था की गई है। हीट वेव से बचाव हेतु पर्याप्त ओआरएस, मेडिकल किट एवं मेडिकल टीम भी मतगणना स्थल पर उपलब्ध रहेगी। प्रत्याशी, उनके अभिकर्ता, मतगणना कार्मिकों एवं अन्य कर्मचारियों के बैठने के स्थान पर पंखे, कूलर आदि की व्यवस्था की गई है। सभी कार्मिकों को अपनी आवश्यक दवाएं अपने साथ ले जाने की अनुमति दी गई है। मतगणना में लगे सभी कार्मिकों को हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। कार्मिकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था रामपुर मचियां जीटी रोड (सर्विस लेन के बगल में) की गई है। राजनीतिक दलों के लिए नरसिंहपुर अंडरपास के सामने (मंदिर के बगल) एवं साथ ही रामपुर मचिया में की गई है।

# बलिया आनंदनगर मोहल्ले में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- यूपी के चंदौली जिले का रहने वाला है मृतक
- किराए की मकान में रहता था युवक छानबीन में जुटी पुलिस
- मौत के बाद भी युवक के बारे बताने से आनाकानी कर रहे थे मंडी चौकी इंचार्ज

**केटी न्यूज / बलिया**

शहर कोतवाली क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में किराया के मकान पर रह रहे एक युवक ने रविवार की देर रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों को घटना की सूचना से अवगत कराया। मृतक की शिनाख्त विशाल सैनी 22 वर्ष पुत्र सुनील सैनी निवासी नौबतपुर थाना सैईदराजा जिला चंदौली के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार चंदौली जनपद के थाना सैईदराजा क्षेत्र के नौबतपुर निवासी विशाल सैनी बलिया जिले के शहर कोतवाली के मंडी चौकी अंतर्गत आंनद नगर मोहल्ला निवासी राजू चौरसिया के मकान में किराए पर रहता था। जहां रविवार की रात करीब 10 से 10:15 के बीच फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक ने आत्महत्या क्योंकि की। इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। इस मामले में जब कोतवाली अंतर्गत मंडी चौकी इंचार्ज से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि युवक को अस्पताल भेजा गया है। जबकि युवक की मौत रात में ही हो चुकी थी और उसे मृत अवस्था में पुलिस जिला अस्पताल ले गई थी। इसके बावजूद भी मंडी चौकी इंचार्ज बताने में आनाकानी कर रहे थे। जिससे चौकी इंचार्ज के कार्यशैली पर सवालिया निशान उठ रहे है।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान



**बलिया।** उभांव थाना क्षेत्र के करनी गांव में पारिवारिक कलह से तंग आकर रविवार की रात एक विवाहिता ने अपनी मासूम पुत्री के साथ गले में फांसी का फंदा डाल जान दे दी। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह परिजनों को हुई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि करनी निवासी रामकेवल की शादी वर्ष 2021 में सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के डूहा बिहरा नारायणपुर निवासिनी सरिता वर्मा (30) के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के दो वर्ष बाद से ही ससुरालीजन को दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करते रहे। पति-पत्नी के बीच मनमुटाव इतना बढ़ गया था कि मामले की पंचायत थाने पर हुई थी, लेकिन विवाद बना रहा। रविवार की रात सरिता ने अपनी 16 माह की मासूम पुत्री खुशबू के साथ गले में फांसी का फंदा डाल खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी होने के बाद नायब तहसीलदार दीपक सिंह की मौजूदगी में पुलिस ने दरवाजा तोड़ कमरे में फांसी के फंदे से लटकी विवाहिता के शव को नीचे उतरवाया। मृतका गर्भवती थी। इस प्रकार एक साथ तीन जानें चली गई। इस बाबत उभांव एसएचओ विपिन सिंह ने बताया कि विवाहिता ने अपनी मासूम पुत्री के साथ आत्महत्या कर लिया। जिनके शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# 43 रेलवे स्टेशनों पर लगाई गईं 127 एटीवीएम मशीने, अभी 40 और लगेंगी

♦ रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी किए गए हैं तैनात

**केटी न्यूज/चंदौली**

यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने हेतु स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन (एटीवीएम) लगाये जा रहे हैं । इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित किये गये हैं । इनमें दानापुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, समस्तीपुर मंडल के 09 स्टेशनों पर 29 एटीवीएम, सोनपुर मंडल के 08 स्टेशनों पर 24 एटीवीएम, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 06 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम तथा धनबाद मंडल के 07 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं । इसके साथ ही जल्द ही पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है । पूर्व मध्य रेलवे कै मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाइन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं । प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिग मशीन टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए हैं। कई स्टेशनों पर ये एटीवीएम टिकट घर के अलावा स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित किये गये हैं जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगा । एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है । ये एटीवीएम चौबीसों घंटे कार्य करते हैं , साथ ही इस सिस्टम में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा उपलब्ध है । यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। यात्रियों द्वारा बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है। दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर, दानापुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, मोकामा, जहानाबाद, दिलदारनगर, पटना साहिब, झाझा, बिहार शरीफ, लखीसराय स्टेशनों पर कुल 38 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। सोनपुर मंडल के हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, सोनपुर, मानसी, नवगछिया, बेगुसराय स्टेशनों पर 24 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। समस्तीपुर मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मधुबनी, नरकटियागंज, सीतामढ़ी स्टेशनों पर 29 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। धनबाद मंडल के पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं। पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., डेहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड एवं भभुआ रोड स्टेशनों पर 18 ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिग मशीन उपलब्ध हैं।




## खबरें फटाफट

### अनियंत्रित बाइक बिजली के पोल से टकराई, युवक की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिरधी गांव के पास अनियंत्रित बाइक सवार युवक सड़क किनारे बिजली पोल से टकरा गया। बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उस पर सवार दूसरा युवक बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार की देर रात मे चुर्क चौकी क्षेत्र के मुसही चरका टोला निवासी मनीष (20) पुत्र रामलखन अपने साथी के साथ रिश्तेदारी से आ रहा था। जैसे ही वह बिरधी गांव के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बिजली के पोल में जाकर टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे मनीष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### ट्रक ने बाइक सावर को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**सोनभद्र** । सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग के करगरा मोड़ मारकुंडी बाजार के पास उस समय बड़ा हादसा हो गया। जब वाहन की चपेट में बाइक सवार आ गए। ट्रक के धक्के से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौका देख चालक ने तेजी से फरार होना चाहा। हालांकि ट्रक का पीछा करते हुए लोगों की तत्परता से वाहन चालक को पकड़ लिया लिया गया।

वाहन चालक को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहीं दुखद हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई। घटना की बाबत सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और एहतियातन दोनों बाइक सवारों की जिंदा होने की आस में पुलिस ने बाइक सवार युवक को अस्पताल ले गई। लेकिन तब तक युवकों की मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान मोटरसाइकिल सवार उमेश कुमार (21) राजभर पुत्र कन्हैयालाल निवासी मदेरवा थाना लंका जनपद वाराणसी और प्रवीण पटेल (28) पुत्र स्वर्गीय श्यामलाल पटेल निवासी आदित्य नगर थाना लंका जनपद वाराणसी गंभीर रूप हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया गया।

## वाराणसी: आठ विधानसभा क्षेत्रों में 120 टेबल पर एक साथ वोटों की होगी गिनती

# थ्री लेयर सुरक्षा के बीच होगी मतगणना, आठ विधानसभा के लिए 14 टेबलों पर खुलेगा ईवीएम

♦ सुरक्षा में 200 अर्द्धसैनिक बल, 100 पीएसी और 1000 पुलिसकर्मी रहेंगे शामिल

♦ डीसीपी से लेकर एडीसीपी आईपीएस से लेकर 20 राजपत्रित अधिकारी रहेंगे मौजूद

**केटी न्यूज/वाराणसी**

वाराणसी में मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारी पूरी कर ली हैं। पहाड़िया कड़ी सुरक्षा और पुख्ता इंतजाम के बीच मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की 14 टेबल लगाई गई हैं, एक आरओ टेबल अलग रहेगी। काउंटिंग हॉल में कुल 120 टेबल पर मतगणना की जाएगी, प्रत्येक टेबल पर चार कर्मचारी तैनात रहेंगे। वहीं डाक मतों की गणना दूसरे कक्ष में होगी। हालांकि ईवीएम और डाक मतपत्र एक साथ ही गिनना शुरू होंगे। इसके लिए 700 से अधिक कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। 56.35 फिसदी मतों की गिनती के दो घंटे बाद ही रुझान आने लगेंगे। सोमवार को मतगणना के दौरान मतगणना स्थल की थ्री लेयर सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था चप्पे-चप्पे पर सीआरपीएफ और पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे, सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा बनाया गया है। पुलिस कमिश्नर ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम में मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया है। इनर काडर, मिडिल काडर और आउटर काडर बनाया है। इनर काडर में पैरामिलिट्री फोर्स में सीआरपीएफ रहेगी। मिडिल काडर में पीएसी के जवान तैनात रहेंगे और आउटर काडर में सिविल पुलिस की तैनाती की जाएगी। डीसीपी से लेकर एडीसीपी आईपीएस से लेकर 20 राजपत्रित अधिकारी रहेंगे। 200 अर्द्धसैनिक बल, 100 पीएसी और 1000 पुलिसकर्मी शामिल रहेंगे। गेट से लेकर मतगणना स्थल तक कई बार चेकिंग होगी, प्वाइंट पर तैनात सुरक्षाकर्मी हमेशा मुस्तैद रहेंगे। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल और जिला निर्वाचन अधिकारी एस राजलिंगम ने पहड़िया मंडी में मतगणना इंतजाम और तैयारियां परखीं। एडीएम प्रशासन ने बताया कि पहड़िया मंडी में चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारी कर ली गई है। हर विधानसभा क्षेत्र में 14 टेबलों पर वोटों की गिनती होगी, एक एआरो टेबल रहेगी। इस तरह आठ विधानसभा क्षेत्रों में 120टेबल पर एक साथ वोटों की गिनती की जाएगी। एडीएम प्रशासन और उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसका पूरा निरीक्षण भी कर लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चार से पांच राउंड यानी करीब दो घंटे के बाद रुझान आना शुरू हो जाएगा। सुबह नौ बजे से सभी दलों के वोटों का प्रतिशत सामने आ जाएगा। इसके बाद हर राउंड की सूचना प्रसारित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान जो लोग यहां आएंगे उनके वाहन 200 मीटर दूर खड़े होंगे। उनको पैदल चलकर आना होगा। मतगणना केंद्र के मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मोबाइल मतगणना स्थल के बाहर ही रखना होगा। हथियार, ज्वलनशील पदार्थ ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा।



### जौनपुर की दो लोकसभा सीटों की मतगणना आज

**जौनपुर।** जिले के दो लोकसभा क्षेत्र जौनपुर और मछलीशहर में पड़े वोटों की गिनती चार जून को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में होगी। यहां मतगणना की तैयारी अंतिम चरण में है। मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्रवार 14-14 टेबल - और तीन-तीन अतिरिक्त टेबल लगाए गए हैं।मतगणना सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होगी। विधानसभा क्षेत्रवार अलग से दो टेबल आरओ और एआरओ के लिए लगाए जाएंगे। इस प्रकार एक विधानसभा क्षेत्र के बूथों में पड़े वोटों की गिनती 19 टेबल पर होगी। वहीं, एक लोकसभा क्षेत्रवार पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 12-12 टेबल लगाए जाएंगे। इसमें से तीन टेबल रिजर्व रहेंगे। मतगणना संबंधी शिकायतों के लिए मतगणना स्थल पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में टेलीफोन नम्बर 05452-297260 संचालित किया गया है। मतगणना स्थल पर जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के बूथों पर पड़े वोटों की गिनती ग्राउंड फ्लोर और मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती प्रथम तल पर हॉल में की जाएगी। चार जून को मतगणना स्थल पर सुबह 6.30 बजे प्रत्याशियों के एजेंट के सामने स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। प्रशासन की ओर से इसकी सूचना प्रत्याशियों को भेज दी गई है। मतगणना के दिन मुख्य गेट से विश्वविद्यालय में इंट्री होगी। बिना पास किसी की इंट्री नहीं होगी। पत्रकारों को केवल मोबाइल लेकर मीडिया सेंटर तक जाने की अनुमति होगी। हर राउंड का परिणाम आने के बाद उसकी घोषणा की जायेगी।

### चार विधानसभा के 84 टेबलों पर 104 मतगणना कर्मी करेगें गिनती

मऊ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतगणना कार्य में लगे कार्मिकों का द्वितीय रैंड माइजेशन कार्य सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार सिंह, विधानसभा क्षेत्र घोसी एवं मधुबन हेतु नियुक्त प्रेक्षक महेश कुमार रविराला, जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की उपस्थिति में एनआईसी सभागार में संपन्न हुआ। मतगणना कार्मिकों के द्वितीय रैंडमाइजेशन के उपरांत मतगणना कार्मिकों विधानसभा वार आवंटन हुआ। ज्ञातव्य है कि जनपद की चारों विधानसभाओं हेतु कुल 84 मतगणना टेबलों का निर्धारण किया गया है, जिस पर मतगणना कार्य किया जाएगा। इस प्रकार प्रत्येक विधानसभा में कुल 21 मतगणना टेबल बनाए गए हैं। मतगणना कार्य हेतु कुल 104 मतगणना पार्टी बनाई गई है। प्रत्येक मतगणना पार्टी में चार कार्मिक रहने रहेंगे। इसके अलावा प्रत्येक टेबल पर मतगणना पार्टी के साथ ही समस्त विधानसभाओं के एआरओ हेतु दो दो मत करना पार्टी निर्धारित है। शेष मतगणना पार्टियां रिजर्व में रहेगी। इसके अलावा वैलेट पेपर की काउंटिंग हेतु 10 मैन्युअल पार्टियों का भी रैंडमाइजेशन कर आज सामान्य प्रेक्षक एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## एक नजर

### अजय राय ने एग्जिट पोल को बताया फर्जी

**वाराणसी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस बार का चुनाव बहुत अच्छा हुआ है। हम लोग 17 सीटों पर मजबूती से लड़ रहे हैं। गठबंधन का बहुत फायदा मिला है। इस बार का परिणाम बहुत अलग आएगा। 2014 और 2019 के चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में जनता का बहुत प्यार मिला है। इस बार जनता चुनाव लड़ी है। हर वर्ग ने हमें वोट दिया है। अजय राय ने कहा कि बसपा का ट्रेडिशनल वोट, अपना दल का वोट और सुभासपा का वोट भी हमको मिला है। पार्टी की पांच गारंटी और गठबंधन के कारण बहुत फायदा मिला है। ऐसे वोट भी मिले हैं जो 20 साल से पार्टी को नहीं मिले थे। निश्चित तौर पर जो एग्जिट पोल दिखा रहे हैं वह पूरी तरह से फर्जी हैं। यह कमरे में बैठकर किया गया सर्वे है। पूरे प्रदेश में इंडी गठबंधन को उत्तर प्रदेश का भरपूर समर्थन मिलने जा रहा है। अजय राय ने कहा कि अब मतगणना की तैयारियों में हम लोग लगे हुए हैं। कार्यकताओं को पूरी तरह से चौकस और सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला प्रशासन ने पारदर्शी काउंटिंग के लिए मांगा सहयोग, दलों के साथ की बैठक



**चंदौली।** सातवें चरण की मतदान प्रक्रिया से कुशल संपन्न होने के बाद रविवार को मतगणना को लेकर राजनीतिक दलों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने नवीन मंडी परिसर में बैठक की। जहां पर मतगणना पास के साथ अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी दलों का आवाहन किया कि निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना के लिए सहयोग करें। वहीं स्ट्रांग रुम की कड़ी सुरक्षा व मतगणना के तैयारियों की जानकारी दिया।

### गर्मी से हुई कोतवाली थाने के कुक की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के कोतवाली थाने में साल 1995 से तैनात सुनील ठाकुर (50) साल की गर्मी से मौत हो गई। एक जून को उन्हें उलटी दस्त की शिकायत के बाद कबीरचौरा अस्पताल में एडमिट कराया गया था। जहां आज सुबह मौत हो गई। मृतक बिहार के बेगूसराय के निवासी थे और शिवपुर में मकान बनाकर वर्षों से रह रहे थे। फिलहाल पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्टमॉर्टम हाउस शिवपुर भेज दिया। इस संबंध में मृतक के बेटे शुभम ठाकुर ने बताया कि 'उनकी माता स्वर्गीय राधा देवी कोतवाली थाने में कुक थीं। साल 1995 में उनकी मौत के बाद पिता जी सुनील ठाकुर को यह नौकरी अनुकंपा पर मिली थी। शुभम ने बताया कि पिता जी की तबियत ठीक नहीं रहती थी। जिस दिन वाराणसी में मतदान हो रहा था। उसी दिन पिता जी की तबियत खराब हुई थी और उन्हें कबीरचौरा में एडमिट कराया गया था।

### सड़क निर्माण में उड़ती धूल बन रही लोगों के लिए परेशानी का सबब

**पीडीडीयू नगर।** चंदौली से चहनियां क्षेत्र तक हाइवे निर्माण के कारण उड़ती धूल से क्षेत्र के लोग परेशान हैं । कस्बा सहित मार्ग पर बसे बाजारों व ग्रामीण इलाकों में लोगों के घरों व दुकानों में प्रतिदिन धूल की परत जम रही है । पानी का टैंकर केवल कोरम पूरा कर रहा है । चंदौली से चहनियां होते हुए तिरगांवा तक हाइवे का निर्माण का निर्माण हो रहा है । जगह जगह मार्ग खोदने व मिट्टी डालने का कार्य चल रहा है । जब से सड़क का निर्माण किया जा रहा है धूल इतना ज्यादा उड़ रहा है कि आने जाने वाले लोगो को आगे दिखाई तक नही दे रहा है । ऊपर से डम्फर व बड़ी वाहनों से कस्बा में में धूल उड़कर दुकानों में जा रहा है । दमा सहित एलर्जी के रोगी परेशान है। जबकि कस्बा व बाजारों में धूल न उड़े इसके लिए पानी का टैंकर लगाया गया है जो टैंकर नही आता है । कभी कभार दिखाने के लिए टैंकर शाम को अंधेरा होने पर कस्बा में पानी छिड़कता है । ग्रामीणो का कहना है कि धूल उड़ने से लोगो को परेशानी होती है । धूल इतनी ज्यादा मात्रा में उड़ता है कि दुकानदार परेशान है । ग्रामीणो ने कस्बा व बाजारों में दिन में पानी टैंकर चलाने का नियम है जिसे केवल ढलाई में इस्तेमाल किया जा रहा है।

# भूने कच्चे आम के सेवन से पेट रहेगा स्वस्थ : आचार्य डॉ. मदनगोपाल

♦ निघण्टु रत्नाकरकार बताते हैं कि यह कण्ठ रोग, वात, प्रमेह, योनिदोष, व्रण, अतिसार में है लाभप्रद

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**

इस भीषण गर्मी से बचाव और पाचन तंत्र को ठीक रखने में कच्चा आम बहुत उपयोगी है। इसका सेवन जरूर करना चाहिए। यह उक्त विचार आयुष ग्राम चिकित्सालय के चरक स्वरूप में विराजमान चिकित्सक व आयुष मासिक पत्रिका के मुख्य संपादक और धनवंतरि परिवार के संस्थापक, हजारों शिष्यों के गुरु आचार्य डॉ. मदन गोपाल बाजपेयी जी ने अपने शिष्यों के बीच व्यक्त किया। आगे बताया कि कच्चा आम में विटामिन ए, बी, सी पर्याप्त मात्र में पाये जाते हैं। इसमें कैल्शियम, पोटेशियम, फाइबर भी प्रचुर मात्रा में होता है। यह आयरन और फास्फोरस युक्त भी है। इसमें दैनिक विटामिन की खुराक पूरा करने की क्षमता है। यह गर्मियों में इलेक्ट्रोलाइट्स को पूरा करता है। इसमें घुलनशील फाइबर भी पर्याप्त पाया जाता है, जो कब्ज को मिटाने में कारगर है। कच्चा आम पाचक एंजाइमों को बढ़ाकर पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है। यह खराब कोलेस्ट्राल का भी नियमन करता है। इसलिए निघण्टु रत्नाकरकार बताते हैं कि यह कण्ठ रोग, वात, प्रमेह, योनिदोष, व्रण, अतिसार और मधुमेह में लाभप्रद है। इसे भूनकर या उबालकर उसका गूदा निकालकर उसमें भुना जीरा, भुनी सौंफ, हींग, सेन्धा नमक और थोड़ा खाँड़ मिलाकर चटनी या पानक (पना) के रूप में ही सेवन करना चाहिए तो इससे चिकित्सीय और औषधीय गुण प्राप्त होते हैं। वहीं कुछ सरल और उपयोगी प्रयोगों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि अपने पाचन को स्वस्थ रखने के लिए मीठे हरे अंगूर लेकर गरम पानी में थोड़ी देर के लिए डाल दें इससे उसमें लगाये गये केमिकल का निवारण हो जायेगा। तब 50 ग्राम अंगूर में सेन्धा नमक छिड़क कर 5 ग्राम अदरक के टुकड़े डालकर भोजन के पूर्व 41 दिन चबाकर लें। इस दौरान भोजन सादा और सुपाच्य करें। यह सरल, सस्ता, सहज किन्तु प्रभावकारी प्रयोग है। इससे रक्त भी बढ़ता है, कब्ज भी मिटता है तथा यकृत और आँतों की क्रिया ठीक होती है। वहीं दूसरा प्रयोग अनन्नास 50 ग्राम, सेन्धा नमक 1 ग्राम, किसमिश 5 ग्राम, अदरक कटी 5 ग्राम तथा पुदीना की पत्ती स्वादानुसार मिलाकर भोजन के पूर्व खूब चबा-चबाकर लें फिर भोजन करें। इस प्रयोग को करने से पाचन प्रणाली ठीक होती है और यूरिक एसिड घटता है। आँतों की क्रिया शुद्ध होती है। मधुमेह (शुगर) होने पर आँवला और हल्दी मिलाकर चूर्ण 1-1 चम्मच चूर्ण भोजन के पूर्व लेने से मधुमेह में लाभ होता है और निर्बलता मिटती है। उच्च रक्तचाप रोगियों को तिल का असली तेल नित्य सोने के पूर्व पैरों में 30 मिनट तक और शिर में 20 मिनट तक अच्छे से मालिश करते रहने से 6 माह में उच्च रक्तचाप बिना दवा के सामान्य हो जाता है।

## लखनऊ रवाना होने से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ का किया दर्शन पूजन

# सीएम योगी और बच्चों को खूब भाया एक-दूसरे का साथ

♦ बच्चे को खीर खिलाकर कराया अन्नप्राशन, दिया आशीर्वाद और उपहार

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ रवाना होने से पहले प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ समय बिताया। सीएम योगी को बच्चों का और बच्चों को मुख्यमंत्री का साथ खूब भाया। मुख्यमंत्री काफी देर बच्चों से आत्मीय अंदाज में संवाद करते रहे और सभी को चॉकलेट और खूब आशीर्वाद दिया। उन्होंने एक बच्चे को खीर खिलाकर उसका अन्नप्राशन भी कराया।

सीएम योगी 31 मई से ही अनवरत गोरखनाथ मंदिर प्रवास कर रहे थे। सोमवार को वह दोपहर में लखनऊ रवाना हो गए। इसके पहले सोमवार प्रातःकाल उनकी दिनचर्या रोज की ही तरह रही। उन्होंने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। फिर अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर उन्हें नमन किया। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए सीएम गोशाला पहुंचे और गोवंश को गुड़-रोटी खिलाकर उनकी सेवा की।

मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान ही मुख्यमंत्री की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे हंसी ठिठोली भी की। सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद दिया कि खूब मन लगाकर पढ़ो और खूब आगे बढ़ो। बच्चों को विदा करते वक्त वह हमेशा की तरह चॉकलेट गिफ्ट करना नहीं भूले।इसी क्रम में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह महानगर के बिछिया जंगल तुलसीराम निवासी और केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक दंपति मणिहर्ष-कंचन के साढ़े पांच माह के बालक राघव उर्फ सम्राट को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। सीएम योगी ने बच्चे को आशीर्वाद देने के साथ ही चॉकलेट और खिलौनों का उपहार भी दिया।





## सुभाषितम्

मनुष्य अपना स्वामी नहीं, परिस्थितियों का दास है।

- भगवतीचरण वर्मा

## लोकसभा चुनाव 2024 ने बनाया लंबी अवधि का रिकॉर्ड



भारत में लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार और मतदान सात चरणों में 44 दिनों में संपन्न हुआ। यह अभी तक की सबसे लंबी अवधि का चुनाव साबित हुआ है। 1996 के लोकसभा चुनाव 11 दिन में संपन्न हुए थे। 1998 का लोकसभा चुनाव 20 दिन में संपन्न हुआ था। 2000 में लोकसभा के चुनाव 21 दिन में संपन्न हुए। 2004 का लोकसभा चुनाव भी 21 दिन में संपन्न हुआ था। उसके बाद से लगातार चुनाव की समयावधि बढ़ती गई है। 2009 में 28 दिन, 2014 में 36 दिन और 2019 में 39 दिन में लोकसभा के चुनाव संपन्न हुए थे। मौजूदा 2024 के लोकसभा चुनाव की अवधि 44 दिन रही, जो अभी तक का सबसे ज्यादा दिनों का रिकॉर्ड है। 1996 से लेकर 2024 के बीच का काल देश में संचार क्रांति के रुप में जाना जाता है। इस दौरान गांव-गांव तक फोन और इंटरनेट का विस्तार हो गया। परिवहन यातायात के साधन सुलभ हुए। खूब अच्छी सड़कें बनीं। हर गांव से पहुंच मार्ग मुख्य सड़क तक मिल गया। चुनाव ईवीएम मशीन से होने लगे। हवाई जहाज चलने लगे। चांद पर हमने अपना चंद्रयान भी उतार दिया। इसके बाद भी आम चुनाव की अवधि बढ़ती चली गई। तमाम व्यवस्थाओं के बीच चुनाव हुए, इसके बाद भी 2024 का लोकसभा चुनाव की अवधि कम होने के स्थान पर और बढ़ती चली गई, यह हैरान करने वाली बात है। सत्ता पक्ष की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी 543 लोकसभा क्षेत्रों में अपने चेहरे पर चुनाव लड़ रहे थे। सात चरण में मतदान होने से हर चरण में चुनाव प्रचार करने की अवधि अलग-अलग थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे बिरले उम्मीदवार और पार्टी के स्टार चुनाव प्रचारक रहे हैं जो प्रत्येक चरण से लेकर अंतिम चरण तक जहां-जहां चुनाव होने तक 44 दिन लगातार प्रचार करते रहे। कोई भी राज्य हो, कोई भी चरण हो, प्रधानमंत्री 24 घंटे हर समय मतदाताओं के सामने चुनाव प्रचार के लिए बने रहे। इस लोकसभा चुनाव में सभी राज्यों में सबसे ज्यादा जनसभा और रैलियां करने का रिकॉर्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर है। उसके बाद गृहमंत्री अमित शाह ने देश भर में 188 रेलियों को संबोधित किया। 2024 के लोकसभा चुनाव के सातों चरणों में इनका चुनाव प्रचार सतत चलता रहा। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने सरकारी सुरक्षा में रहते हुए चुनाव प्रचार किया। इस चुनाव प्रचार में मीडिया के सभी राष्ट्रीय चैनल लगातार दोनों का प्रसारण करते रहे। भले ही प्रत्येक चरण के मतदान के दौरान चुनाव आचार संहिता के अंतर्गत चुनाव प्रचार में रोक लग गई हो, मतदान के दिन किसी तरीके का प्रचार नहीं किया जा सकता हो, लेकिन वहां पर भी टेलीविजन के माध्यम से लगातार प्रचार-प्रसार होता रहा। 44 दिन की लंबी समयावधि चुनाव आयोग ने शायद इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए सात चरणों में चुनाव संपन्न कराने का काम किया है। बहरहाल इन तमाम व्यवस्थाओं के बीच 2024 का लोकसभा चुनाव अपनी लंबी अवधि के लिए इतिहास में जरुर दर्ज किया जाएगा।

## चिंतन-मनन

## भलाई का भाव होता है यज्ञ



एक भाव होता है मेरा दूसरा है मेरे लिए और तीसरा है सबके लिए। मेरा में इंसान केवल अपने बारे में ही सोचता रहता है और ये पक्का कर लेता है कि मेरे पास जो है, वो केवल मेरा है, मैंने कमाया है, मुझे मिला है और इस पर केवल मेरा ही अधिकार है। यह सोच अज्ञानी लोगों की होती है, जो हमारे अहंकार को बनाये रखती है। मेरे लिए अर्थात इंसान सोचता है कि जो भी मेरे पास है, ये मेरा नहीं बल्कि मेरे लिए है। इसका स्वामी मैं नहीं बल्कि ये सब मुझे इस्तेमाल करने के लिए मिला है। वो इसी भाव को मन में रखता है। यह सोच मध्यम दर्जे के लोगों की होती हैं। तीसरा भाव है सबके लिए मतलब जो मेरे पास है, वो मेरा ही नहीं और मेरे लिए नहीं, बल्कि सबके लिए है। यह विचार उत्तम दर्जे के इंसानों का होता हैं। इसी को यज्ञ कहा जाता है। जब मन में सबकी भलाई का भाव हो वही यज्ञ है। जो सबका ध्यान रखकर बाद में अपना सोचता है वही श्रेष्ठ इंसान है। इस तरह का यज्ञ अहंकार को गला देता है। ऐसी भावना के साथ साधना करने वाला ब्रह्म को पा लेता है। जो मनुष्य केवल मेरा-मेरा में ही फंसा रहता है, वो ना तो इस जन्म में सुख पाता न ही मरने के बाद परलोक में।

# जीत के नये मानक गढ़ती भाजपा

- ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एडीए) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए पूर्व के सारे रिकार्ड को ध्वस्त कर देंगे। मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रभावी एवं चमत्कारी प्रदर्शन से जनता का दिल जीता है और उनके देश-विकास के कार्यक्रमों पर जनता ने मोहर लगाई है। विपक्ष के लिये जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मुस्लिम तुष्टीकरण, मुफ्त की रेवडियां बांटने, संविधान बचाने के भ्रामक ड्रामा एवं देश तोड़ने की सोच से ऊपर उठकर विपक्ष की भूमिका का सार्थक करें। कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे। जिसमें भाजपा एक बार फिर सारे मिथक तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। भाजपा की सफलता को इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि उसने सारे विपक्षी दलों के गठबंधन एवं शक्ति को मात दी। भाजपा न केवल अपनी सरकार बचाते हुए दिख रही है बल्कि भारत को एक नये युग में ले जाने के लिये प्रतिबद्ध दिख रही है। निश्चित ही सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने के लिये भाजपा एक लहर बन चुकी है और इस लहर ने पूरे मुल्क के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई दी है। अब भारत का मतदाता परिपक्व हो चुका है, उसे जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर गुमराह नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र जिस रूप में सशक्त हो रहा है, उसी के अनुरूप राजनीतिक चरित्र को गढ़ना होगा, उसके प्रति भी राजनीतिक दलों को एहसास कराना होगा, जहां से राष्ट्रहित, ईमानदारी और नए मनुष्य की रचना, सशक्त अर्थव्यवस्था एवं विकास की तीव्र रफ्तार, खबरदार भरी गुहार सुनाई दे। कोई भी दल हो, अगर ये एहसास नहीं जागता है तो मतदाता दिखा देता है उनको शीशा, वही छीन लेता है उनके हाथ से दियासलाई और वही उतार देता है सत्ता का मद। कहने का मतलब सिर्फ इतना सा है कि देश की सियासी फिजां को बदलने में विपक्षी दलों को अधिक ईमानदार, जिम्मेदार एवं पारदर्शी होना होगा। विपक्ष दल अपनी जिम्मेदारियां से भागते हुए देश से ज्यादा दल को महत्व देने का परिणाम इन चुनाव में देख लिया है। भाजपा की तुलना में अन्य दलों पर दाग ज्यादा और लम्बे समय तक रहे हैं। इन दलों को न केवल अपने बेदाग होने के पुख्ता प्रमाण देना होगा, बल्कि जनता के दर्द-परेशानियों को कम करने का रोड मेप तैयार करते हुए अपना विपक्षी होने के धर्म को निभाना होगा, तभी वे आदर्श विपक्ष के हकदार बन सकेगे।

हमने इन चुनावों में देखा है कि केवल झूठे आश्वासनों से मतदाता को गुमराह करने के दिन अब लद गये है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि विभिन्न विपक्षी दल अपने को, समय को, अपने भारत को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को पहचानने वाला साबित नहीं कर पाये हैं। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, उसने चौदह गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। देश को बांटने एवं तोड़ने वाले मुद्दे कब तक भाप बनते रहेगे? भाजपा को चुनौती देनी है तो विपक्षी दलों को अपना चरित्र एवं साख दोनों को नये रूप में एवं सशक्त रूप में प्रस्तुति देनी होगी। अन्यथा इन लोकसभा चुनावों की तरह आगे के जितने भी चुनाव होंगे उनके चुनाव परिणाम इसी तरह निराश करते रहेंगे।

इससे विचित्र और हास्यास्पद और कुछ नहीं कि कांग्रेस समेत अन्य इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एक ओर जोर-शोर से यह दावा करने में लगे हैं कि उनके गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 295 सीटें मिल रही हैं, सपा नेता अखिलेश उत्तरप्रदेश में 80 में 79 सीटों पर जीत का दावा किया, जब एग्जिट पोल ने उनके इन दावों की पोल खोल दी, आज घोषित हो रहे चुनाव परिणामों में भाजपा जब ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है तो विपक्षी दलों के नेता मतगणना में गड़बड़ी की निराधार आशंकाएं जताकर भ्रम फैलाने में लगे हैं। भ्रम फैलाने की इसी कोशिश के तहत कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने यह अनर्गल दावा किया कि मतगणना को प्रभावित करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने देश के 150 जिलों के जिलाधिकारियों को फोन किया है। उन्होंने यह बेतुका आरोप लगाते हुए यह समझा होगा कि इससे उन्हें एक फर्जी नैरेटिव खड़ा करने में मदद मिलेगी और उनकी हार पर पर्दा पड़ जायेगा। यह विडम्बना एवं विसंगति विपक्षी दलों को मजबूत करने की बजाय लगातार कमजोर ही कर रही है। वैसे भी भारत में जितने भी राजनैतिक दल हैं, सभी ऊंचे मूल्यों को स्थापित करने की, आदर्श की बातों के साथ आते हैं पर सत्ता प्राप्ति की होड़ में सभी एक ही संस्कृति को अपना लेते हैं। मूल्यों की जगह कीमत की और मुद्दों की जगह मतों की राजनीति करने लगते हैं। चुनावों की प्रक्रिया को ही नहीं, चुनाव मतगणना की प्रक्रिया को भी विपक्षी राजनैतिक दलों ने अपने स्तर पर भी कीचड़ भरा कर दिया है। ऐसा स्वकल्याण की सोचने वाला विपक्ष किस तरह लोक कल्याण के मुद्दों को बल देगा? बिना विचारों के दर्शन और शब्दों का जाल बुने यही कहना है कि लोकतंत्र के इस सुन्दर नाजुक वृक्ष को नैतिकता के पानी और अनुशासन की ऑक्सीजन चाहिए। जीत किसी भी दल को मिले, लेकिन लोकतंत्र को शुद्ध सांसें मिलनी ही चाहिए। कुल मिलाकर लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत से तो पार्टी के हौसले स्वाभाविक रूप से बढ़े। इसके अलावा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस कमजोर होती दिखी, कमजोर ही क्या उसका तो लगभग सफाया ही होता जा रहा है। कांग्रेस के निष्प्रभावी केन्द्रीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस के कई कद्दावर नेता अलग हो गए। उससे भी भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। इस बार कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी कमजोर पार्टी बनकर उभरी है। उसकी कमजोरी न केवल राजनीतिक स्तर पर बल्कि मानसिक स्तर पर स्पष्ट दिख रही है। कांग्रेसी एवं विपक्षी नेताओं की हरकतों से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वे अपनी संभावित हार का ठीकरा चुनाव आयोग, मीडिया आदि पर फोड़ने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। यही कारण है कि उन्होंने एक्जिट पोल के नतीजों को न केवल अस्वीकार कर दिया, बल्कि उन्हें भाजपा प्रायोजित भी करार दिया। एक्जिट पोल को लेकर कांग्रेस इतनी दुविधाग्रस्त थी कि पहले उसने टीवी चैनलों पर होने वाली चर्चा का बहिष्कार करने का फैसला किया और फिर फजीहत होती देखकर उसमें शामिल होने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोगों ने राजग सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। क्योंकि लोगों ने हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमारी सरकार के कार्यकाल में गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लोगों ने यह भी देखा है कि किस प्रकार भारत में सुधारों ने देश को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बना दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए यहां तक कह दिया कि अवसरवादी इंडिया गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने के बजाय घायल ही किया। मोदी सरकार के तौर-तरीकों पर आम जनता का विश्वास ही इस ऐतिहासिक जीत का कारण बना है। विपक्ष की नकारात्मक राजनीति, महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण, अर्थव्यवस्था, संविधान जैसे तमाम मुद्दे थे जिस पर जनता ने मोदी सरकार की नीतियों एवं साफ-सुथरी छवि पर मुहर लगायी है।

# राजनेताओं को सदबुद्धि देना भगवान, ध्यान पर घमासान क्यूँ

-विनोद तकियावाला

वैश्विक राजनीतिक पटल पर एक बार फिर से भारत अपना नया इतिहास लिखने जा रहा है। यूँ तो भारत हमेशा ही सम्पूर्ण विश्व में अपनी पहचान व ज्ञान के केन्द्र बिन्दू में रहा है। इन दिनो पर्यावरण वे बदलते परिवेश व प्रजातंत्र के महापर्व-18वें लोक सभा व 4 रा राज्यों उड़िशा, आन्द्राप्रदेश अरुणाचल व सिक्कम में विधान सभा चुनाव की गर्मागर्म बहस हो रही है। 18वें लोक सभा के साधारण चुनाव 24 के सातवें व अन्तिम चरण के सम्पन्न होने के बाद राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय राजनीतिक विषलेषज्ञों का ध्यान 4 जून को लोकसभा व 4राज्यों केविधान सभा के चुनाव के परिणामों पर टिकी थी, लैकिन सातवें चरण के चुनाव प्रचार अभियान के समाप्त होते ही,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कन्या कुमारी स्थिति स्वामी विवेकानंद शिला पर 45 घंटे ध्यान पर बैठ गए। मोदी के ध्यान पर विपक्ष ने चुनाव आयोग में की शिकायत की है। मोदी के ध्यान पर विपक्ष ने मचाया बवाल है। कांग्रेस का कहना है कि ये चुनाव आचार संहिता का सीधा-उल्लंघन है। आप को पता होगा क कि जब चुनाव की घोषणा होती। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट जारी किया जाता है। जिनका सभी पार्टियों, नेताओं व उम्मीदवारों को पालन करना होता है। उन्हीं नियमों से एक नियम कहता है कि सभी दलों और उम्मीदवारों को पूरी ईमानदारी से उन सभी कार्यों को नहीं करना चाहिए जो कानून के मुताबिक भ्रष्ट आचरण या अपराध माने जाते हैं। जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, डराना-धमकाना,किसी और के बदले मतदान करवाना, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना, मतदान खत्म होने से 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना, और मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाना-ले जाना। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा126 के अनुसार चुनाव के संबंध में कोई भी सार्वजनिक बैठक करना,जुलूस निकालना और उसमें भाग लेना प्रतिबंधित है। इसके साथ ही सिनेमा और टेलीविजन या अन्य उपकरणों की मदद से जनता के सामने चुनाव संबंधी सामग्री प्रदर्शित भी नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही मतदान क्षेत्र में वोटिंग से पहले 48 घंटे की अवधि के दौरान जनता को आकर्षित करने के लिए कोई कार्यक्रम आयोजन करके जनता तक चुनाव सामग्री पहुंचाना प्रतिबंधित है। तब से अब तक चुनाव प्रचार करने का काफी तरीका बदल गया है। अब कई चरणों में चुनाव होते हैं और जिस क्षेत्र में वोटिंग होनी होती है वहां पर कुछ घंटे पहले चुनाव प्रचार खत्म हो जाता है लेकिन दूसरी जगहों पर चुनाव प्रचार चलता रहता है। यहां वोटिंग के दौरान भी रैलियों का प्रसारण होता रहता है। कन्याकुमारी में तो19 अप्रैल को ही चुनाव सम्पन्न हो गई है। ऐसे में पीएम मोदी कन्याकुमारी में ध्यान कर रहे हैं। ऐसे में अब पीएम मोदी ध्यान के दौरान जनप्रतिनिधित्व अधिनियम,1951की धारा126और आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। आप को याद दिलाना चाहूँगा कि मोदी ने 2019 में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण से ठीक पहले केदारनाथ में इसी तरह का ध्यान किया था,उस समय भोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में मतदान होना था। तब लगभग सभी विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी और इसे छद्म प्रचार करार दिया था। हालांकि,चुनाव आयोग ने पीएम की ध्यान योजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। बस क्या सभी विपक्षी दलों को एक नया मुद्दा मिल गया। मोदी के ध्यान से सियासी मायने निकाले जाने लगे। राजनीतिज्ञों का कहना है कि राजनीति व सियासत हर समय अपने रंग-ढंग बदलती रहती है। इस बार के लोकसभा चुनाव में यह बात सटीक बैठती हुई दिखी रही है। सर्वविदित रहे कि 19 अप्रैल से चुनाव प्राराम्भ हो गई जो सात चरणों के साथचुनाव की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण मे समाप्त हो गई है। इस बार चुनावी भाषण व रेली के दौरान प्रत्येक चरणों में राजनेताओं के मुँह से भारतीय मतदाताओं को नए-नए शब्द सुनने को मिले। पहले चुनाव में जो लड़ाई जमीन पर लड़ी जाती है,जनता के मुद्दों पर लड़ी जाती है खास कर 2014 से वह लड़ाई अब मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुसलमान होते हुए स्वयं भू परमात्मा व उनके विशेष दूत तक पहुंच गई है। पार्टी व उनके अंधभक्ति के समर्थकों को मोदी मे परमात्मा व भगवान का विशेष दूत दिखता है। 18वें लोक सभा व कुछ राज्यों के विधान सभा सम्पन्न होने के वाद भी चुनाव के परिणाम से पहले तकरार... वाक्य युद्ध छिड़ गई है। अगर आप ने भाजपा के नेताओं व बयान वीरों के ब्यान सुने हो तो वे लोग खुल कर कह रहे थे कि मोदी स्वयं भगवान है। वह कोई अवतारी महापुरुष है। स्वयं भगवान ने उनको इस पर धरती पर कुछ विशेष कार्य करने के लिए भेजा है। मोदी जी देश की 140 करोड़ जनता की सेवा करने के लिए नर रूप नारायण अवतरित हुए हैं। भाजपाई नेताओं ने माना है कि पीएम मोदी एकदम भगवान की तरह हैं। वह एक अवतार हैं। खास कर अंधभक्तों का मानना है कि ह्यमोदी यह व्यक्ति नहीं है। वह एक देवीय शक्ति है। आजकल के विपक्षी दलों के नेता पीएम मोदी को समझ नहीं सकते हैं। उनकी सोच इन सब नेताओं से आगे है। जहां से वे सोचना शुरू करते हैं,सब नेताओं की सोच वहां तक खत्म हो चुकी होती है। यदि वो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो उसके लिए पोजिशनिंग कर रहे हो। क्योंकि ये लगभग माना जा रहा है कि वो एनडीए गंठबंधन निकाल लेंगे। अब राष्ट्रपति तो वो नहीं बनेंगे और राष्ट्रपिता की पद खाली नहीं है। तो ऐसे में राष्ट्रप्रभु या राष्ट्र परमात्मा की जगह खाली बचती है। क्योंकि स्वंय कह भी चुके हैं कि भाई अपना क्या है,अपन तो फकीर है,किसी दिन उठेंगे झोला उठाएंगे और चल देंगे।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही भाजपा की तीसरी बार सरकार

- प्रभात झा

प्रधानसेवक की भूमिका निभा पीएम मोदी ने साबित किया- राजनीति भी एक साधना और तपस्या है भारतीय राजनीति में आजादी के बाद सर्वाधिक समय प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू रहे। वे लगभग साढ़े सत्तरह साल तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उसके बाद श्रीमती इंदिरा गांधी जो नेहरू की बेटी रहीं, वे भी पंद्रह साल तीन सौ पचास दिन प्रधानमंत्री रहीं। भारतीय जनसंघ की स्थापना से भाजपा के अब तक के इतिहास में प्रधानमंत्री के पद पर पहले तेरह दिन, दूसरी बार तेरह महीने और तीसरी बार साढ़े चार वर्ष के करीब स्व. अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री रहे। अपने जीवन में जब वे कानपुर में स्नातकोत्तर और लॉ की पढ़ाई करने गए, तो उसके बाद वे संडीला जो उत्तरप्रदेश में एक स्थान है, वहां कुछ समय के लिए प्रचारक के रूप में रहे। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि अटल जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवक एवं कुछ समय प्रचारक रहे, ऐसे राजनेता भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में बात इतनी सी रही कि वे पूर्ण बहुमत वाली भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में पच्चीस वर्ष बाद ऐसे प्रधानमंत्री बने जो अपनी पार्टी भाजपा के पूर्ण बहुमत के आधार पर पहले प्रधानमंत्री बने। साथ ही उन्हे एनडीए का समर्थन था। 4 जून 2024 को आम चुनाव 2024 का परिणाम आएगा। 18वीं लोकसभा का गठन होगा। अब तक आए सभी चैनलों के चुनाव पूर्व अनुमान यह साफ संकेत दे रहे हैं कि भाजपा पूर्ण बहुमत से पुनः तीसरी बार सरकार बना रही है और श्री नरेन्द्र भाई मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे। अगर गणित लगायेंगे तो वे जनसंघ से भाजपा में रहे प्रधानमंत्री अटल जी के कार्यकाल से तो काफी आगे सन 2014 और 2019 के साथ-साथ अब सन 2024 में भी रहेंगे। अटल जी और नरेंद्र भाई मोदी में जो समानता है कि अटल जी भी संघ के स्वयं सेवक और कुछ समय तक प्रचारक रहे। वहीं नरेंद्र भाई मोदी तो वर्षों तक संघ के प्रचारक रहे और प्रचारक के नाते भाजपा के संगठन महामंत्री भी रहे। नरेंद्र भाई मोदी के मुख्यमंत्री काल को जोड़ लिया जाए तो भारतीय राजनीति में तेरह वर्ष मुख्यमंत्री और दस वर्ष तक प्रधानमंत्री रहने वाले भारत के पहले राजनीतिज्ञ श्री नरेंद्र भाई मोदी ही हैं। साथ ही जैसा कि गृहमंत्री श्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी कह रहे हैं, कि सन 2029 में भी नरेंद्र भाई मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे, तो यहां यह कहने में कोई संकोच नहीं कि वे भारतीय राजनीति के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बन जायेंगे, जो भारत में प्रधानमंत्री पद पर रहने के सारे रिकार्ड तोड़ देंगे। जैसे क्रिकेट की दुनिया में सचिन तेंदुलकर ने इतना बड़ा रिकार्ड बना दिया कि अभी तक विश्व में उसे कोई तोड़ नहीं पाया। ऐसे ही विश्व के लोकतांत्रिक देश के इतिहास में 4 जून 2024 को तो इतिहास रच ही जाएगा। साथ ही सन 2029 में भाजपा और विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय ही नहीं मान्यता और स्वीकार्यता प्राप्त व्यक्तित्व नरेंद्र भाई मोदी हो जाएंगे।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आपको सुबह से ही हर कार्य में सफलता मिलने से मन में प्रसन्नता और सकारात्मक भाव रहेगा। | **तुला** साथ मिल रहा है और आपको करियर के मामले में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। |
| **वृषभ** आज करियर और कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं। आपकी किस्मत आपका साथ देगी। | **वृश्चिक** बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। |
| **मिथुन** सम्मान में वृद्धि होगी और करियर में सफलता प्राप्त होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। | **धनु** आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं। |
| **कर्क** आज आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। आपको बहुत दिनों से रुका धन मिलेगा। | **मकर** दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। कहीं मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। |
| **सिंह** आज मन प्रसन्न रहेगा। आपका समय परिवार के लोगों साथ आनंद में बीतेगा। | **कुंभ** राजनीतिक क्षेत्र में सफलताकारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने के योग बन रहे हैं। |
| **कन्या** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको कारोबार में दूसरे लोगों से मदद मिल सकती है। | **मीन** अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल के लोगों की तरफ से मान सम्मान मिलेगा। |

## विशेष

## दिल्ली में पानी की राजनीति

दिल्ली के जल संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी ने इस पर भी राजनीति कर ली है। आम आदमी पानी पानी चिल्ला रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी जल संकट को लेकर जगह-जगह प्रदर्शन कर रही है। मटके फोड़े जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी जल संकट को लेकर कोर्ट पहुंच गई है। दिल्ली सरकार और हरियाणा सरकार के बीच पानी विवाद का मामला कोर्ट पहुंच गया है। 1 तारीख को बची हुई सीटों का मतदान होना है। 1 तारीख तक की यहदिल्ली की राजनीति थी। राजनीतिक दल कैसे मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं।

## 2024 में काशी बदल गया है मतदाताओं का मोह भंग?

बनारस संसदीय क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार काशी का मतदाता बदला हुआ नजर आ रहा है। ऐसा लगता है,पिछले दो चुनाव में जो नशा मतदाताओं में चढ़ा था। वह उतर गया है। वाराणसी के मतदाताओं में उदासीनता है। पहले जो नरेंद्र मोदी को लेकर जो उत्साह बना था। वह गुस्से में तब्दील हो रहा है। बाबा विश्वनाथ का कॉरिडोर बनाने के लिए मंदिरों और मकानो को तोड़ा गया था। उसका गुस्सा बनारस में देखने को मिल रहा है। महंगाई और बेरोजगारी की मार भी इस चुनाव में देखने को मिल रही है। अध्यात्म की चमक फीकी पड़ गई है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1647: इंग्लैंड नरेश चार्ल्स प्रथम को सेना ने बंधक बना लिया. 1843: प्रसिया और फ्रांस के बीच युद्ध विराम हुआ. 1943: सेना ने अजेर्टीना के राष्ट्रपति रेमन कैस्टिलों को सत्ता से हटा दिया. 1956 :मिश्र ने स्वेज नहर का संचालन करने वाली कंपनी को छूट जारी नहीं रखने की घोषणा की. 1970: प्रशांत सागर स्थित टोंगा ब्रिटिश राष्ट्रकुल का सदस्य बना. 1991: इसरायली विमानों ने सूडान में फलीस्तीनी छापामारों के ठिकानों पर बमबारी की. 1992: रूस और सोवियत संघ से अलग हुए अन्य गणराज्यों ने हथियारों में कटोती की घोषणा की. 1992: शेयर बाजार के घोटालेबाज हर्षद मेहता तथा बैंक अधिकारी गिरफ्तार 1997: भारतीय उपग्रह इन्सैट-2 डी.का कोरू (फ्रेन्च, गुयाना) में सफल परीक्षण. 1997 सेंट किट्स कांड में नरसिम्हा राव और के.के. तिवारी को अदालत ने बरी कर दिया.

## दैनिक पंचांग

04 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.00 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कर्क | 08.14 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.30 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.42 बजे से |
| गुरु | वृष में | तुला | 14.53 बजे से |
| शुक्र | वृष में | वृश्चिक | 17.07 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.23 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 21.28 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.15 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.48 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मेष | 02.18 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.58 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 156 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **तिथि** त्रयोदशी 22.02 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 22.35 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 06.11 बजे तदनन्तर अतिगण्ड 03.18 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 11.09 बजे तदनन्तर वणिज 22.02 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 28' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872000 **जूलियन दिन** 2460465.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्काद **तारीख** 26 **विशेष** प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**– **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# पतली दिखने के लिए सूट के इन लेटेस्ट डिजाइंस को करें अपनी वार्डरोब में शामिल

एथनिक पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसमें सलवार-कमीज सबसे ज्यादा पहने जाते हैं। इसके कई डिजाइन भी आपको मिल जाएंगे, लेकिन कई बार हम कुछ ऐसे डिजाइंस चुन लेते हैं जो हमारे बॉडी टाइप को काफी अजीब लुक देते हैं। सूट के डिजाइन को चुनते समय आपको अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आपकी बॉडी शेप पतली नजर आए। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सूट के कुछ नए डिजाइंस जिन्हें पहनकर आप दिखेंगी पतली और स्टाइलिश। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### लोर लेंथ सूट डिजाइन

अनारकली सूट डिजाइन हमेशा चलन में रहता है। लंबी दिखने के लिए आप इस तरह से कलियां बनवाकर लेंथ को फुल रख सकती हैं। इस सूट को दिव्या आनंद द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके का सूट आपको लगभग 1000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट को बनवाने के लिए आप प्लेन फैब्रिक को खरीदकर उसपर गोटा-पट्टी लेस लगवाकर भी स्टाइल कर सकती हैं।

### मिड लेंथ सूट डिजाइन

आजकल ऑल ओवर सूट डिजाइन काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह का सूट आप सिल्क, कॉटन, साटन जैसे कई फैब्रिक की मदद लेकर बना सकते हैं। वी-नेक डिजाइन के साथ आप चोकर और मैचिंग टॉप्स इयररिंग्स को पहन सकती हैं। पतली दिखना चाहती हैं तो स्लीव्स को प्लेन ही रखें और सूट में कलियां कम से कम बनवाये।

### चौड़े घेरे वाला सूट

अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो इस तरह के चौड़े घेरे वाले सूट को पहन सकती हैं। वहीं इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का सूट आपको ज्यादातर सिल्क फैब्रिक में देखने को मिलेगा।



# अकाउंट से फ्रॉड होने पर निकले पैसे, तो ऐसे करेगा बैंक वापस

**अगर किसी कार्ड या यूपीआई से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो आप अपना पैसा वापस पाने में सक्षम हो सकते हैं। इसके लिए, आपका कार्ड प्रोवाइडर विक्रेता के बैंक से पैसे वापस करने के लिए कह सकता है।**

क्या आप ऑनलाइन शॉपिंग, मूवी टिकट बुकिंग से लेकर किसी भी तरह के ट्रांजैक्शन के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो ये जानकारी आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। साथ कभी ऐसा हुआ है कि आपके क्रेडिट कार्ड से बिना आपकी जानकारी के कोई ट्रांजेक्शन हुआ है या फिर आपने किसी को क्रेडिट कार्ड डिटेल भी शेयर नहीं किया है। ऐसी हालत में बैंक से शिकायत करने पर बैंक वाले आपके अकाउंट से जुड़े कार्ड को ब्लॉक तो कर देते हैं, लेकिन आपके कटे पैसे वापस नहीं करते हैं। तो इसके लिए आपके परेशान होने की जरूरत नहीं। आइए जानते हैं क्या है आरबीआई, भारतीय रिजर्व बैंक का यह नियम।

### बैंक आपको पूरी रकम वापस कर सकता है

- आरबीआई के मुताबिक, अगर किसी बैंक खाते से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो बैंक आपको पूरी रकम वापस कर सकता है। अगर आपने धोखाधड़ी वाले लेनदेन की शिकायत 3 दिनों के अंदर और 7 दिनों के बीच दर्ज कराई है, तो आपको 5,000 रुपये से 25,000 रुपये, जो भी कम हो, की सीमित देनदारी वहन करनी होगी। इसके बाद, बाकी रकम आपको वापस कर दी जाएगी। अगर आपने 7 दिनों के अंदर धोखाधड़ी की शिकायत नहीं की, तो बैंक आपको कोई रकम वापस नहीं करेगा।
- अगर किसी कार्ड या यूपीआई से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो आप अपना पैसा वापस पाने में सक्षम हो सकते हैं। इसके लिए, आपका कार्ड प्रोवाइडर विक्रेता के बैंक से पैसे वापस करने के लिए कह सकता है। इसे चार्जबैक स्कीम कहते हैं। अगर आपने डेबिट कार्ड से भुगतान किया है, तो आप चार्जबैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अगर आपके खाते से बिना अनुमति के पैसे कट गए हैं, तो आप बैंक प्रोवाइडर से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए, आप बैंक की हेल्पलाइन पर कॉल कर सकते हैं या शाखा में जा सकते हैं। अगर धोखाधड़ी इंटरनेट या कार्ड के जरिए हुई है, तो बैंक आपको समय पर सूचित करने पर ऐसे लेन-देन को रोक सकता है।

## बैंकिंग लोकपाल से सीधे शिकायत करने के लिए

- आप CRPC@rbi.org.in पर ईमेल करके भी शिकायत कर सकते हैं। बैंकिंग लोकपाल से सीधे शिकायत करने के लिए, आप ऑनलाइन अपनी शिकायत भेज सकते हैं। इसके लिए, आपको वेबसाइट cms.rbi.org.in पर लॉगिन करना होगा।
- बैंक के ग्राहकों की शिकायतों के निराकरण के लिए, RBI का टोल फ्री नंबर 14448 है। हर बैंक की शिकायत के लिए, उस बैंक के टोल फ्री नंबर पर भी आप कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं. उदाहरण के लिए, अगर भारतीय स्टेट बैंक के किसी कर्मचारी की शिकायत करनी है, तो आप टोल फ्री नंबर 18004253800 और 1800112211 पर संपर्क कर सकते हैं।
- अगर शिकायतकर्ता को 35 दिन के अंदर कोई जवाब नहीं मिलता या उसे मिला जवाब संतोषजनक नहीं लगता, तो वह मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग में शिकायत कर सकता है।

## ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत करने के लिए

ऑनलाइन फॉड की शिकायत करने के लिए, आप National Cybercrime Reporting Portal www.cybercrime.gov.in) पर जा सकते हैं। इस पोर्टल पर शिकायत करने के बाद, अधिकारी आपको फोन करके अपराध से जुड़ी जानकारी मांगते हैं और कार्रवाई करते हैं। अगर इन तरीकों से भी आपके पैसे नहीं मिलते तो आप भारतीय रिजर्व बैंक के कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर शिकायत कर सकते हैं।

- RBI कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर शिकायत करने के लिए, इन कदमों का पालन करें
- आरबीआई के पर लॉगिन करें
- होमपेज पर मौजूद 'File a Complaint' पर क्लिक करें
- सिक्योरिटी कैप्चा भरें
- नया पेज खुलने पर, अपना नाम, मोबाइल नंबर, बैंक का नाम, और शिकायत की पूरी जानकारी दर्ज करें
- बैंक से मुआवजे की भी मांग करें
- रिव्यू करें और सबमिट पर क्लिक करें
- कंप्लेन नंबर मिलेगा, जिससे आप बाद में अपनी शिकायत का स्टेटस चेक कर सकते हैं






# बैंक अकाउंट क्लोज कराते समय इन बातों का रखना चाहिए ध्यान

**आजकल ज्यादातर लोगों के पास एक या एक से ज्यादा बैंक अकाउंट होते हैं। कई बार लोग अपने पुराने या बिना इस्तेमाल के बैंक अकाउंट को बंद करवा देना चाहते हैं। लेकिन अकाउंट बंद करवाते समय कुछ बातों का ध्यान न रखने से उन्हें नुकसान हो सकता है। यहां कुछ काम की बातें दी गई हैं, जिनका आपको अपना बैंक अकाउंट बंद करवाते समय ध्यान रखना चाहिए।**

### बैंक अकाउंट बंद कराते समय इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- अकाउंट में बचा हुआ बैलेंस चेक करें और उसका स्टेटमेंट डाउनलोड करें। कम से कम पिछले 2-3 सालों के स्टेटमेंट का रिकॉर्ड रखें।
- अगर अकाउंट में कोई क्रेडिट बैलेंस है, तो उसे वापस निकाल लें।
- अगर अकाउंट पर कोई ईएमआई चल रही हो, बिल्स और मंथली सब्सक्रिप्शन हो, तो पहले ऐसे स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन को कैंसिल करें।
- सेविंग अकाउंट से ऑटोमेटेड क्लियरेंस जुड़ा हो, तो उसे भी पहले कैंसिल करें।
- अगर आपको बंद होने की सूचना नहीं दी गई है, तो अपने बैंक से संपर्क करें और पता लगाएं कि जल्द से जल्द अपना पैसा पाने के लिए आपको क्या करने की जरूरत है।
- डायरेक्ट जमा और ऑटोमैटिक ट्रांजैक्शन को तुरंत रद्द करें।
- बैंक अकाउंट बंद करने के लिए, आप अपनी ब्रांच में जाकर, ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल करके या ग्राहक सेवा को कॉल करके भी बंद कर सकते हैं।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- पेंडिंग ट्रांजैक्शन
- बैंक अकाउंट में निगेटिव बैलेंस
- क्लोजिंग चार्ज
- मंथली पेमेंट मैंडेट
- बैंक लॉकर रेंटल से लिंकिंग
- स्टेटमेंट डाउनलोड करना
- अगर आपका अकाउंट खाली है और खराब स्थिति में है, तो इसकी रिपोर्ट की जा सकती है, और अन्य बैंक आपका निगेटिव बैंकिंग रिकॉर्ड देख सकते हैं। इससे भविष्य में नए अकाउंट खोलना मुश्किल हो सकता है।

### कितने दिन बाद बैंक अकाउंट बंद हो जाता है?

अगर किसी बैंक अकाउंट में लगातार 12 महीनों तक कोई लेनदेन नहीं होता, तो उसे निष्क्रिय खाता माना जाता है। वहीं, अगर लगातार 24 महीने यानी दो साल तक खाते से लेन-देन नहीं होता, तो उसे डॉर्मेंट अकाउंट की कैटेगरी में डाल दिया जाता है। इनएक्टिव अकाउंट को नया लेन-देन करके या इंटरनेट बैंकिंग के जरिए दोबारा से एक्टिव किया जा सकता है। वहीं, डॉर्मेंट अकाउंट को एक्टिव करवाने के लिए बैंक जाना पड़ता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके सभी बैंक अकाउंट एक्टिव रहें, तो आपको दो साल में कम से कम एक खाते से पैसे निकालने होंगे। ज्यादातर बैंकों में यही नियम है। एसबीआई बैंक में अकाउंट बंद करने का एप्लीकेशन फॉर्म जमा करने के बाद, आम तौर पर सात से दस दिन में अकाउंट बंद हो जाता है। वहीं, एक्सिस बैंक में अकाउंट बंद करने में करीब दो कार्य दिवस लग सकते हैं।

### बैंक अकाउंट खाली छोड़ने से क्या होता है?

अगर आप दो साल से ज्यादा समय से किसी बैंक खाते में लेनदेन नहीं कर रहे हैं, तो बैंक उसे निष्क्रिय कर देता है। निष्क्रिय खाते में आप पैसे डाल सकते हैं, लेकिन निकाल नहीं सकते। निष्क्रिय खाते में जमा रकम पर बैंक नियमित ब्याज देता है, जो उसी खाते में जमा होता रहता है। हालांकि, यह ब्याज तभी मिलेगा, जब खाता सक्रिय हो। अगर किसी निष्क्रिय खाते के दस्तावेजों में नॉमिनी का नाम दर्ज है, तो नॉमिनी अनक्लेम्ड रकम पर दावा कर सकता है। इसके लिए नॉमिनी को खाताधारक का मृत्यु प्रमाण-पत्र और अपने केवाईसी दस्तावेज देने होंगे। अगर खाता जॉइंट है, तो बैंक जिस खाताधारक की मौत हो चुकी है, उसका नाम काट देगा और जीवित खाताधारक को सभी अधिकार दे देगा। अगर किसी बैंक खाते में संदिग्ध लेनदेन या किसी अपराध की आशंका हो, तो बैंक उसे फ्रीज कर सकता है। फ्रीज खाते से आप एटीएम से पैसे नहीं निकाल पाएंगे, चेक काटने पर भी कैश नहीं मिलेगा, और जमा रकम भी नहीं निकाल पाएंगे। अगर आप चाहते हैं कि आपके सभी बैंक खाते एक्टिव रहें, तो आपको दो साल में कम से कम एक खाते से पैसे निकालने होंगे। ज्यादातर बैंकों का यही नियम है।





# ऑफिस में स्टाइल करें ये प्लाजो कुर्ती सेट

**गर्मियों में अक्सर हल्के और खुले-खुले कपड़े पहनने का मन करता है। आप भी अलग-अलग डिजाइन के कपड़ों को वियर कर सकती हैं। इसमें सबसे बेस्ट ऑप्शन है प्लाजो सूट सेट।**

ऑफिस में जाने के लिए अक्सर हम सबसे ज्यादा कम्फर्टेबल कपड़ों को खरीदना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां बैठकर काम करना आसान हो सके। ज्यादा टाइट या अलग कपड़े पहनेंगे, तो पूरे दिन अजीब नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप ऐसे कपड़ों को खरीदकर वियर करें, जो कम्फर्टेबल भी हो। साथ ही, अच्छे भी लगे। इसके लिए आप प्लाजो सूट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के प्लाजो सूट सेट को आप स्टाइल कर सकती हैं।

### चिकनकारी स्ट्रेट कुर्ता विद प्लाजो

आजकल चिकनकारी वर्क काफी ट्रेंड में है। आप इसी ट्रेंड को फॉलो करते हुए प्लाजो कुर्ती सेट के डिजाइंस की खरीदारी कर सकती हैं। इसमें आपको ऊपर की कुर्ती के साथ-साथ नीचे पहनने वाले प्लाजो में भी सेम डिजाइन मिल जाएगा। साथ में स्लीव्स पर भी अच्छा वर्क मिलेगा। गले की बात करें तो उसमें जो वर्क हुआ है, वो थोड़ा हैवी होगा। लेकिन ऑफिस में पहनने के हिसाब से अच्छा मिलेगा। आप इस तरह के सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें कलर ऑप्शन आप मार्केट से जाकर ले सकती हैं, ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे।

### प्लेन प्लाजो कुर्ता सेट

अगर आपको कुछ यूनिक पहनना है तो इसके लिए आप प्लेन प्लाजो कुर्ता सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको किसी तरह की कोई एम्ब्राइडरी नहीं मिलेगी। बल्कि आपको प्रिंट भी नहीं मिलेगा, जिससे सूट थोड़ा हैवी लगे। प्लेन होगा तो इसे ऑफिस में अलग-अलग एक्सेसरीज के साथ स्टाइल किया जा सकेगा। आप इसे ट्राई कर सकती हैं। कलर के ऑप्शन आप अलग-अलग ले सकती हैं। इससे आपका सूट सुंदर नजर आएगा। मार्केट में इस तरह के सूट से आपको 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे। इस बार ऑफिस में कंफर्टेबल रहने के लिए इन सूट सेट को स्टाइल करें। इसमें प्लाजो सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा नजर आएगा।

### कुर्ता प्लाजो सेट

ऐसा जरूरी नहीं है कि आपको फ्लोर टच अनारकली को स्टाइल करना है। आप इस तरह के शॉर्ट अनारकली के साथ प्लाजो को स्टाइल कर सकती हैं। ऑफिस में इस तरह का लुक भी रीक्रिएट किया जा सकता है। इसमें आपको गोटा पट्टी वर्क मिल जाएगा। साथ में जो प्रिंट मिलेगा वो फ्लोरल होगा। दुपट्टा भी सेम डिजाइन का मिलेगा तो इससे सूट सुंदर लगेगा। आपको इसे ट्राई करना चाहिए। मार्केट में इस तरह के सूट सेट आपको 800 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### महंगाई का बड़ा झटका! एनएचएआई ने देश के सभी हाईवे पर बढ़ाया टोल




**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। अब हाईवे पर सफर करने वालों की जेब ज्यादा ढीली होगी। देशभर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल दरों में इजाफा किया है। एनएचएआई ने टोल दरों में 5 फीसदी की बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। अब हाईवे पर सफर करने वालों को सोमवार से ज्यादा रुपयों का भुगतान करना होगा। राजमार्ग उपयोगकर्ता शुल्क का वार्षिक संशोधन पहले एक अप्रैल से लागू होना था। लेकिन लोकसभा चुनावों के कारण वृद्धि स्थगित कर दी गई थी। वार्षिक संशोधन औसतन पांच प्रतिशत के दायरे में रहने की संभावना है। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा, नया उपयोगकर्ता शुल्क तीन जून, 2024 से लागू होगा। टोल शुल्क में यह परिवर्तन थोक मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में परिवर्तन से जुड़ी दरों को संशोधित करने की वार्षिक प्रक्रिया का हिस्सा है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर लगभग 855 उपयोगकर्ता शुल्क प्लाजा हैं, जिन पर राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 के अनुसार उपयोगकर्ता शुल्क लगाया जाता है। टोल की दरों में इस इजाफे का असर सीधा आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। जून की शुरुआत होते ही लोगों को महंगाई का झटका लगा है। लोकसभा चुनावों के चलते टोल की दरों में ये इजाफा देर से किया गया है। पहले टोल दरों में ये बढ़ोतरी अप्रैल में होने जा रही थी।

### आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती नहीं करेगा आरबीआई : विशेषज्ञ



**मुंबई, एजेंसी।** मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है। विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा सात जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि पिछली नीति के बाद से आर्थिक स्थितियां काफी हद तक अपरिवर्तित बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पीएमआई और जीएसटी संग्रह जैसे उच्च आवृत्ति संकेतक दिखाते हैं कि वृद्धि सही दिशा में है। उन्होंने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, .

# अमेरिका-इंग्लैंड नहीं सिंगापुर से भारत में आया सबसे ज्यादा विदेशी निवेश

**विदेशी निवेश के प्रवाह में 3 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है**

### जापान और नीदरलैंड से भी विदेशी निवेश बढ़ा है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में विदेशी निवेश के प्रवाह में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई प्रवाह 31.55 प्रतिशत घटकर 11.77 अरब डॉलर पर आ गया है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने उस देश (सिंगापुर) से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा है। वित्त वर्ष 2018-19 से सिंगापुर, भारत के लिए ऐसे निवेश का सबसे बड़ा स्रोत रहा था। 2017-18 में भारत ने मॉरीशस से सबसे ज्यादा एफडीआई आकर्षित किया था।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत-मॉरीशस कर संधि में संशोधन के बाद सिंगापुर, भारत में निवेश के लिए पसंदीदा क्षेत्र के रूप में उभरा है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि दुनिया के प्रमुख वित्तीय केंद्रों में से एक के रूप में सिंगापुर उन वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करता है जो एशिया में निवेश करना चाहते हैं। मजूमदार ने कहा, ''हाल ही में रीट विनियम 2014 में संशोधन जैसी भारत की पहल ने सिंगापुर स्थित निवेशकों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। यही कारण है कि भारत को सिंगापुर से ऊंचा एफडीआई मिल सकता है।'' उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि 2024-25 के उत्तरार्ध में भारत में एफडीआई में तेजी आएगी।

### विकासशील देशों में लगा रहे पैसा

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के वरिष्ठ सलाहकार संजीव मल्होत्रा ने कहा कि सिंगापुर और मॉरीशस ऐसे क्षेत्र हैं जिनका उपयोग वैश्विक निवेशक भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अपना पैसा लगाने के लिए करते हैं। मल्होत्रा ने कहा, ''हालांकि, ऐसे कई भू-आर्थिक और राजनीतिक कारक हैं जिनकी वजह से सिंगापुर ने हाल के दिनों में अधिक महत्व हासिल की है, लेकिन भारत के लिए एफडीआई में उसके सबसे ऊपर रहने का कारण कर है।'' उन्होंने कहा कि सिंगापुर में बहुत प्रतिस्पर्धी घरेलू कर व्यवस्था है और उसका नियामकीय ढांचा काफी दक्ष है।

## लगातार दूसरे महीने मई में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ रही धीमी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा, ''विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही। दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई।

## भाजपा जीती तो हर हफ्ते आएगा 2 अरब डॉलर तक का एफपीआई निवेश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली तो भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश फिर से आ सकता है। नोमूरा के विश्लेषकों का अनुमान है कि जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की तारीख (28 जून) तक उनका साप्ताहिक निवेश डेट मार्केट में 1 से 2 अरब डॉलर रह सकता है। दूसरी ओर, अगर भाजपा 2024 का चुनाव जीतने में नाकाम रहती है तो नोमूरा को कुछ हफ्तों में 30 अरब डॉलर से ज्यादा के विदेशी निवेश की निकासी की आशंका है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक के भारी हस्तक्षेप की दरकार होगी। नोमूरा के नाथन श्रीबालासुंदरम ने हालिया नोट में कहा कि अप्रैल में बिकवाली के बाद आरबीआई ने हाल में अपने विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा बहाल किया है। हालांकि यह आवक अभी कम है। यह निवेश पूंजी खाते के निवेश का करीब से अनुसरण करता है। इक्विटी और बॉन्ड में एफपीआई का निवेश इसमें इजाफा कर रहा है। हमें लगता है कि यह पूरी तरह चुनाव नतीजों की झलक देता है। भाजपा की जीत की स्थिति में हमें डॉलर वापस आने की उम्मीद है और चुनाव से इंडेक्स में शामिल किए जाने की तारीख तक हर सप्ताह करीब 1 से 2 अरब डॉलर निवेश आने का अनुमान है। नोमूरा के अनुसार आगामी हफ्तों में अंतरबैंक नकदी बढ़ाने के लिए आरबीआई विदेशी विनिमय में हस्तक्षेप कर सकता है। उसका कहना है कि यह मोटे तौर पर चुनाव नतीजों से संचालित होगा। नोमूरा ने कहा कि पिछले हफ्तों में एफपीआई ने छोटे आकार में सरकार के बॉन्ड में खरीद बहाल की है।

## एआई पायलट्स की जगह नहीं ले सकता, दावा- नई तकनीक से तरीकों में ही बदलाव है संभव




**दुबई , एजेंसी।** वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर क्षेत्र में तेजी से अपना पैर फैला रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर एयरलाइंस ने बताया कि भविष्य में यह पायलटों की जगह नहीं लेगा, लेकिन विमानन उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि नई तकनीक उनके व्यापार करने के तरीके में तेजी से बदलाव ला रहे हैं। एयर फ्रांस-केएलएम में डेटा विज्ञान और एआई के प्रमुख जूली पोजी ने विमानन क्षेत्र के लिए डेटा और एआई को एक शानदार लीवर बताया।

संयुक्त अरब अमीरात में एक वार्षिक वैश्विक शिखर सम्मेलन में सोमवार को एयरलाइंस अधिकारी शामिल हुए। इस सम्मेलन में आगामी एआई परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई। विमानन कंपनियां लंबे समय से ही कम लाख मार्जिन की आदी है, लकिन एआई के जरिए इसके उत्पादकता में वृद्धि हो सकती है।

अमेरिका स्थित फर्म बेन एंड कंपनी में एयरलाइन उद्योग के प्रमुख सलाहकार जेफ्री वेस्टन ने कहा, एआई वास्तव में सही लोगों तक सही जानकारी जल्द से जल्द पहुंचाने में मददगार है। जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए 40 से अधिक परियोजनाओं के साथ एयर फ्रांस-केएलएम ऐसा कर रहा है। फ्रेंच-डच कंपनी की योजनाओं में एक ऐसा टूल है जो ग्राहकों को 85 अलग-अलग भाषाओं में जवाब देता है। इसे एयर फ्रांस एजेंटों के टैबलेट पर इंस्टॉल किया जाएगा और 2025 तक पेरिस चार्ल्स डे गॉल एयरपोर्ट पर लागू कर दिया जाएगा।

### एयरपोर्ट पर कई एआई पहल की शुरुआत

एयरपोर्ट के संचालक, ग्रुप एडीपी ने स्टार्टअप के सहयोग से कई एआई पहल शुरू की हैं, जिसमें एलोब्रेन भी शामिल है। इसे एयरपोर्ट पर फोन कॉल का जवाब देने के लिए आवाज की पहचान करने के लिए उपयोग किया जाता है। इस पहल से अनुत्तरित फोन कॉल की संख्या में गिरावट देखने को मिली। अनुत्तरित फोन कॉल की संख्या अब 50 फीसदी से घटकर 10 फीसदी तक हो चुकी है।

## पहले वेतन से ही बचत-निवेश का बनाएं लक्ष्य, वित्तीय मामलों पर घर में चर्चा जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह देखना हमेशा उत्साह भरा होता है कि आपके जान पहचान वाले बच्चे स्कूल छोड़कर कॉलेज में दाखिला ले रहे हैं। फिर नौकरी कर रहे हैं। श्रेयस इंजीनियरिंग कॉलेज में स्कॉलर था। उसने अपने अंतिम वर्ष में भी हॉस्टल में रहने का विकल्प नहीं चुना। यह उसकी निजी पसंद है। इस संरक्षित परवरिश का मतलब था कि श्रेयस शायद ही कभी लंबे समय तक अकेले रहा हो। मुझे लगता है कि बच्चों को जीवन और पैसों से जुड़े मामलों को खुद ही तलाशने देना चाहिए ताकि वे गलतियों से सीख सकें और मुश्किल हालात को खुद संभाल सकें। हां, इस दौरान हमेशा आसपास रहना चाहिए। श्रेयस ने जब मुझे अपनी नई नौकरी के बारे में बताया तो मैंने पूछा कि अपनी पहली तनख्वाह का क्या करेगा। उसका जवाब था...यह पिता तय करेंगे। कई युवाओं के साथ ऐसा होता है क्योंकि घरों में वित्तीय मामलों पर शायद ही कभी चर्चा होती है।

पहली तनख्वाह मिलने से वित्तीय स्वतंत्रता का एक फैक्टर जुड़ा होता है। मुझे लगता है कि व्यक्ति को इसका एक बड़ा हिस्सा अपनी इच्छा अनुसार खर्च करना चाहिए। इस तरह, लंबे समय से दबी हुई आपकी कोई भी इच्छा पूरी हो जाएगी। इस खर्च में कोई अपराध बोध भी नहीं होना चाहिए।

हर कंपनी का सैलरी स्ट्रक्चर अलग होता है। यह समझना अच्छा होगा कि आपको अपने पैकेज में वास्तव में क्या मिलता है। यह आपको टैक्स में कटौती और प्राप्त ग्रॉस-नेट आय के बीच के अंतर से भी परिचित कराएगा। जब आप इसे समझ लेंगे, तो टैक्स की योजना बनाने में सक्षम होंगे और भविष्य के लिए बचत एवं निवेश करने के तरीकों पर भी काम करेंगे।

अगर आप माता-पिता के साथ रह रहे हैं, तो संभावना है कि घर के खर्चे वही संभाल रहे होंगे। ये समझें कि घर के खर्चे किस तरह के हैं और आप अकेले रहते तो कितने पैसों की जरूरत होती। एक बार जब आप यह जान लेंगे, तो कुछ खर्चों के लिए भुगतान खुद ही कर सकते हैं। इस तरह, घर के खर्चों में आपकी भागीदारी होगी और यह भी समझ पाएंगे कि घर चलाने में कितना खर्च आता है।

### वित्तीय लक्ष्य का करें निर्धारण

अगर आपने शिक्षा कर्ज लिया है तो इसे तुरंत चुकाना शुरू कर दें। कर्ज मुक्त रहने की आदत आपको बहुत आगे ले जा सकती है। कर्ज भुगतान में देरी आपके भविष्य में होने वाले खर्चों को प्रभावित करेगी। कर्ज चुकाने के बाद अपने लिए घर खरीदने और सेवानिवृत्ति से जुड़े वित्तीय लक्ष्य भी निर्धारित करें।

### समय के साथ बढ़ाते रहें निवेश

वेतन का 10-15 फीसदी बचाएं और निवेश की आदत डालें। सुनिश्चित करें कि इस निवेश का इस्तेमाल लंबी अवधि के लिए कर रहे हैं। साल बीतने के साथ निवेश बढ़ाते जाएं क्योंकि चक्रवृद्धि ब्याज से मदद मिलेगी और नियमित निवेश की आदत भी बनेगी।

### कर्ज बनाम निवेश

आज हर वित्तीय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कर्ज उपलब्ध है। हालांकि, इन पर लागत आती है। लेकिन, कुछ ऐसे कर्ज हैं जो वित्तीय रूप से स्मार्ट हैं। जैसे घर खरीदने या शिक्षा के लिए कर्ज लेना। लेकिन, नया फोन खरीदने या छुट्टी मनाने के लिए उधार लेना अच्छा विचार नहीं है। इसका कारण यह है कि कर्ज आपको तुरंत संतुष्टि देता है, लेकिन इसमें ब्याज शामिल होता है, जो उधार लेने में लगी लागत को वस्तुओं और सेवाओं की वास्तविक कीमत से बहुत अधिक बना देता है। निवेश लंबे समय में पैसा बनाने और उसे सहेजने का अवसर देता है। इसे समय के साथ सीखना चाहिए। भविष्य को आर्थिक रूप से तनावमुक्त बनाने के लिए अच्छी तरह से निवेश करना शुरू करें।

## औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार ने आज सोमवार को एग्जिट पोल्स पर जबरदस्त रिस्पांस दिया है। सेंसेक्स आज 2622 अंक की उछाल के साथ खुला। शेयर बाजार की बंपर तेजी से इतर सर्राफा बाजार में आज गिरावट देखी जा रही है। सोने के घरेलू वायदा भाव सोमवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ ट्रेड करते दिखे। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना शुरुआती कारोबार में 0.55 फीसदी या 392 रुपए की गिरावट के साथ 71,442 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा।

### चांदी में भी बड़ी गिरावट

चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में भी सोमवार सुबह गिरावट देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी शुरुआती कारोबार में 0.58 फीसदी या 535 रुपए की गिरावट के साथ 91,035 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी।

### सोने-चांदी के वैश्विक भाव में गिरावट

सोने की वैश्विक कीमतों में सोमवार सुबह गिरावट देखी गई है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक भाव सोमवार सुबह 0.20 फीसदी या 4.80 डॉलर की गिरावट के साथ 2,341 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.28 फीसदी या 6.54 डॉलर की गिरावट के साथ 2,320.79 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। सोने के साथ ही चांदी की वैश्विक कीमतों में भी सोमवार सुबह गिरावट देखने को मिली। चांदी की वैश्विक कीमत कॉमेक्स पर 0.23 फीसदी या 0.07 डॉलर की गिरावट के साथ 30.37 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखीं। वहीं, चांदी हाजिर 0.63 फीसदी या 0.19 डॉलर की गिरावट के साथ 30.22 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखाई दी।

## तमिलनाडु से इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात करेगी टाटा मोटर्स ग्रुप की जगुआर लैंड रोवर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स ग्रुप जगुआर लैंड रोवर के इले क्ट्रिफाइड मॉड्यूलर आर्किटेक्चर पर बने इले क्ट्रिक वाहनों के निर्यात के लिए तमिलनाडु को अपना अड्डा बना सकता है। इसमें जेएलआर के अलावा टाटा मोटर्स के मॉडल भी ओ सकते हैं। निर्यात किए जाने वाले मॉडलों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं है, मगर सूत्रों ने बताया कि इनमें भारत में बने जेएलआर के मॉडल हो सकते हैं और ईएमए पर बने टाटा के अन्य इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भी हो सकते हैं। मगर टाटा ऐसा करने वाली पहली कंपनी नहीं होगी क्योंकि फ्रांस की सिट्रॉन भारत में बने ईवी पहले ही दुनिया भर में बेच रही है।

सिट्रॉन तमिलनाडु से ईवी निर्यात करने वाली पहली बहुराष्ट्रीय कार कंपनी बन गई है। उसने भारत में बनी 500 ई-सी3 कारें अप्रैल में निर्यात कीं। ये कारें चेन्नई के समीप कामराजर पोर्ट से इंडोनेशिया भेजी गईं। टाटा मोटर्स ने मार्च में तमिलनाडु सरकार के साथ 5 साल में 9,000 करोड़ रुपए के निवेश से एक कारखाना स्थापित करने के लिए समझौता किया था। इससे राज्य में करीब 5,000 रोजगार मिलने का अनुमान है। कंपनी ने कहा कि कंपनी वि भिन्न विकल्पों पर काम कर रही है और अंतिम तौर पर अभी कुछ तय नहीं किया गया है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'टाटा मोटर्स ग्रुप ने तमिलनाडु में वाहन बनाने के लिए कारखाना लगाने की संभावना तलाशने के लिए 13 मार्च 2024 को राज्य सरकार के साथ समझौते पर दस्तखत किए थे। अभी हम कई विकल्पों पर काम कर रहे हैं और कुछ भी अंतिम तौर पर तय नहीं किया गया है। यह निदेशक मंडल से मंजूरी, दोनों पक्षों के बीच बाध्यकारी समझौते जैसे पहलुओं पर निर्भर करेगा।' सूत्रों के अनुसार टाटा मोटर्स और जेएलआर गाड़ियां बनाएंगी।

मामले की करीबी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, 'टाटा मोटर्स तमिलनाडु कारखाने को निर्यात का ठिकाना बनाना चाहती है। पेट्रोल-डीजल वाहनों मे जो भी हो मगर इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक के मामले में वह दुनिया की दूसरी बड़ी कंपनियों को टक्कर देकी है। इसलिए इसी का फायदा उठाने और ईवी के निर्यात पर जोर देने का विचार है।' ईएमए और जगुआर इलेक्ट्रिफाइड आर्किटेक्चर (जेईए) 2025 में शुरू किया जाएगा क्योंकि जेएलआर 2030 तक अपने सभी ब्रांडों में पूरी तरह इलेक्ट्रिक विकल्प पेश कर इलेक्ट्रिक-फर्स्ट बिजनेस तैयार करना चाहती है। जेएलआर के पास मॉड्यूलर लॉन्गिट्यूडिनल आर्किटेक्चर (एमएलए) भी है और रेंज रोवर इलेक्ट्रिक उसी पर बनाई जा रही है। जेएलआर अपने उत्पादन कारखानों को नए सिरे से ढाल रही है और दुनिया भर में अपने कारखानों को वह पूरी तरह ईवी तैयार करने के लिहाज से बदल रही है।

## 2 कंपनियों के आईपीओ पर दांव लगाने का आखिरी मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स आईपीओ और एसोसिएटेड कोटर्स आईपीओ पर दांव लगाने का आखिरी मौका है। ये दोनों आईपीओ 30 मई को खुले थे। इस आईपीओ का साइज 87.02 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 54.05 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। कंपनी ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 153 रुपये से 161 रुपये प्रति शेयर तय किया था। वहीं, 800 शेयरों का एक लॉट बनाया गया है। जिस वजह से रिटेल निवेशकों को कम से कम 1,28,000 रुपये का दांव लगाना होगा। पहले दिन इस आईपीओ 2.33 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। वहीं, दूसरे दिन 5.50 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ था। ग्रे मार्केट की बात करें तो आईपीओ आज 75 रुपये के प्रीमियम पर उपलब्ध है। अगर यही ट्रेंड लिस्टिंग तक रहा तो कंपनी शेयर बाजार में 46.58 प्रतिशत पर डेब्यू कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टंट करते भाग रहे थे तो उछल कर यूं गिरे, पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की सड़क पर खतरनाक तरीके से बाइक चला स्टंट दिखाने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। बाबा खड़ग सिंह मार्ग पर स्टंट दिखा रहे स्टंटबाजों के एक ग्रुप को पुलिस ने पकड़ा है। दरअसल रात के वक्त पेट्रोलिंग पुलिस की टीम ने मोटरसाइकिल सवार इन स्टंटबाजों को स्टंट करते हुए देखा। इसके बाद पुलिस ने इन्हें रोकना चाहा तो यह स्टंटबाज भागने लगे। हालांकि, कुछ ही देर बाद कुछ ऐसा हुआ जो शायद इन स्टंटबाजों ने सोचा भी नहीं होगा। दरअसल एक डिवाइडर को पार करते वक्त इनकी मोटरसाइकिल उछल कर गिर गई। इसके बाद पुलिस ने दौड़ कर इन सभी स्टंटबाजों को धर दबोचा। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर सवार यह स्टंटबाज पुलिस से बचने के लिए दिल्ली की सड़क पर बाइक से भाग रहे हैं। अचानक यह स्टंटबाज सड़क की दूसरी तरफ चले जाते हैं। लेकिन जैसे ही वो अपनी मोटरसाइकिल एक डिवाइडर पर चढ़ाते हैं तो मोटरसाइकिल असंतुलित हो जाती है। मोटरसाइकिल उछल कर गिर जाती है और उसपर सवार स्टंटबाज भी सड़क पर वही गिर पड़ते हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम दौड़ कर इन स्टंटबाजों तक पहुंच जाती है। पुलिस ने बताया है कि कुल 7 मोटरसाइकिलों पर सवार यह लोग स्टंटबाजी कर रहे थे। पुलिस ने सभी 7 वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस इन स्टंटबाजों को भी पकड़ लेती है। बता दें कि दिल्ली में सड़क पर स्टंटबाजों को काबू करना पुलिस के लिए हमेशा से ही चुनौती भरा रहा है। स्टंटबाज सड़क पर गलत तरीक से बाइक या कोई अन्य वाहन चलाकर ना सिर्फ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं बल्कि अपनी और दूसरों की जान को भी खतरे में डाल देते हैं।

### उठा नहीं रहा था फोन, दिल्ली पुलिस ने कमरे से सड़ी-गली हालत में बरामद की लाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के एक मकान में 42 वर्षीय शख्स की सड़ी-गली हालत में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को नौ बजे फोन आया कि छतरपुर में किराए पर रह रहा रतन फोन नहीं उठा रहा है और उसका कमरा बंद है। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मकान में घुसी। कमरे में रतन की लाश बिस्तर पर पड़ी थी। लाश अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रतन एक बहु राष्ट्रीय कंपनी में काम करता था। शुरुआती जांच में ऐसा लगता है कि रतन पिछले एक साल से अकेले रह रहा था। पुलिस टीम ने छानबीन के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को मौके पर बुलाया और लाश को एम्स के मुर्दाघर भिजवाया। अब तक की जांच में पता चला है कि मृतक महाराष्ट्र का रहने वाला था। वह दिल की किसी बीमारी से जूझ रहा था। पुलिस पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है, जिससे युवक की मौत का कारण पता चल सके। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अचिन गर्ग ने बताया कि मूलत~ महाराष्ट्र का रहने वाला 42 वर्षीय रतन कुमार मैदानगढ़ी इलाके में पिछले एक साल से किराए के मकान में रह रहा था।

### तानाशाही खत्म होगा, 4 जून के बाद जेल से बाहर आएंगे केजरीवाल, मंत्री गोपाल राय का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय का कहना है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई 21 दिनों की जमानत पर बाहर थे। वह वापस जेल चले गए हैं। मुझे उम्मीद है कि 4 जून के बाद तानाशाही खत्म होने पर वह जल्द ही बाहर आएंगे। गोपाल राय ने केजरीवाल के सेहत को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि जेल जाने से पहले उनको जो परेशानी थी, उसे कोर्ट में पेश कर दिया गया है। अब कोर्ट के फैसले के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। एग्जिट पोल के बारे में राय ने कहा कि इस पर तो पूरा देश सवाल खड़ा कर रहा है। राय ने कहा कि इस बार दो एग्जिट पोल है। एक जनता का और एक सरकार का। जनता का एग्जिट पोल तानाशाही को विदा कर रहा है वहीं, सरकारी एग्जिट पोल है जो दोबारा सरकार बनाने के लिए घोषित हुआ है।

# गाजिबाद में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से हाहाकार, एक साथ 70 कॉलोनियों में आफत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गाजियाबाद में भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। शनिवार की रात 70 से ज्यादा कॉलोनी में कई घंटे बिजली गुल रही। रविवार के दिन भी में लोगों ने बिजली कटौती झेली। गोविन्दपुरम में शनिवार की रात तीन से चार घंटे विद्युत कटौती रही। एक ट्रांसफार्मर में तेल चोरी हो गया था। इस वजह से रात में करीब 10 बजे बिजली चली गई। ट्रांसफार्मर में तेल चोरी होने की सूचना पर उपखंड अधिकारी एसएन पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रांसफार्मर में तेल डलवाकर रात में करीब 1230 बजे बिजली सप्लाई शुरू कराई। कुछ देर बाद स्वर्ण जयंतीपुरम, बाला जी एन्कलेव, इंदिरा एन्कलेव आदि जगह की भी बिजली गायब हो गई। राजनगर सेक्टर-6 में रात में हर दो घंटे पर लंबे समय के लिए विद्युत कटौती हुई। ट्रांसफार्मर में खराबी होने की वजह से कई बार बिजली




गई।इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। विजयनगर सेक्टर-9 में रात और दिन बिजली कई घंटे गायब रहने से लोग परेशान रहे। लालकुआं क्षेत्र की दर्जनभर कॉलोनी में रात और दिन तीन से चार घंटे बिजली कटौती से लोगों ने आफत झेली। बम्हेटा, पटेलनगर, लोहियानगर, संजयनगर, शास्त्रत्तीनगर, महेंद्रा एन्कलेव आदि कॉलोनी में बिजली कटौती रही। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से विद्युत कटौती रही। इसके अलावा फॉल्ट होने पर भी बिजली कटौती रही। ट्रिपिंग की समस्या से भी लोग दिक्कत उठा रहे हैं। भीषण गर्मी में रात-दिन एसी और कूलर चल रहे हैं। ऐसे में बिजली की मांग 1300 मेगावाट से बढ़कर 1600 मेगावाट हो गई। विद्युत निगम बिजली की मांग पूरी नहीं कर पा रहा है। इस कारण ट्रांसफार्मर ओवरलोड रहे हैं। ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर में आग लग रही है। साथ ही फॉल्ट के मामले भी बढ़ रहे हैं। ट्रांसफार्मर से तेल चोरी होने की घटना बढ़ गई है। कूलर चलाकर ट्रांसफार्मर को ठंडा किया जा रहा है। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आकाशनगर में दो दिन तक बिजली संकट रहा। यहां दो दिन में दो बार ट्रांसफार्मर खराब हुआ। विद्युत निगम ने शुक्रवार की रात में नया ट्रांसफार्मर लगवाया था, लेकिन कुछ घंटे बाद ही नए ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई। इसके बाद अस्थाई ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति कराई गई। लोगों ने 15 घंटे से ज्यादा विद्युत कटौती झेली। बता दें कि दस दिन में 15 ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी क्षेत्र में भी बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

### ना कोई ओटीपी ना कोई फोन, घर बैठे शख्स को लगा दिया 25 लाख का चूना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जालसाजों ने घर बैठे कमाई का झांसा देकर राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में रहने वाले व्यक्ति से 25.27 लाख रुपये ठग लिए। साइबर ठगों ने ऑनलाइन मुनाफा दर्शाकर मोटी रकम ट्रांसफर करा ली। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर साइबर थाना की पुलिस जांच कर रही है।

राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी सोसाइटी में रहने वाले रवीश कुमार का कहना है कि उनके व्हाट्सऐप पर अनजान नंबर से मैसेज आया। इसमें कहा गया कि वह घर बैठे अच्छी कमाई कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें गूगल पर रेस्टोरेंट और होस्टलों के लिए रिव्यू करना था। रवीश के मुताबिक उन्होंने गूगल पर एक रिव्यू किया तो खाते में 210 रुपये आया। इसके बाद उनके पास शालिनी शर्मा नाम की रिसेप्शनिस्ट प्रोफाइल का टेलीग्राम लिंक भेजकर उससे संपर्क करने के लिए कहा गया।

22 मई को उनके पास गूगल रिव्यू टीम नाम का एक टेलीग्राम लिंक भेजा गया। उन्होंने एक हजार रुपये से निवेश करना शुरू किया, जिसके बदले में उन्हें 1410 रुपये मिले।





### दिल्ली पर नए एग्जिट पोल ने चौंकाया, इंडिया गठबंधन को ज्यादा सीटें, भाजपा को झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में किसकी सरकार बनेगी और दिल्ली की सात सीटों पर क्या अंजाम होगा? इस सवाल का जवाब 4 जून को मिलने जा रहा है। एक जून को आए कई एग्जिट पोल्स में जहां देश में भाजपा सरकार बनने का अनुमान लगाया गया है तो दिल्ली में कुछ नुकसान के साथ उसे बढ़त मिलने की भविष्यवाणी की गई है। इस बीच अब एक नए एग्जिट पोल में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर दिखाई गई है। एग्जिट पोल के मुताबिक इंडिया गठबंधन दिल्ली में सात में से अधिकतम पांच सीटें हासिल कर सकता है। दरअसल, जी न्यूज ने दिल्ली की सात सीटों पर एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एग्जिट पोल किया है। चैनल का दावा है कि यह अपने तरह का पहला एग्जिट पोल है जिसे एआई के माध्यम से अंजाम दिया गया है। इसके नतीजे पहले आए सभी एग्जिट पोल से बेहद अलग हैं। पोल में कहा गया है कि दिल्ली में भाजपा को 02-4 सीटों पर जीत मिल सकती हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन को 3 से 5 सीटें हासिल होने की भविष्यवाणी की गई है। एआई एग्जिट पोल के नतीजे यदि सही साबित होते हैं तो भाजपा के लिए यह बड़ा झटका होगा।

### नोएडा में लगी भीषण आग, 36 से ज्यादा स्क्रैप्ड कारें जलकर राख

**नईदिल्ली, एजेंसी।**दिल्ली से सटे नोएडा में अगलगी की बड़ी घटना हुई है। एक खाली प्लॉट पर लगी आग में बड़ा नुकसान हुआ है। भीषण गर्मी के बीच इस अगलगी में तीन दर्जन से ज्यादा स्क्रैप्ड गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार चौबे ने कहा, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। फायर सर्विस यूनिट को दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर आग की सूचना मिली थी। प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि हमे सूचना मिली थी कि कई सालों से खाली पड़ी प्लॉट पर आग लगी है। यहां कबाड़ स्झ्रश्स्रङ्क कारें पार्क की गई हैं।

विभाग के अधिकारी ने कहा कि करीब 3 दर्जन कबाड़ कारें जलकर राख हो गईं। उन्होंने कहा, सूचना मिलते ही दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। 35 कारें जलकर राख हो गई हालांकि, कोई भी शख्स घायल नहीं हुआ है।

## दिल्ली में पानी की कोई कमी नहीं, भाजपा का बड़ा दावा; कहा- सिर्फ आप की वजह से हो रही परेशानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
एक तरफ जहां दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार लगातार पानी की कमी का मुद्दा उठा रही है तो वहीं बीजेपी ने दावा किया है कि दिल्ली में पानी की कोई कमी नहीं है। बीजेपी ने आप पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। इस बीच दिल्ली सरकार ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर अतिरिक्त पानी की मांग की है। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी की तरफ से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा गया। उन्होंने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री से मानसून आने तक दिल्ली को अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

आतिशी ने पत्र लिखा है कि भीषण गर्मी के चलते राजधानी में पानी की मांग बढ़ी है। इसके साथ ही यमुना के जरिए दिल्ली को मिलने वाले पानी की कमी आई है। ऐसी स्थिति में दिल्ली में पानी



की आपूर्ति सुनिश्चित करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि 30 मई को यमुना के जल स्तर पर भारी गिरावट आई थी। वजीराबाद बैराज में यमुना का जल स्तर सामान्य स्थिति में 674.50 फीट होना चाहिए था, जो 670.30 फीट रह गया है। इससे पता चलता है कि यमुना के जलस्तर में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पानी सभी की जरूरत है, जिसके बिना किसी भी सूरत में काम नहीं चल सकता है। स्वच्छ पेजयल सभी लोगों का अधिकार है, लेकिन पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए जरूरी है कि दिल्ली को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो। इसके लिए जरूरी है कि पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिदिन के हिसाब से बैठक भी की जाए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आतिशी ने उल्लेख किया है कि दिल्ली सरकार अपने संयंत्रों के माध्यम से पानी की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है, लेकिन उसके बाद भी मांग के अनुरूप पानी उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि दिल्ली के अंदर जल संकट के नाम पर राजनीति की जा रही है। दिल्ली के अंदर पानी की कोई कमी नहीं है। हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तरफ से अत्यधिक पानी प्रदान किया जा रहा है जो कि दिल्ली जल बोर्ड के रिकॉर्ड से भी सत्यापित होता है। दिल्ली में जल संकट के पीछे दो कारण है। पहला, दिल्ली के अंदर शोधित पानी का बड़ा हिस्सा लीकेज व चोरी के चलते बर्बाद हो जाता है। दूसरा, वजीराबाद और सोनिया विहार प्लाट में मिट्टी भारी है। लेकिन दिल्ली सरकार वास्तविक रूप से समस्या पर काम नहीं कर रही है। सिर्फ राजनीति करने के लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश से अतिरिक्त पानी मांगा जा रहा है। जबकि जरूरत है कि पानी के लीकेज व चोरी को रोके। इसके साथ ही प्लांट में भारी मिट्टी को साफ कराएं।

## अहमदीनेजाद फिर राष्ट्रपति बनने की रेस में शामिल कराया रजिस्ट्रेशन, ईरान में हैं चुनाव

**दुबई, एजेंसी।** ईरान के कट्टरपंथी पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने रविवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया। हेलीकाप्टर दुर्घटना में इब्राहिम रईसी की मौत के बाद इस पद के लिए 28 को चुनाव होने हैं। अहमदीनेजाद का रजिस्ट्रेशन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की चिताएं बढ़ा सकता है। तेजतर्रार, नरसंहार पर सवाल उठाने वाले राजनेता की वापसी ऐसे समय में हुई है, जब तेहरान के तेजी से आगे बढ़ रहे परमाणु कार्यक्रम और अन्य कारणों से ईरान और पश्चिम के बीच तनाव बढ़ गया है। अहमदीनेजाद गृह मंत्रालय पहुंचे और रजिस्ट्रेशन कराया। वहां उनके समर्थक मौजूद थे और नारे लगा रहे थे। अहमदीनेजाद 2005 से 2013 तक दो बार राष्ट्रपति रहे। ईरानी कानून के तहत, वह चार साल तक कार्यालय से बाहर रहने के बाद फिर से चुनाव लड़ने के पात्र हो गए हैं। 2009 में उनके विवादित पुनर्निर्वाचन ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और व्यापक कार्रवाई को जन्म दिया था,जिसमें हजारों को हिरासत में लिया गया था और दर्जनों मारे गए थे। अहमदीनेजाद



अपने लोकलुभावन प्रयासों और घर-निर्माण कार्यक्रमों के कारण गरीबों के बीच लोकप्रिय बने हुए हैं। अहमदीनेजाद ने हाल ही में कहा था, न केवल ईरान में बल्कि विश्व में तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही सुखद परिवर्तन देखेंगे। जानकारी के लिए बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति को 2017 के चुनावों में भाग लेने का मौका नहीं दिया गया था, जिसके बाद वो सिस्टम से थोड़ा नाराज हो गए थे। यहां तक कि उन्होंने अली खामेनेई की भी खुलेआम निंदा की थी।

पिछले दो सालों से वे बहुत ही ध्यान से काम कर रहे हैं और आलोचना वाले बयान भी कम ही देते हैं।

### शक्ति प्रदर्शन कर रहे दो विमानों के बीच भीषण टक्कर, एक पायलट की मौत; वीडियो देख कांप उठेगी रूह

**लिस्बन , एजेंसी।** दक्षिणी पुर्तगाल में एक एयर शो प्रदर्शन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इस बीच दो छोटे विमानों के बीच हवा में टकराने से एक पायलट की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। एयरफोर्स की तरफ से सामने आए एक बयान के मुताबिक, वायु सेना को यह ऐलान करते हुए दुख हो रहा है कि शाम 4~05 बजे बेजा एयर शो में एक हवाई प्रदर्शन के दौरान दो विमान दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें छह विमान शामिल थे।



मिली जानकारी के मुताबिक, एक स्पेनिश नागरिक की मौत हो गई और एक अन्य पायलट घायल बताया जा रहा है। वायु सेना के कहे मुताबिक, पुर्तगाली राष्ट्रीयता वाला पायलट मामूली रूप से घायल हो गया और बेजा अस्पताल ले जाने से पहले उसका तुरंत इलाज कराया गया। छह विमान स्पैनिश और पुर्तगाली पायलटों से बने एक एरोबेटिक ग्रुप के थे, जिन्हें ÷याक स्टार्स÷ नाम दिया गया था। जिन विमानों के बीच में टक्कर हुई वे याकोवलेव याक-52 थे। ये एक सोवियत-डिजाइन किया गया एरोबेटिक प्रशिक्षण मॉडल था। एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो पोस्ट किया है। जिसने वहां इस पूरी घटना को देखा था। पोस्ट किए गए इस वीडियो में छह विमानों को उड़ान भरते हुए दिखाया गया है, जिनमें से एक ऊपर चढ़ रहा है,जाहिर तौर पर दूसरे में से एक को छू रहा है और फिर बादल से जमीन पर गिर रहा है। पुर्तगाल के रक्षा मंत्री नूनो मेलो ने भी इस घटना पर अपना बयान दिया है। नूनो मेलो ने इसे घटना को दुखद दुर्घटना कहा है और कहा कि टक्कर का सही कारण निर्धारित करने के लिए एक जांच शुरू की जाएगी। वहीं राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने इस घटना को लेकर कहा, यह फुर्सत और साझा आनंद का पल था।

## फेल हो जाएगा बाइडन का शांति प्रस्ताव, इजरायल हमास को तबाह करने पर उतारू

**येरूशलम , एजेंसी।**
इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एक सहयोगी ने रविवार को पुष्टि की कि इजरायल ने गाजा युद्ध को समाप्त करने के लिए एक रूपरेखा समझौते को स्वीकार कर लिया है। यह अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है।

वही, हमास ने बाइडन की पहल का अस्थायी रूप से स्वागत किया है, वहीं, इस समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी सामी अबू ज़ुहरी ने रविवार को कहा कि आप हमें दरकिनार नहीं कर सकते। उन्होनें कहा, हमास इतना बड़ा है कि नेतन्याहू या बाइडन हमें दरकिनार नहीं कर सकते। एक दिन पहले हमास के एक अन्य अधिकारी ओसामा हमदान ने अल जजीरा से कहा कि बाइडेन के भाषण में सकारात्मक विचार शामिल थे, लेकिन हम चाहते हैं कि यह एक व्यापक समझौते के ढांचे के भीतर हो, जो हमारी मांगों को पूरा करता हो। हमास गाजा पर हमले की गारंटी चाहता है, सभी हमलावर ताकतों की वापसी चाहता है, फिलिस्तीनियों के लिए मुक्त आवागमन और



पुनर्निर्माण सहायता चाहता है।

नेतन्याहू के सलाहकार बोले- अच्छा सौदा नहीं

ब्रिटेन के अखबार संडे टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में नेतन्याहू के मुख्य विदेश नीति सलाहकार ओफिर फॉक ने कहा कि बाइडन का प्रस्ताव एक ऐसा सौदा है जिस पर हम सहमत है, लेकिन यह एक अच्छा सौदा नहीं है; हम चाहते हैं कि सभी बंधकों को रिहा किया जाए। इसमें बहुत सारे विषयों पर काम किया जाना है।

उन्होंने कहा कि बंधकों की रिहाई और नरसंहार करने वाले आतंकवादी संगठन के रूप में हमास को नष्ट करने सहित इजरायल की शर्तों में कोई बदलाव नहीं आया है। बाद में रविवार को अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और बेनी गैंट्ज के साथ प्रस्ताव के बारे में अलग-अलग फोन पर बात की। विभाग ने एक बयान में कहा कि गैंट्ज़ के साथ फोन कॉल पर ब्लिंकन ने इस बात पर जोर दिया कि हमास को बिना देरी किए इस सौदे को स्वीकार कर लेना चाहिए। वहीं, एक अन्य बयान में विदेश विभाग ने कहा कि गैलेंट के साथ कॉल पर ब्लिंकन ने इस सौदे को पूरा करने के लिए इजरायल की तत्परता की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि यह प्रस्ताव इजरायल के दीर्घकालिक सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाएगा, जिसमें क्षेत्र में आगे एकीकरण की संभावना को सक्षम करना भी शामिल है। बाइडन ने शुक्रवार को नेतन्याहू सरकार की ओर से युद्ध को समाप्त करने का प्रस्ताव पेश कयिा था, जो तीन-चरणीय योजना के रूप में वर्णित किया गया है। बाइडन ने कहा कि पहले चरण में युद्धविराम और हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों की वापसी शामिल है, जिसके बाद दोनों पक्ष दूसरे चरण के लिए शत्रुता के खुले अंत पर बातचीत करेंगे।

### पाकिस्तानी सेना में अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला वन-स्टार जनरल

**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना में एक ईसाई महिला अधिकारी को ब्रिगेडियर के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह अल्पसंख्यक समुदाय से वन-स्टार जनरल रैंक तक पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। रविवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। द न्यूज ने बताया, सेना चिकित्सा कोर में सेवारत हेलेन मैरी रॉबर्ट्स उन अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें चयन बोर्ड ने ब्रिगेडियर और पूर्ण कर्नल के रूप में पदोन्नत किया। उन्होंने 26 वर्षों तक आर्मी मेडिकल कोर में पैथोलॉजिस्ट के रूप में काम किया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने उन्हें पाकिस्तानी सेना में योग्यता और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व का एक और जीवंत उदाहरण करार दिया। ब्रिगेडियर रॉबर्ट्स से पहले, मेजर जनरल निगार जौहर ने जून 2020 में लैंगिक बाधाओं को तोड़ते हुए लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत होने वाली देश की पहली महिला अधिकारी बनकर पाकिस्तान सेना की पहली महिला सर्जन जनरल बनीं थीं। पिछले साल रावलपिंडी के क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस समारोह के दौरान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने पाकिस्तान के विकास में ईसाई समुदाय की भूमिका की सराहना की थी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और परोपकार के साथ-साथ राष्ट्रीय रक्षा को बढ़ावा देने में इनके योगदान का हवाला दिया था।

संक्षिप्त समाचार

आईएसएसएफ वर्ल्डकप

## निशानेबाज ईशा सिंह का शानदार प्रदर्शन

### महिला 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में पहुंचीं

म्यूनिख, एजेंसी। महिलाओं की एयर राइफल में रमिता ने 633.0 अंक से चौथे स्थान पर रहकर सोमवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। तिलोत्मा सेन 30वें और इलावेनिल वलारिवान 45वें स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाज ईशा



सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफिकेशन दौर में 293 का स्कोर बनाकर आईएसएसएफ विश्व कप के महिला 25 मीटर पिस्टल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ईशा ने छठे स्थान से फाइनल में जगह बनाई, जबकि हमवतन रिद्म सांगवान 281 के स्कोर से 68वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की एयर राइफल में रमिता ने 633.0 अंक से चौथे स्थान पर रहकर सोमवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। तिलोत्मा सेन 30वें और इलावेनिल वलारिवान 45वें स्थान पर रहीं।

संदीप फाइनल में जगह बनाने से चूके

संदीप सिंह 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 631.4 अंक से नौवें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। दिव्यांश पंवार 631.2 अंक से 12वें, जबकि रूद्राक्ष पाटिल 630.7 अंक से 17वें स्थान पर रहे। अर्जुन बबुता केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशाना लगा रहे थे। वह 635.1 अंक के स्कोर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। वह स्पर्धा में दिन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाने वाले निशानेबाज रहे।

चेस

## हर्षित ने शीर्ष वरीय अभिमन्यु को हराया

### 51 खिलाड़ियों को पहले दौर में मिली सफलता

**गांधीनगर, एजेंसी।** इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने किया। इस प्रतियोगिता में 11 दौर होंगे जिसके बाद अंडर-20 वर्ग में दोनों वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का फैसला होगा। विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के पहले दौर में भारत



के हर्षित पवार ने रविवार शीर्ष वरीय और दुनिया के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा को हराया। हर्षित ने एक बार दबदबा बनाने के बाद अमेरिका के अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में 51 खिलाड़ी जीत दर्ज करने में सफल रहे। रूस के आर्तियोम स्ट्रीबुक को भी भारत के वीएस नंदीश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। लड़कियों के वर्ग में शीर्ष वरीय दिव्या देशमुख ने अनुपम एम श्रीकुमार को हराकर शुरुआत की। दूसरी शीर्ष भारतीय रक्षिता रवि ने हमवतन एस शिवमशिखा को हराया।

ताईवान एथेलेटिक्स ओपन

लंबी कूद की भारत की शीर्ष खिलाड़ी नयना जेम्स ने रविवार को अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 6.43 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। वर्ल्ड एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर की कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में 28 वर्षीय नयना ने अपने तीसरे प्रयास में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।





अनिमेष भी स्पेन में चमके

# नयना को मिली बड़ी सफलता

## ताइवान में लंबी कूद में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिमेष कुजूर ने स्पेन में ट्रोफियो डि एटलेटिस्मो स्यूदाद डि सलामांका-मेमोरियल कार्लोस गिल पेरेज एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय धावक ने 20.59 सेकेंड के समय से दौड़ जीती।

लंबी कूद की भारत की शीर्ष खिलाड़ी नयना जेम्स ने रविवार को अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 6.43 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। वर्ल्ड एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर की कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में 28 वर्षीय नयना ने अपने तीसरे प्रयास में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह भारत के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। नयना का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6.67 मीटर है जो उन्होंने मार्च में इंडियन ओपन जंप्स प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने के दौरान किया था। उन्होंने पिछले महीने फेडरेशन कप में भी 6.53 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इस बीच भारतीय धावक अनिमेष कुजूर ने स्पेन में ट्रोफियो डि एटलेटिस्मो स्यूदाद डि सलामांका-मेमोरियल कार्लोस गिल पेरेज एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय धावक ने 20.59 सेकेंड के समय से दौड़ जीती। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 20.62 सेकेंड था जो उन्होंने इस महीने की शुरुआत में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान हासिल किया था। स्पेन के डेनियल रोड्रिग्ज सेरानो (20.85 सेकेंड) और माउरो ट्रियाना लोपेज (21.27 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले अनिमेष ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.27 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय निकालकर चौथा स्थान हासिल किया था, जो पिछले साल मणिकांत होबलीधर द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड से मामूली अंतर से पीछे था।

टी20 विश्व कप का पहला सुपर ओवर में

# ओमान के खिलाफ नामीबिया ने हासिल की जीत

**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** नामीबिया ने सोमवार को केंसिंग्टन ओवल में रोमांचक मुकाबले में ओमान को सुपर ओवर में हराया, दोनों टीमें 40 ओवर के रोमांचक मैच में बराबरी पर थीं। डेविड विसे और गेरहार्ड इरास्मस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दिलाई।



सुपर ओवर तक मैच बराबरी पर रहा, जहां नामीबिया ने निर्णायक रूप से नियंत्रण हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नामीबिया ने विसे के एक चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए, जबकि इरास्मस ने अंतिम गेंदों पर दो और चौके लगाए। नामीबियाई जोड़ी की आक्रामक बल्लेबाजी ने ओमान के सामने एक मुश्किल लक्ष्य रखा। विसे का शानदार प्रदर्शन सुपर ओवर में भी जारी रहा। उनकी सटीक यॉर्कर ने ओमानी बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने नसीम खुशी का महत्वपूर्ण विकेट लिया और आखिरी गेंद पर एक्रीब इलियास के छक्के के बावजूद ओमान जवाब में केवल 10 रन ही बना सका।

नियमित मैच में नामीबिया को सुस्त पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते देखा गया। उन्होंने शुरुआती विकेट खो दिया और पावरप्ले के बाद रन-ए-बॉल की गति बनाए रखी। ओमान के स्पिनरों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली, जिससे नामीबिया के लिए तेजी लाना मुश्किल हो गया। इरास्मस (13 गेंदों में 16 रन) और जेजे स्मिथ (8 गेंदों में 12 रन) दोनों ने तेज शॉट खेले, जिससे ओमान एक कमांडिंग स्थिति में आ गया। हालांकि, विसे के अंतिम ओवर में समय पर लगाए गए छक्के ने नामीबिया की उम्मीदों को जीवित रखा। अंतिम ओवर में पांच रन की जरूरत के साथ, मेहरान खान की शानदार गेंदबाजी ने खेल को सुपर ओवर में धकेल दिया।

मैच की शुरुआत में नामीबिया ने अपने टी20 विश्व कप अभियान में गेंद से शानदार शुरुआत की। टॉस जीतकर और

## पापुआ न्यू गिनी को हराने में वेस्टइंडीज के छूटे पसीने...

### रोस्टन चेज के दम पर हासिल की रोमांचक जीत

**गुयाना, एजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मैच नंबर–2 में वेस्टइंडीज ने पापुआ न्यू गिनी को 5 विकेट से हरा दिया. 2 जून (रविवार) को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को जीत के लिए 137 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने छह गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया.



मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी ने काफी शानदार खेल दिखाया और मैच को रोमांचक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा. एक समय तो वेस्टइंडीज के पांच विकेट 97 रनों पर गिर गए थे और सिर्फ चार ओवर बाकी थे. यहां से रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल ने 18 गेंदों पर नाबाद 37 रन जोड़कर टीम को जीत दिला दी. रोस्टन चेज ने 4 चौके और दो छक्के की मदद से 27 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए. वहीं रसेल ने 1 सिक्स की मदद से 9 गेंदों पर 15 रन बनाए. ब्रैंडन किंग (34) और निकोलस पूरन (27) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं. पापुआ न्यू गिनी के लिए कप्तान असद वाला ने सबसे ज्यादा दो विकेट चटकाए. मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पापुआ न्यू गिनी ने आठ विकेट पर 136 रन बनाए थे. पापुआ न्यू गिनी के लिए सेसे बाऊ ने सबसे ज्यादा 50 रनों की पारी खेली. बाऊ ने 43 गेंदों की पारी में 6 चौके के अलावा एक सिक्स लगाया. विकेटकीपर बल्लेबाज किलपिन डोरिगा ने भी तीन चौके की मदद से 18 गेंदों पर नाबाद 28 रन बनाए.

# अमित पंघाल, जैस्मिन ने पेरिस ओलंपिक कोटा जीते

**बैंकाक, एजेंसी।** 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और जैस्मिन लंबोरिया (महिला 57 किग्रा) ने रविवार को विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर भारत को पेरिस ओलंपिक के लिए पांचवां और छठा ओलंपिक कोटा दिला दिया। अमित ने 51 किग्रा क्वार्टर फाइनल में चीन के लियू चुआंग को सर्वसम्मति से 5–0 से हराया और पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले पांचवें भारतीय मुक्केबाज बन गए। 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित इस जीत के साथ निशांत देव (71 किग्रा) के बाद पेरिस कोटा हासिल करने वाले दूसरे भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। जैस्मिन लंबोरिया ने माली की मेरिन कमारा को 57 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में 5-0 से हराकर कोटा जीता ।



टी20 विश्व कप

# नामीबिया के ट्रम्पेलमैन ने टी-20 में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** नामीबिया के रूबेन ट्रम्पेलमैन ने सोमवार 3 जून को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 अभियान में पहले मैच में एक नया टी20 रिकॉर्ड बनाया। 26 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी20 मैच की पहली दो गेंदों पर दो विकेट लेने वाले पहले व्यक्ति बन गए। उन्होंने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में केंसिंग्टन ओवल में ग्रुप बी के मैच में ओमान की बल्लेबाजी इकाई को हिलाकर रख दिया। नामीबिया ने रोमांचक मुकाबले में ओमान को सुपर ओवर में हराया, दोनों टीमें 40 ओवर के रोमांचक मैच में बराबरी पर थीं। डेविड विसे और गेरहार्ड इरास्मस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दिलाई। कप्तान गेरहार्ड इरास्मस द्वारा टॉस जीतने और गेंदबाजों के लिए भरपूर सहायता वाली पिच पर गेंदबाजी करने के बाद रूबेन ट्रम्पेलमैन ने पूरी




ताकत से खेलते हुए शानदार शुरुआत की। नामीबिया इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकता था क्योंकि रूबेन ट्रम्पेलमैन ने खेल की पहली दो गेंदों पर सलामी बल्लेबाज कश्यप प्रजापति और कप्तान आकिब इलियास के बड़े विकेट हासिल किए। ट्रम्पेलमैन की यह बाएं हाथ की स्विंग गेंदबाजी का मास्टरक्लास था, क्योंकि उन्होंने गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाजों की तरफ स्विंग कराया। प्रजापति को एक फुलर-लेंथ डिलीवरी पर आउट किया, जो देर से स्विंग हुई। इलियास को एक अनप्लेएबल इन-स्विंगिंग यॉर्कर का सामना करना पड़ा। ट्रम्पेलमैन हालांकि हैट्रिक नहीं बना पाए लेकिन उन्होंने अपने दूसरे ओवर में विकेटकीपर नसीम खुशी को 6 रन पर आउट कर दिया। ट्रम्पेलमैन की सनसनीखेज ओपनिंग के बाद नामीबिया मैच के तीसरे ओवर में 10 रन पर 3 विकेट खोकर लड़खड़ा रहा था।

# टीम इंडिया का हेड कोच बनने को लेकर गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी, बोले- ये सम्मान...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के साथ ही टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो रहा है. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने नए हेड कोच की तलाश भी शुरू कर दी है. बीसीसीआई ने सोमवार (13 मई) को नए हेड कोच के लिए आवेदन मंगाए थे. वहीं आवेदन करने की लास्ट तारीख 27 मई (सोमवार) थी. रिपोर्ट के मुताबिक टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का नाम हेड कोच की रेस में सबसे आगे है. गंभीर की मेंटरशिप में कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था. मुकाबले के बाद गौतम गंभीर और बीसीसीआई सचिव जय शाह के बीच बातचीत हुई. कहा जा रहा है कि गंभीर का नाम लगभग फाइनल है और बीससीआई की ओर से आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा हो सकती है. अब गंभीर ने भी हेड कोच बनने को लेकर ग्रीन सिग्नल दे दिया है. गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम को कोचिंग देने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है. गंभीर ने अबू धाबी में एक इवेंट के दौरान कहा, मैं भारतीय टीम को कोचिंग देना पसंद करूंगा. अपनी राष्ट्रीय टीम (भारतीय टीम) को कोचिंग देने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है.

गंभीर ने आगे कहा, आप 140 करोड़ भारतीयों और दुनिया भर के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. जब आप भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो यह उससे बड़ा कैसे हो सकता है. मैं भारत को विश्व कप जीतने में मदद नहीं करूंगा, यह 140 करोड़ भारतीय हैं जो भारत को वर्ल्ड कप जीतने में मदद करेंगे.

### गंभीर का शानदार इंटरनेशनल करियर

गौतम गंभीर ने 4 दिसंबर 2018 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. इसके कुछ महीने बाद वह बीजेपी में शामिल हो गए थे. गंभीर ने भारत की ओर से अपना आखिरी टेस्ट 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेला था. गंभीर ने 58 टेस्ट मैचों में 41.95 की औसत से 4154 रन बनाए, जिसमें नौ शतक शामिल हैं.

गंभीर ने 147 ओडीआई में 39.68 की औसत से 5238 रन बनाए. इसमें 2011 वर्ल्ड कप फाइनल में खेली गई 97 रनों की यादगार पारी भी शामिल है, जिसकी बदौलत भारत ने दूसरी बार वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया था. वनडे में उन्होंने 11 शतकीय पारियां खेलीं. गंभीर ने टी20 इंटरनेशनल मैचों में भी अपनी छाप छोड़ी. उन्होंने 37 मैच में सात अर्धशतकों की मदद से 932 रन बनाए, जिसमें उनकी औसत 27.41 की रही.

## रिश्ते में आई दरार?

# नीति टेलर ने हटाया पति का सरनेम



टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस नीति टेलर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। खबरों में बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस की शादीशुदा जिंदगी में परेशान चल रही है। उन्होंने साल 2020 में भारतीय सेना अधिकारी परीक्षित बावा से शादी की थी। ऐसे में पिछले दिनों एक्ट्रेस के फैंस चिंता में आ गए थे। इसकी वजह थी कि उन्होंने इंस्टाग्राम से पति का सरनेम हटा दिया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने कयास लगाने शुरू कर दिए थे कि उनकी निजी जिंदगी में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ऐसे में अब पति का सरनेम हटाने के पीछे की वजह का खुलासा हुआ। इसके पीछे ज्योतिषी कारण बताया जा रहा है। बीते दिनों खबरें सामने आई थीं कि नीति टेलर और उनके पति परीक्षित बावा अपनी शादीशुदा जिंदगी में कुछ दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में 'टेली चक्कर' की रिपोर्ट के अनुसार, अब ये सामने आ गया है कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक है और सभी अटकलें झूठी थीं। सूत्र के मुताबिक, नीति और उनके पति एक-दूसरे के साथ बेहद खुश हैं। वहीं, एक और रिपोर्ट में एक्ट्रेस द्वारा पति का सरनेम हटाए जाने के पीछे के कारण का भी खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि इसके पीछे की वजह ज्योतिषीय कारण है और इससे ज्यादा कुछ नहीं है। खैर, नीति ने अभी तक इस विषय पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है।

### कब शुरू हुई अटकलें?

अगर बात की जाए नीति टेलर और उनके पति परीक्षित बावा के रिश्ते खराब होने की अटकलों के बारे में तो ये तब शुरू हुआ जब एक रेडिट पोस्ट ऑनलाइन सामने आई, जिसमें कहा गा था कि नीति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में कुछ बदलाव किए हैं। उन्होंने यूट्यूब से शादी की तस्वीरें और कुछ पारिवारिक वीडियोज को हटा दिए हैं।

रेडिट की पोस्ट की मानें तो नीति ने सब कुछ डिलीट नहीं किया है क्योंकि वो नहीं चाहती थीं कि उनके फैंस को इस परेशान के बारे में पता चले। बहरहाल, अगर नीति टेलर की प्रोफेशनल लाइफ की बात की जाए तो वो टीवी का जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने 'कैसी ये यारियां' जैसे शो में काम किया है और इसमें 'नंदिनी' के रोल से घर-घर में मशहूर हो गईं। इसके अलावा, उन्हें 'झलक दिखला जा 10' में भी देखा गया था।



# सुशांत सिंह राजपूत के फ्लैट में शिफ्ट हुईं अदा शर्मा

सुदीप्तो सेन की फिल्म द केरल स्टोरी में अभिनय करने के बाद अदा शर्मा के करियर ने एक नई उड़ान भरी। इस साल की शुरुआत में उन्होंने बस्तर- द नक्सल स्टोरी में अभिनय किया और आगे उनकी कुछ दिलचस्प फिल्में आने वाली हैं। अदा को लेकर कुछ समय पहले यह खबर भी सामने आई थी कि वह दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के बांद्रा स्थित फ्लैट को किराए पर लेने की सोच रही हैं। अभिनेत्री ने अब खुद इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है। जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद तकरीबन तीन साल से उनके फ्लैट के लिए किराएदार की खोज की जा रही थी। वहीं, अदा शर्मा ने अक्तूबर 2023 में लीज समझौते पर हस्ताक्षर किए। अभिनेत्री ने इस मामले पर चुप्पी साधी हुई थी लेकिन उन्होंने हाल ही में इस पर टिप्पणी की। एक हालिया इंटरव्यू में अदा ने खुलासा किया कि वह चार महीने पहले फ्लैट (मोंट ब्लैंक अपार्टमेंट, बांद्रा) में चली गई थीं, लेकिन तब से वह बस्तर और द केरल स्टोरी की ओटीटी रिलीज के प्रचार में व्यस्त हैं। बाद में उन्होंने अपनी मां और दादी के साथ अपने वर्तमान फ्लैट में बसने से पहले कुछ समय मथुरा के हाथी अभयारण्य में बिताया।

## पर्दे पर रोमांस करने से कर दिया था इनकार

# साउथ की इस एक्ट्रेस को बेटी मानते हैं विजय सेतुपति



साउथ सिनेमा के स्टार एक्टर विजय सेतुपति आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में बतौर विलेन अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने ये साबित किया है कि एक अभिनेता बनने के लिए सिक्स ऐब्स, बॉडी और गुड लुकिंग की जरूरत नहीं बल्कि स्किल की जरूरत है। 'जवान' में काली गायकवाड़ से सभी का दिल जीत चुके विजय की एक्टिंग की जितनी चर्चा होती है। उतनी ही उनके व्यवहार और सॉफ्ट हार्ट की भी होती है। उनसे जुड़ा एक किस्सा है, जब उन्होंने एक एक्ट्रेस के साथ काम करने से इनकार कर दिया था और इसके पीछे की वजह थी बाप-बेटी का कनेक्शन, जो खून से तो नहीं था मगर दिल से रिश्ता बना था। दरअसल, 'जवान' की सफलता के बाद विजय सेतुपति का एक पुराना इंटरव्यू चर्चा में आया था, जिसमें उन्होंने साउथ की ब्यूटीफुल और पॉपुलर एक्ट्रेस कृति शेट्टी के साथ काम करने से मना कर दिया था। इसके पीछे की वजह उन्होंने बाप-बेटी का रिश्ता बताया था। ये बात उन दिनों की है जब कृति ने अपने करियर की शुरुआत की थी। उनकी पहली फिल्म 'उप्पेना' थी। ये मूवी हिट रही थी।



### कृति को बेटी के जैसे मानते हैं विजय

विजय सेतुपति ने कृति से जुड़ा किस्सा फिल्म 'लाभम' के दौरान याद किया था। उन्होंने बताया था कि एक फिल्म के निर्माता उन्हें और कृति शेट्टी के साथ फिल्म बनाना चाहते थे। लेकिन, विजय सेतुपति अभिनेत्री के साथ जोड़ी बनाने में अहसज थे। क्योंकि, इसके पहले एक्ट्रेस उनकी बेटी का रोल प्ले कर चुकी थीं। उम्र का ज्यादा फासला होने की वजह से विजय सेतुपति ने कृति को रियल लाइफ में भी बेटी की ही तरह माना है। इसलिए उन्होंने उनके साथ ऑनस्क्रीन रोमांस करने से साफ इनकार कर दिया था। इसके बाद फिल्म में श्रुति हासन को कास्ट किया गया था।

### एक साथ चल रही थी दो फिल्मों की शूटिंग

विजय सेतुपति ने खुद 'लाभम' के प्रमोशन के दौरान बताया था कि जब मेकर्स ने उनके अपोजिट कृति को लेने के विचार के बारे में एक्टर को बताया तो उन्होंने साफ इनकार किया और कहा था कि उसी समय 'उप्पेना' की भी शूटिंग चल रही थी और इसमें एक्ट्रेस उनकी बेटी के रोल में थीं तो इस पर उन्होंने जवाब दिया था कि एक फिल्म में वो उनकी बेटी हैं और दूसरी में प्रेमिका बनेंगी।

## सिनेमेटोग्राफर जय ओझा ने

# रणवीर के बारे में किया चौंकाने वाला खुलासा



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की कई फिल्में इस साल रिलीज होने वाली हैं। कई फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके रणवीर सिंह के बारें में उनकी फिल्म गली बॉयके सिनेमोग्राफर ने एक ऐसा खुलासा किया है, जिसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह अपने नए हेयर स्टाइल तो कभी अपने अतरंगी ड्रेस की वजह से लगातार चर्चा में बने रहते हैं। रणवीर जल्द ही पिता बनने वाले हैं और इस बात की खुशी उनका हर एक फैन मना रहा है। रणवीर सिंह ने फिल्म गली बॉय के लिए अपना वजन काफी कम कर लिया था। फिल्म गली बॉय में रणवीर के ट्रांसफॉर्मेशन की जमकर तारीफ हुई थी। फिल्म गली बॉयके दौरान हुई एक बात का खुलासा फिल्म के सिनेमेटोग्राफर जय ओझा ने किया है.

### जय ओझा का खुलासा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म गली बॉय के दौरान रणवीर सिंह और विजय राज के बीच एक सीन को फिल्माने के बारे में रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए सिनेमेटोग्राफर जय ओझा ने कहा, सीन के दौरान एक अच्छे कलाकार को पता होता कि कब रुकना है। (यहां पर ओझा रणवीर सिंह की तारीफ कर रहे हैं) उस दिन रणवीर कुछ ज्यादा ही मूड में आ गए थे। लेकिन आज मुझे इतना गुस्सा आ रहा है, जब मैं वो बल्ब को देखता हूं। मुझे लगता है कि क्या कर रहा था मैं उस समय।

यही तो सिनेमा है। इस सीन के बाद रणवीर ने ओझा से कहा, भाई क्या गजब आइडिया बना दिया 2019 में रिलीज हुई फिल्म गली बॉय में रणवीर सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्होंने मुंबई के एक स्ट्रीट रैपर की भूमिका से सभी का दिल जीत लिया था। इस अनोखे रोल में रणवीर को सभी ने पसंद किया। इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है। इस फिल्म में रणवीर के साथ आलिया भट्ट नजर आई थीं। बता दें कि सिनेमेटोग्राफर जय ओझा को रमन राघव 2.0, गली बॉय, तूफान जैसी तमाम फिल्मों और प्राइम वीडियो सीरीज मेड इन हेवन में उनके काम के लिए जाना जाता है। मीडिया रिपोर्टिस के अनुसार ओझा बॉलीवुड बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की आने वाली सीरीज स्टारडम में भी काम कर रहे हैं।

# नशे की हालत में मारपीट आरोपों पर रवीना ने तोड़ी चुप्पी

## साझा किया पुलिस का आधिकारिक बयान

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन रविवार को तब चर्चा में आ गईं, जब उनके घर के बाहर भीड़ द्वारा उन पर हमला किए जाने का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हुआ। जबकि पहले तीन महिलाओं ने दावा किया था कि अभिनेत्री और उनके ड्राइवर ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की, मुंबई पुलिस ने बाद में स्पष्ट किया कि आरोप झूठे थे और इसमें कोई दुर्घटना या लापरवाही से गाड़ी चलाने की बात नहीं थी।

### रवीना ने साझा किया पुलिस का बयान

अब हाल ही में, रवीना ने अपनी चुप्पी तोड़ी और पुलिस का आधिकारिक बयान साझा किया है। पुलिस ने बयान में कहा कि रवीना पर शराब के नशे में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने और मारपीट करने के आरोपों के विपरीत, अभिनेत्री नशे में नहीं थीं। शिकायतकर्ताओं ने यह भी दावा किया था कि रवीना के ड्राइवर ने उनकी कार एक बुजुर्ग महिला को कुचल दी थी, लेकिन पुलिस ने उस दावे को भी खारिज कर दिया।

### पुलिस ने रवीना का लिया पक्ष

पुलिस ने अपने बयान में कहा, शिकायतकर्ता ने कथित वीडियो में झूठी शिकायत दी है। हमने सोसायटी के पूरे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पाया कि अभिनेत्री का ड्राइवर सड़क से सोसायटी में कार को पीछे कर रहा था, जब यह परिवार उसी लेन को पार कर रहा था। परिवार ने कार रोक दी और ड्राइवर से कहा कि उसे पीछे करने से पहले यह जांच कर लेनी चाहिए कि कार के पीछे कोई और तो नहीं है। इसके बाद उनके बीच बहस शुरू हो गई।

### रवीना के साथ हुआ था दुर्व्यवहार

उन्होंने यह भी कहा कि रवीना हंगामा रोकने के लिए मौके पर पहुंचीं और तभी भीड़ बेकाबू हो गई। जब उन्होंने अपने ड्राइवर को बचाने की कोशिश की तो भीड़ ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया। हालांकि दोनों पक्षों ने पहले खार पुलिस स्टेशन में अपनी लिखित शिकायतें दर्ज कराई थीं, लेकिन बाद में उन्होंने इसे वापस ले लिया और कहा कि वे ये शिकायतें दर्ज नहीं कराना चाहते।



# सलमान संग शादी की जिद्द पर अड़ी गर्ल फैन

## ● फार्म हाउस के बाहर किया जमकर हंगामा ● पुलिस ने किया गिरफ्तार

सुपरस्टार सलमान खान इंडस्ट्री के वो सितारे हैं, जिनका क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोलता है। फैंस हरदम एक्टर से मिलने को बेताब रहते हैं। हाल ही में एक्टर की एक गर्ल फैन ने उन्हें मिलने के लिए सारी हदें पार कर दी। उसने इतना ड्रामा किया कि पुलिस ने लड़का को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, दिल्ली की एक 24 साल की लड़की सलमान खान के फार्म हाउस के बाहर चक्कर लगा रही थी और उनसे शादी करने की मांग कर रही थी। लड़की ने वहां जमकर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने लड़की को गिरफ्तार कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह लड़की खुद को सलमान खान की बहुत बड़ी फैन बता रही है। वह एक्टर को मिलने की मांग को लेकर उनके पनवेल फार्म हाउस के बाहर पहुंच गई। वहीं, भाईजान इस समय इटली में मौजूद थेल लेकिन गांव वालों ने तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित किया और उसका वीडियो भी रिकॉर्ड किया।वीडियो में फैन गर्ल लगातार यही कहती हुई सुनाई दे रही थी कि वो सलमान से शादी करना चाहती है।





# श्वेता तिवारी 46 की उम्र में भी लग रहीं 16 की

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की खूबसूरती पर हर कोई फिदा है। वह आज भी अपनी उम्र से छोटी एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। उनके लेटेस्ट फोटोशूट को देखकर लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं। उसमें वह गर्मी का तापमान और बढ़ा रही हैं। हर कोई उनकी फिटनेस का राज पूछ रहा है। कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा के किरदार से फेमस हुई श्वेता तिवारी ने इंडस्ट्री की सबसे फिट और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में एक हैं। इन्होंने अपने आपको ऐसा मेनटेन किया हुआ है, जिससे इनकी उम्र का पता ही नहीं चलता।

आज भी ये 16 साल की लगती हैं और बेटी पलक तिवारी की बहन लगती हैं। जबकि इनकी उम्र 43 साल है। और दो बच्चों की मां हैं। बावजूद इसके, ये बिलकुल भी वैसी वाइब नहीं देती हैं। अब लेटेस्ट पोस्ट में एक्ट्रेस ने एक बार फिर से बिजली गिराई है और लोग तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।